राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 174
लखनऊ, मंगलवार 24 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नेकपुर बंधौआ में उल्लास पूर्वक मनायी गई संत गाडगे की 150वीं जयंती 10

गर्मियों में न होने पाये पेयजल की किल्लत : स्वतंत्र देव 03


# सिंगापुर में कौशल सहयोग को नई उड़ान

## आईटीई कॉलेज सेंट्रल में एमओयू के साक्षी बने मुख्यमंत्री योगी

**जेवर एयरपोर्ट व उभरते इन्फ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम के लिए तैयार होगा इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सिंगापुर दौरे के पहले दिन आईटीई कॉलेज सेंट्रल में आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को सशक्त बनाने से जुड़े समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर के साक्षी बने। यह पहल उत्तर प्रदेश के तेजी से विस्तारित हो रहे बुनियादी ढांचे और रोजगार तंत्र को वैश्विक मानकों के अनुरूप कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

अपने सिंगापुर दौरे के पहले दिन सोमवार को मुख्यमंत्री योगी ने कॉलेज परिसर और एविएशन हब का निरीक्षण किया तथा उद्योगों के साथ एकीकृत प्रशिक्षण के वैश्विक मॉडल को ध्यान से देखा। उन्होंने प्रशिक्षण सुविधाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं और व्यावहारिक शिक्षा प्रणाली की सराहना की। मुख्यमंत्री ने आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ विस्तृत बैठक कर तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में अनुभव, विशेषज्ञता और प्रशिक्षण मॉडल को साझा करने तथा मिलकर काम करने पर बातचीत की। उन्होंने सिंगापुर की आईटीई संस्था को उत्तर प्रदेश के साथ स्पष्ट और केंद्रित सहयोग के लिए आमंत्रित किया, जिसमें एविएशन, डेटा सेंटर संचालन और मेक्ट्रॉनिक्स (मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक तकनीक का संयोजन) जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रस्तावित सहयोग के तहत ऐसे सुव्यवस्थित तरीके से तैयार और परिणामोन्मुख कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिनसे उद्योगों की जरूरत के अनुसार युवा प्रतिभा विकसित हो सके। यह पहल राज्य के अगले चरण के इन्फ्रास्ट्रक्चर-आधारित विकास को मजबूत आधार देगी। इस रूपरेखा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, आईटीई सिंगापुर जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ मिलकर एविएशन एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ऑपरेशंस), कार्गो संचालन, मेक्ट्रॉनिक्स और एयरसाइड लॉजिस्टिक्स में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थापित कर सकता है। इससे जेवर एयरपोर्ट और व्यापक एविएशन इकोसिस्टम के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार इन एमओयू को शीघ्र अमल में लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाएगी, ताकि प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

### 19 हजार 877 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सिंगापुर दौरे के पहले दिन उत्तर प्रदेश को निवेश और कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई है। कई बैठकों और निवेशकों के साथ संवाद के बीच कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और कंपनियों ने राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पहले दिन कुल 19 हजार 877 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए अहम माने जा रहे हैं। वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सभी निवेशकों के आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतिगत ढांचा, त्वरित स्वीकृतियां और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यूपी में आठ हजार करोड़ के निवेश कर 100 मेगावाट का डेटा सेंटर स्थापित करेगी जीएससी ग्रीन्स

सीएम योगी ने अपने सिंगापुर दौरे के पहले दिन सोमवार को ही कई सफलताएं दर्ज की हैं। मुख्यमंत्री के साथ बैठक में सिंगापुर की वैश्विक निवेश कंपनी गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी) ग्रीन्स के निदेशक सुमित नंदा ने उत्तर प्रदेश में 100 मेगावाट के डेटा सेंटर की स्थापना के लिए आठ हजार करोड़ का निवेश करने की घोषणा की। बैठक में प्रदेश में हरित और सतत निवेश (ग्रीन एंड सस्टेनेबल इन्वेस्टमेंट्स) की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई और स्वच्छ ऊर्जा आधारित परियोजनाओं में सहयोग के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श हुआ।

## एचएएल का दावा- तेजस एयरक्राफ्ट क्रैश नहीं हुआ, मामूली खराबी थी

एजेंसी, नई दिल्ली।



रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायु सेना के एक स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के इस महीने के शुरू में दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा है कि इस विमान को तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था और उसे किसी भी तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना नहीं है। वायु सेना के लिए तेजस बनाने वाले उपक्रम एचएएल ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा तेजस विमानों की उडान रोके जाने की मीडिया में आई रिपोर्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण दिया। एच ए एल ने कहा कि एलसीए तेजस के किसी भी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की कोई सूचना नहीं है। सार्वजनिक उपक्रम ने कहा कि जिस घटना का मीडिया में हवाला दिया जा रहा है वह ज़मीन पर हुई एक मामूली तकनीकी समस्या थी। सार्वजनिक उपक्रम ने कहा है कि तेजस का समकालीन लड़ाकू विमानों में विश्व में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड है और वह इसे बनाये हुए है। एचएएल ने कहा है कि मानक संचालन प्रक्रिया के तहत इस मुद्दे का गहन विश्लेषण किया जा रहा है और एचएएल त्वरित समाधान के लिए वायु सेना के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ताजा घटना इस महीने के शुरू में वायु सेना के एक प्रमुख एयर बेस पर उस समय हुई जब यह विमान नियमित प्रशिक्षण उडान के बाद रनवे पर उतर रहा था। दुर्घटना में पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से बच निकलने में सफल रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह तेजस की तीसरी बड़ी दुर्घटना है पहला तेजस जैसलमेर में एक फायरपावर में हिस्सा लेने के बाद लौटते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लाल किला, सचिवालय समेत दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी जांच में निकलीं फर्जी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय, दिल्ली विधानसभा, लाल किला और राष्ट्रीय राजधानी के दो स्कूलों सहित कई संस्थानों को सोमवार को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिसे बाद में फर्जी घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, दिल्ली सचिवालय और दो स्कूलों-धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड स्थित एयर फोर्स बाल भारती स्कूल-को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली थी। एहतियात के तौर पर परिसर खाली करा दिए गया। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध न मिलने के कारण इस बम धमकी को फर्जी घोषित कर दिया गया है।

### मिट्टी खनन के दौरान टीला ढहने से मलबे में दबकर 3 महिलाओं की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के म्योरपुर क्षेत्र में सोमवार की सुबह खुदाई के दौरान मिट्टी का विशाल टीला ढह जाने से उसमें दबकर तीन महिलाओं की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गईं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि म्योरपुर थाना क्षेत्र में छह महिलाएं किरवानी गांव के जंगल में कच्चे घरों की लिपाई, पोताई में काम आने वाली मिट्टी लेने के लिए गई थीं। उन्होंने बताया कि महिलाएं मिट्टी के एक टीले के पास खुदाई कर रही थीं तभी अचानक टीला ढह गया और महिलाएं मिट्टी में दब गईं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पांच महिलाओं को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उनमें से तीन को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सदीकुन्निशा (30), अनीसा खातून (20) और सीता कुंवर (28) के रूप में हुई है। वर्मा ने बताया कि पुलिस ने इस सिलसिले में आवश्यक कार्यवाही की है।

### विदेशी नोटों से बंधे पाकिस्तानी गुब्बारे बरामद

**जम्मू।** जम्मू के पास अखनूर सेक्टर के एक अग्रिम गांव से सोमवार को दो गुब्बारे बरामद किए गए। एक गुब्बारे पर एक पाकिस्तानी 5,000 रुपये का नोट और एक अमेरिकी डॉलर बंधा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि हवाई जहाज के आकार के सफेद और लाल गुब्बारे खुर सीमा क्षेत्र के गुनारा गांव में एक पेड़ पर चिपके हुए मिले। इन गुब्बारों पर एक पाकिस्तानी मोबाइल नंबर और एक क्यूआर कोड भी अंकित था, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि ये पाकिस्तान की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा के इस तरफ हवा के साथ बहकर आए थे। सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान से आने वाले गुब्बारों का आना एक आम बात है, लेकिन यह पहली बार है कि इन पर विदेशी नोट बंधे हुए पाए गए हैं।

# सेना ने किश्तवाड़ में तीन आतंकवादियों को किया ढेर

**जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क पर कड़ा प्रहार**

एजेंसी, जम्मू।



सेना ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों को मारकर क्षेत्र में श्आतंकी नेटवर्क पर कड़ा प्रहार किया गया और यह बेहद चुनौतीपूर्ण भूभाग में 326 दिन तक चलाए गए सतत संयुक्त अभियान का परिणाम है। रविवार को किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तानी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन सदस्य मारे गए जिनमें संगठन का स्वघोषित कमांडर भी शामिल था।

सेना ने बताया कि सैनिकों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में आतंकवादियों का पीछा किया। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर पोस्ट में कहा, नागरिक और सैन्य खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर व्हाइट नाइट कोर, पुलिस और सीआरपीएफ ने पिछले लगभग एक वर्ष में अलग-अलग अभियानों के दौरान किश्तवाड़ के छात्रू क्षेत्र में सात आतंकवादियों को मार गिराया है। कोर ने इसे क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क पर कड़ा प्रहार बताया। इसने कहा, किश्तवाड़ क्षेत्र में 326 दिन तक लगातार और बेहद चुनौतीपूर्ण भूभाग में संयुक्त अभियान चलाया गया, जिनमें जवानों ने कड़ाके की ठंड, बारिश और जमा देने वाले सर्द मौसम के बीच दुर्गम इलाकों में आतंकवादियों का पीछा किया।

कई बार मुठभेड़ हुई। कोर ने कहा, अभियानों में उपग्रह तस्वीरें, सुदूर संचालित विमान प्रणाली और अलग-अलग तरीके के ड्रोन जैसी तकनीकों का लगातार उपयोग किया गया। सुरक्षा एजेंसियों के प्रारंभिक आकलन के अनुसार रविवार को मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक जैश का स्वघोषित कमांडर सैफुल्लाह था और कथित तौर पर करीब पांच वर्ष पहले जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ कर आया था। माना जाता है कि उसने जुलाई 2024 में किए गए हमले सहित सुरक्षाबलों पर कई घातक हमलों की साजिश रची थी। जुलाई 2024 के हमले में चार जवान मारे गए थे।

सेना ने कहा कि सैफुल्लाह और उसके साथियों के खात्मे तक पहुंची यह कार्रवाई बलों और खुफिया एजेंसियों के दृढ़ संकल्प, साहस और शौर्य का प्रमाण है। इससे पहले चार फरवरी को किश्तवाड़ के बर्फ से ढके छात्रू इलाके में एक आतंकवादी मारा गया था। पिछले वर्ष 11,12 अप्रैल के बीच एक अन्य अभियान में जिले के पहाड़ी वन क्षेत्र में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर कर दिए गए थे। अधिकारियों के अनुसार 2025 के दौरान भी कई मुठभेड़ हुई और इस दौरान कुछ आतंकवादी भाग गए थे।

## प्रश्नोत्तर सत्र : अग्निवीर योजना में सुधार पर विचार होना चाहिए : डॉ. भागवत

एजेंसी, देहरादून।



संघ शताब्दी हिमालयन कल्चरल सेंटर के प्रेक्षागृह में पूर्व सैनिकों और पूर्व सेना अधिकारियों के साथ विशेष संवाद गोष्ठी के प्रश्नोत्तर सत्र में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने पूर्व सैनिकों ने कई राष्ट्रीय व राज्य स्तर के प्रश्नों के उत्तर दिए।

राष्ट्रीय सुरक्षा, अग्निवीर योजना और क्षेत्रीय चुनौतियां से संबंधित एक सवाल के उत्तर में उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट नेतृत्व की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि अग्निवीर का पहला बैच निकलने वाला है और अग्निवीर योजना एक प्रयोग के रूप में लिया गया है। अनुभव के आधार पर इसमें सुधार की गुंजाइश पर विचार होना चाहिए। क्षेत्रीय रणनीतिक मुद्दों पर उन्होंने नेपाल, बांग्लादेश और कश्मीर का उल्लेख करते हुए कहा कि संपूर्ण कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग है और इसके साथ भारत के कई पड़ोसी देश पहले भारत के हिस्सा थे, उनमें भी भारत के प्रति भाव है और उन्हें भी भारत के साथ रहना ही चाहिए। बड़े देश उन्हें निगल सकते हैं, उन्हें यह भी ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए भारत का साथ उन्हें भी चाहिए। सामाजिक समरसता, संवाद और सोशल मीडिया पर वैचारिक कटुता के सवाल पर डॉ. भागवत ने कहा कि कटुता के बजाय शास्त्रार्थ और संवाद की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए मंदिर, पानी और श्मशान जैसे सार्वजनिक संसाधन सभी हिंदुओं के लिए खुले होने चाहिए।

## एपस्टीन फाइल में पीएम नरेन्द्र मोदी, उनके मित्रों व केंद्रीय मंत्रियों का नाम आना बेहद गंभीर बात : राहुल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि एपस्टीन फाइल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके मित्रों और केंद्रीय मंत्रियों का नाम आना बेहद गंभीर बात है और यह देश की छवि से जुड़ा बड़ा प्रश्न है। श्री गांधी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि एपस्टीन जैसे घिनौने अपराधी के साथ नाम जुड़ना अपने आप में शर्म की बात है और सरकार को देश की जनता के समक्ष इसका जवाब देना चाहिए।

उन्होंने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को लेकर भी सरकार को घेरा और आरोप लगाया कि इस समझौते में देश के हितों से समझौता किया गया। सरकार ने देश का डेटा सौंप दिया, किसानों को नुकसान पहुंचाया और कपड़ा उद्योग को बर्बाद कर दिया है।

कांग्रेस नेता ने देश के दो बड़े उद्योगपतियों का नाम लेते हुए दावा किया कि अमेरिका में चल रहे केस ने सरकार की नींद उड़ा रखी है क्योंकि यह मामला भाजपा की वित्तीय संरचना से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 14 महीनों से इस पर कोई कार्रवाई नहीं होना अपने आप में सवाल खड़े करता है।

श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस देशहित के मुद्दों पर पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि मैं और कांग्रेस पार्टी के बब्बर शेर देश की रक्षा करते रहेंगे, एक इंच पीछे नहीं हटेंगे।

## नेपाल में बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की मौत, 25 घायल

एजेंसी, काठमांडू।



काठमांडू नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक यात्री बस के त्रिशूली नदी में गिरने से बड़ा हादसा हो गया। नेपाली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, हालांकि उनकी पहचान और राष्ट्रीयता की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। यह दुर्घटना देर रात करीब 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग क्षेत्र में हुई। बस पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन हाईवे से फिसलकर सीधे नदी में जा गिरा। आर्म्ड पुलिस फोर्स के अनुसार, बचाव अभियान के दौरान प्रारंभ में 17 शव बरामद किए गए थे। बाद में एक अन्य घायल यात्री की अस्पताल में मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई।

### इस सप्ताह भारत आयेंगे कनाड़ाई प्रधानमंत्री कार्नी मोदी के साथ करेंगे वार्ता



एजेंसी, नई दिल्ली। कनाड़ा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस सप्ताह भारत यात्रा पर आयेंगे और पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के जरिये संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। कनाड़ा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया कि श्री कार्नी 26 फरवरी से सात मार्च तक भारत, आस्ट्रेलिया और जापान की यात्रा पर जायेंगे इस दौरान वह सबसे पहले भारत आयेंगे। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कनाडा के तीन प्रमुख साझेदार देशों की श्री कार्नी की यात्राओं के माध्यम से क्षेत्रीय संबंध और मजबूत होंगे जो कनाड़ा की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## अविमुक्तेश्वरानंद बोले, मैं भाग नहीं रहा, सामना करूंगा

वाराणसी, समृद्धि न्यूज।



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की एफआईआर होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

प्रयागराज पुलिस की एक टीम ने हरदोई में पीड़ित के परिवार का बयान लिया है। दूसरी टीम सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची है। जरूरत पड़ने पर अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार भी कर सकती है। इधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ बैठक की। माना जा रहा, गिरफ्तारी से बचने के लिए वह हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। बैठक के बाद शंकराचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैं कहीं भाग नहीं रहा। पुलिस का सामना करूंगा। जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप लगा है, वे मेरे गुरुकुल के नहीं हैं। जनता को यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं। जहां भाजपा सरकार नहीं, उस राज्य की पुलिस से जांच कराई जाए।

### एआई समिट विरोध मामला, दिल्ली पुलिस ने जांच का बढ़ाया दायरा

**यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब को नोटिस**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन की जांच अब नए चरण में पहुंच गई है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। उन्हें नयी दिल्ली स्थित तिलक मार्ग थाने में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चिब से विरोध प्रदर्शन की योजना, इसमें शामिल व्यक्तियों और संबंधित संगठनों की भूमिका के संबंध में पूछताछ की जाएगी। जांच उपलब्ध साक्ष्यों और अब तक जुटाए गए तथ्यों के आधार पर आगे बढ़ रही है।

## मतदाता सूची से 91 विस्थापित निवासियों के नाम हटाने की जांच करें लखनऊ जिला निर्वाचन अधिकारी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली।



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लखनऊ जिला निर्वाचन अधिकारी को अकबर नगर के उन 91 निवासियों की शिकायतों की जांच करने और उपचारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिनके नाम कथित तौर पर सितंबर 2023 में उनके मकानों को ध्वस्त किए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची से हटा दिए गए थे।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने शुरू में यह विचार व्यक्त किया था कि याचिकाकर्ताओं के निवास स्थान से संबंधित विवादित तथ्यों से जुड़े मामले पर यहां रिट याचिका के माध्यम से विचार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, पीठ ने सना परवीन और 90 अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका पर गौर किया और लखनऊ के जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायतों की जांच करने तथा उपचारात्मक उपाय करने का निर्देश दिया। इसने याचिकाकर्ताओं को यह छूट भी दी कि यदि उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी से राहत नहीं मिलती है तो वे इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से संपर्क कर सकते हैं। याचिकाकर्ताओं ने यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि वे अपने गणना प्रपत्र बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को जमा करें ताकि सितंबर 2023 के ध्वस्तीकरण अभियान के बाद स्थायी पते के अभाव के बावजूद उनके मतदान के अधिकार को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे अकबर नगर के पुराने निवासी हैं जिनके नाम 2002 से ही मतदाता सूचियों में दर्ज हैं और बाद की सूचियों में युवा निवासियों के नाम भी शामिल हैं। हालांकि, क्षेत्र में अवैध निर्माण गिराए जाने के बाद उन्होंने खुद को उत्तर प्रदेश की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से बाहर पाया। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि उन्हें सूची से बाहर करने का मुख्य कारण यह है कि सरकार द्वारा की गई ध्वस्तीकरण कार्रवाई और उसके बाद की पुनर्वास प्रक्रिया की वजह से वर्तमान में उनके पास पहचान योग्य पते उपलब्ध नहीं हैं।

### बॉम्बे हाईकोर्ट से अनिल अंबानी को बड़ा झटका अंतरिम राहत रद्द



**एजेंसी, मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी की कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को एक अहम फैसले में वह अंतरिम राहत रद्द कर दी, जिसने तीन बैंकों और एक ऑडिट फर्म को उनके खिलाफ 'फ्रॉड' की कार्रवाई करने से रोका हुआ था। अदालत के इस फैसले के बाद बैंकों के लिए खातों को धोखाधड़ी की श्रेणी में डालने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। खंडपीठ ने दिसंबर 2025 में सिंगल बेंच द्वारा दिए गए आदेश को कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण बताया। अदालत ने साफ कहा कि यदि कोई आदेश प्रथम दृष्टया गलत पाया गया है, तो उसे कुछ और समय तक जारी रखना उचित नहीं होगा। अंबानी की ओर से फैसले पर चार हफ्ते की रोक लगाने की मांग भी अदालत ने खारिज कर दी।

## भारत ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह

एजेंसी, नई दिल्ली।

23 फरवरी (वार्ता) भारत ने ईरान में निरंतर बदल रही स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों (छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यवसायियों और पर्यटकों) को वाणिज्यिक उड़ानों सहित सभी उपलब्ध परिवहन साधनों के माध्यम से ईरान छोड़ने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर कहा है कि इस वर्ष पांच जनवरी को जारी परामर्श के क्रम तथा ईरान में विकसित हो रही स्थिति को देखते हुए ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों (छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यवसायियों और पर्यटकों) को उपलब्ध परिवहन साधनों, जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं, के माध्यम से ईरान छोड़ने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने 14 जनवरी को जारी परामर्श को दोहराते हुए कहा है कि सभी भारतीय नागरिक और भारतीय मूल के व्यक्ति आवश्यक सावधानी बरतें, विरोध प्रदर्शनों या धरनों वाले क्षेत्रों से दूर रहें, ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें तथा किसी भी नए घटनाक्रम के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर बनाए रखें।

परामर्श में कहा गया है कि ईरान में सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने यात्रा और आव्रजन दस्तावेज, जिनमें पासपोर्ट और पहचान पत्र शामिल हैं, अपने पास सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध रखें। इस संबंध में किसी भी सहायता के लिए वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें। परामर्श में ईरान में भारतीय दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर साझा किये गये हैं जो 989128109115, 989128109109, 989128109102; 989932179359 हैं। इसके अलावा दूतावास से cons.tehran@mea.gov.in ईमेल पर भी संपर्क किया जा सकता है। परामर्श में कहा गया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक, जिन्होंने अभी तक भारतीय दूतावास में पंजीकरण नहीं कराया है से अनुरोध है कि वे (https:// www. meaers. com /request/ home) लिंक पर पंजीकरण करें। यह लिंक दूतावास की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। यदि ईरान में इंटरनेट व्यवधान के कारण कोई भारतीय नागरिक स्वयं पंजीकरण करने में असमर्थ है, तो उनके परिजन भारत में यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान और अमेरिका के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि दोनों के बीच यह तनाव कभी भी टकराव में बदल सकता है।

# धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी आयोजित होने वाले होली एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य सोमवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई।

बैठक जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारीगण व सभी थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिकगण मौजूद रहे।




- होली व अन्य त्योहारों को लेकर डीएम-एसपी ने की सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक
- त्योहारों के दृष्टिगत सोशल मीडिया व फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी होली एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सकें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, सभी धर्मों के धर्मगुरु सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोंडा मोतीगंज थाना क्षेत्र की नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मोतीगंज के घरवासजोत गांव में 20 वर्षीय निर्जला देवी ने फांसी लगाकर जान दे दी।

मृतका चार माह की गर्भवती थी। परिजनों के अनुसार मृतका का पति डेविड मॉरीशस में रहता है और वहीं से फोन पर लगातार मृतका को कॉल कर प्रताड़ित करता था और बुलेट गाड़ी के लिए दबाव बनाता था जिससे त्रस्त होकर निर्जला देवी ने आज फांसी लगाकर जान दे दिया।

# पुलिस ने तीन हत्याभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

दिनांक 22.02.2026 को थाना कर्नलगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत सुदईपुरवा दत्तनगर में दो पक्षों में जो आपस में सगे भाई पट्टीदार है के बीच जमीन के कब्जेदारी को लेकर विवाद व मारपीट हो गयी है। घटना में 03 लोग सुभाष चन्द्र मिश्रा, विश्वास चन्द्र मिश्रा व आकाश मिश्रा घायल हो गए जिन्हे पुलिस द्वारा उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान सुभाष चन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 पारस नाथ मिश्रा की मृत्यु हो गयी। प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कर्नलगंज में मृतक के सगे भाई अरूण मिश्रा पुत्र स्व0 पारसनाथ मिश्रा समेत 04 नामजद व अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर तत्काल आरोपी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्र0नि0 को0 कर्नलगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसमें थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 03 नामजद अभियुक्तों- 01. हरिशरण मिश्रा पुत्र रामगुलाम मिश्रा, 02. रामकेवल मिश्रा पुत्र स्व0 राजेश्वरी मिश्रा, 03. संतोष कुमार मिश्रा पुत्र गंगाशरण मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है यदि करनैलगंज कोतवाली की पुलिस ने समय से संज्ञान लिया होता तो शायद अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्र की जान बच जाती ऐसे में ऐसे दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवई की आवश्यकता है।




## खबरें एक नजर में

### कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य की फेंसिंग बनी हादसों का खुला खतरा



**मिहींपुरवा, बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट प्रधानमंत्री राहत आपदा मद से गांवों की सुरक्षा के लिए लगाई गई तार फेंसिंग अब खुद ही जानलेवा जाल साबित हो रही है। हैरानी की बात यह है कि निर्माण को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ और कई जगहों पर जालियां टूटकर सड़क पर बिखरी पड़ी हैं। यह स्थिति सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। कतर्नियाघाट रेंज के सदर बीट में कैलाशपुरी–गिरजापुरी मार्ग पर सड़क किनारे लगाई गई फेंसिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही है। लोहे के एंगल और तार की जालियां सिंचाई विभाग की सड़क पर फैल गई हैं। यह मार्ग अंतर्जनपदीय सीमा से जुड़ा होने के कारण यहां दिन–रात वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सड़क पर फैला लोहे का मलबा किसी भी वक्त बड़े हादसे को जन्म दे सकता है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग अनजान बना हुआ है। सवाल यह है कि आखिर इतनी जल्दी फेंसिंग क्यों टूटी? क्या निर्माण में मानकों से समझौता किया गया? क्या राहत मद की धनराशि का उपयोग सही तरीके से हुआ? वन विभाग संरक्षण और सुरक्षा के दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। यदि समय रहते टूटी जालियां नहीं हटाई गईं और मरम्मत नहीं कराई गई, तो संभावित दुर्घटना की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी तय होना तय है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी प्राथमिकता देता है—क्या तत्काल जांच और कार्रवाई होगी, या फिर यह भी कागजी दावों तक सीमित रह जाएगा।

### डीएम कार्यालय में खुद को व्यक्ति ने लगाई आग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** यूजीसी कानून के विरोध में एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया। अखंड भारत स्वदेशी अभियान के अध्यक्ष ने अपने कपड़ों में आग लगा ली, जिसे पास खड़े लोगों ने बुझाया। इस घटना के बाद जिलाधिकारी कार्यालय में अफरा–तफरी मच गई। अखंड भारत स्वदेशी अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर दौहरा ने हाल ही में जनपद के विभिन्न इलाकों में यूजीसी कानून के विरोध में पोस्टर लगाए थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए आत्मदाह की चेतावनी भी दी थी। सोमवार दोपहर को कुंवर दौहरा अचानक जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपने कपड़ों में आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाई। घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। दौहरा ने कहा कि यूजीसी कानून सवर्ण समाज के लिए काला कानून है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

### फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर विवाद, यादव समाज ने प्रदर्शन कर रोक की मांग की



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** वेब सीरीज घूसखोर पंडित के बाद अब फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में यदुवंशी समाज के सदस्यों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर फिल्म को समाज विरोधी बताया और प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। यह प्रदर्शन यदुवंशी संगठन के जिलाध्यक्ष शिवा यादव के नेतृत्व में किया गया। यादव समाज के लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और आगामी सप्ताह में रिलीज होने वाली फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को समाज की छवि खराब करने वाला बताया। उन्होंने फिल्म के बहिष्कार की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवा यादव ने कहा कि फिल्म निर्माताओं ने समाज की छवि धूमिल करने का काम किया है। उन्होंने फिल्म निर्माताओं की गिरफ्तारी की मांग की और चेतावनी दी कि यदि फिल्म रिलीज हुई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

### आगामी त्योहारों पर जनपद में भाईचारे की मिसाल को कायम रखें : अक्षय त्रिपाठी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आसन्न होली, रमज़ान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को शान्ति पूर्ण माहौल में मनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला शान्ति समिति की बैठक अत्यन्त सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला प्रशासन के साथ साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों द्वारा आशा व्यक्त की गई कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में होली रमज़ान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को मिसाली भाई–चारे के साथ मनाया जायेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि जनपद के भाईचारगी की मिसाल को कायम रखें। उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि गंगा–जुमनी तहज़ीब के लिए जनपद अपनी मिसाल स्वयं है इसके लिए सभी सम्मानित नागरिक बधाई के पात्र हैं। डीएम ने सभी से अपील की कि होली, रमज़ान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में हंसी खुशी के साथ मनायें। उन्होंने कहा कि त्योहार मनाते समय इस बात का भी ख्याल रखा जाय कि बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर शान्ति व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। सभी एसडीएम व सीओ को अपने–अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता बरतने, शान्ति समिति की बैठकें आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक स्थानों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की जा रही है। उन्होंने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि तहसील व थाना स्तर पर सम्पन्न होने वाली शान्ति समिति की बैठकों में जो भी बातें संज्ञान में आयी हैं उसका अनुपालन करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि होली, रमज़ान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों के अवसर पर समुचित साफ–सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल इत्यादि के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के ज़रीये शहर पर नज़र रखी जायेगी। डीएम ने बुज़ुर्गो से अपील की कि बच्चों और युवाओं की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन को उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आसन्न त्योहार भी हम सभी लोग पूर्व में बीते त्यौहारों की भांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनायेंगे। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि जिले में त्यौहारों के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नज़र रखी जा रही है। अराजकता फैलाने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था से खिलवाड करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# वि.खं. पड़री कृपाल के अनेक ग्रामों में हो रहा मनरेगा में भ्रष्टाचार

- कंधरा तेजी, धनोहरी, मिश्रौलिया कानूनगो, मुंडे रवां कला, परसा सोहसा, तुर्काडीह ताड़ी परसोहियां व पिलरवावा में फर्जी मास्टररोल...

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिले का पंडरी कृपाल विकास खंड इन दिनों मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में है।यहां खंड वि कास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की मेहरबानी के चलते केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को फर्जी मस्टर रोल के जरिए लूटने का गोरखधंधा बंद नहीं हो रहा है।ऐसे में न सिर्फ योगी सरकार की मंशा पर पा नी फिर रहा है,बल्कि सरकारी धन का भी वारा न्यारा किया जा रहा है। जिले के पड़री कृपाल विकास खंड की कंधरा तेजी में गाटा संख्या दो सौ 92 हगनी तालाब सुंदरीकरण दूसरा कार्य पिलखाई गांव में गाटा संख्या 99 ईएसए चंडी तालाब सुंदरीकरण के लिए 85 श्रमिक दिखाए गए, लेकिन जो फोटो अपलोड की गई है, उसमें बड़ा खेल हुआ है।

> मनरेगा में पारदर्शिता का हरसंभव प्रयास किया जाता है। इस संबंध में सख्त हिदायत भी दी जाती रहती है और समय-समय पर कार्यों की निगरानी भी कराई जाती है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> जनार्दन यादव, डीसी मनरेगा।

इसी तरह ग्राम पंचायत पिल खावा में दो कार्यों के लिए 79 श्रमिकों का फर्जी मस्टर रोल चल रहा है। मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है, उसमें सभी एक जैसी दिखाई दे रही हैं। ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खेल ब्लॉक पड़री कृपाल में बेखौफ जारी है।

पड़री कृपाल विकास खंड की ग्राम पंचायतों में जिस तरह से मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है, वह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है, ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, बल्कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया जाता है।

दरअसल सूत्र बताते है कि पड़री कृपाल ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी की छत्रछाया में मनरेगा यो जना में भ्रष्टाचार फल फूल रहा है। शिकायत हो ने या मीडिया में खबरें छपने के बाद बीडीओ की सख्ती दिखाई देती है, लेकिन सिर्फ हवा-ह वाई। वास्तविकता तो यह है कि इसके बाद ग्राम प्रधानों की क्लास ली जाती है और फिर धमका कर भ्रष्टाचार में भी भ्रष्टाचार का खेल खेला जा ता है।सूत्र बता रहे हैं कि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनि धि का एक खास एक सफाई कर्मचारी ब्लॉक के ऑफिस में बाबू बनकर मनरेगा योजना में सारा खेल कर रहा है और जो ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का खास बताया जा रहा है। पड़री ब्लॉक की ग्राम पंचायत तुर्काडीहा में 70,ताड़ी परसोहियां में 60, मुंडेरवा कला में 77, परसा सोहसा में 78, धनोहरी में 61 और मिश्रौलिया कानूनगो 68 श्रमिकों का फर्जी मस्टर रोल चल रहा है। इन ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की संख्या घटती-बढ़ती रहती है, जिससे मनरेगा योजना में चल रही लूट पर किसी को शक न हो।बीडीओ से लेकर एपीओ तथा अन्य जिम्मेदार अधिका रियों व कर्मचारियों की संलिप्तता के कारण ही मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर चल रहे भ्रष्टा चार के खेल पर न तो रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है और न ही जांच कराकर दो षियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# जमीनी विवाद में युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज

- पुलिस को मौके से धारदार हथियार बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया ग्राम पंचायत के महतोपुरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर युवक पर हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महतोपुरवा निवासी राकेश कुमार पुत्र राम अचल ने बताया कि गाटा संख्या 2570 की भूमि पर बीते 13 वर्षों से उनका कब्जा है और उसी जमीन को लेकर विपक्षियों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे लायक राम, प्रमोद, राम आधार सहित अन्य लोग एक राय होकर ई-रिक्शा से पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। राकेश के अनुसार जब उसके भाई पप्पू ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर घायल को बचाया। हमले में पप्पू के सिर में चोट आई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक धारदार हथियार बरामद कर कब्जे में ले लिया। परिजन घायल अवस्था में पप्पू को ले कर थाने लाए, जहां से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मिहींपुरवा में 'गोशाला कांड' : 81 लाख डूबे, 11 गोशालाओं में चारा गायब, जिम्मेदार कौन?

- सीडीओ बोले- जांच कराई जा रही है, होगी कार्रवाई

**मिहींपुरवा-बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड मिहींपुरवा में गौशालाओं की हालत ने प्रशासनिक दावों को चकनाचूर कर दिया है। तीन महीने का 81 लाख 27 हजार रुपये निरस्त होने के बाद भी 11 गौशालाओं में न चारा है, न भूसा।

यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि एक संभावित बड़े खेल की बू दे रहा है।लगातार खुलासे कर रहा स्थानीय दैनिक समृद्धि न्यूज़ पहले ही गौशालाओं की जमीनी हकीकत सामने ला चुका है। आरोप है कि सच्चाई दबाने के लिए कागजी रिपोर्टों का



सहारा लिया गया। सवाल उठता है– क्या कागजों में गायें पेट भर रही हैं और जमीन पर भूखी मर रही हैं? निरीक्षण के दौरान जब सीडीओ मुकेश चन्द्र से सीधा सवाल पूछा गया तो जवाब मिला– जांच कराई जा रही है, कार्रवाई होगी। लेकिन जनता पूछ रही है–कब होगी? किस पर होगी? और तब तक भूखी गायों का जिम्मेदार कौन? अगर नीयत साफ होती तो मौके पर औचक निरीक्षण होता, तत्काल निलंबन होता, जवाबदेही तय होती। लेकिन वही पुराना रटा-रटाया बयान– जांच जारी है। क्या यह जांच सिर्फ समय काटने का हथियार है? जमीनी सच्चाई यह है कि गौशालाओं से ज्यादा गायें सड़कों और किसानों के खेतों में भटक रही हैं। जब आश्रय स्थल में चारा ही नहीं, तो गौमाता आखिर जाएंगी कहां? क्या सरकारी धन सिर्फ फाइलों में ही खर्च हो गया? क्षेत्र में अब खुलकर चर्चा है कि यह महज प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला हो सकता है। जनता जवाब चाहती है, हिसाब चाहती है–और इस बार जांच का जुमला नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह मुद्दा और भड़क सकता है। मिहींपुरवा की जनता अब चुप बैठने वाली नहीं है।

# मिहींपुरवा में सामूहिक विवाह योजना पर 'वसूली सिंडिकेट' का आरोप

- गरीब बेटी की शादी पर 6-8 हजार की कथित मांग

**मिहींपुरवा-बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले के विकासखंड मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत गोपिया से सामने आया मामला सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। जिस सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना है, उसी में कथित तौर पर 6 से 8 हजार रुपये तक की मांग का आरोप लगा है।

गोपिया के मजरा लोधपुरवा निवासी पट्टेराम की पुत्री सुखराना का सामूहिक विवाह के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। स्थानीय स्तर पर निवास प्रमाणन हुआ, प्रधान द्वारा लिखित अनुशंसा दी गई, और विवाह



राजेश कुमार निवासी कल्लूगौढ़ी से तय है। लेकिन परिजनों का आरोप है कि पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान ग्राम पंचायत सचिव दयानंद और ऑनलाइन कार्य से जुड़े बाबू आशीष कुमार द्वारा कथित रूप से धनराशि की मांग की गई। परिवार का कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे यह रकम देने में असमर्थ थे। इसके बाद उन्हें सूचित किया गया कि वे निर्धारित तिथि पर होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे। यदि यह आरोप सही हैं, तो यह न केवल योजना की भावना के विपरीत है, बल्कि गरीब परिवारों के अधिकारों पर भी गंभीर आघात है। सवाल उठता है–क्या सरकारी योजना में शामिल होने के लिए भी अब 'अनौपचारिक भुगतान' जरूरी हो गया है? क्या जमीनी स्तर पर निगरानी व्यवस्था पूरी तरह विफल है?

यह मामला निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करता है। यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। अब निगाहें प्रशासन पर हैं– क्या इस प्रकरण में त्वरित जांच और ठोस कार्रवाई होगी, या फिर मामला औपचारिक बयानों तक सीमित रह जाएगा?

## जिलाधिकारी ने किया एम.पी.पी. इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा परीक्षा केंद्र एम.पी.पी. इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की निगरानी व्यवस्था एवं अभिलेखों की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर पुस्तिका संकलन कक्ष का भी अवलोकन किया और उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव एवं समयबद्ध संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित क्योंकि सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप रहें, परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए।

# स्कूल रेडिनस के बारे में प्रशिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

- प्रत्येक न्यायपंचायत से एक - एक शिक्षक को बनाया गया नोडल : आशीष कुमार सिंह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में स्कूल रेडिनस फेस- 1 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डाइट आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय को - लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र /बाल वाटिका में स्कूल रेडनेस फेज - 1 के संचालन में एक दिवसीय नोडल संकुल शिक्षक एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को आशीष कुमार प्रवक्ता डायट, एसआरजी सुधीर कुमार मल्होत्रा, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा ने जनपद स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) प्रदीप वर्मा तथा गोविंद किशोर प्रवक्ता डाइट ने किया।

डायट प्राचार्य व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बाल वाटिका स्कूल रेडिनस क्या है इसके नियम तथा दैनिक साप्ताहिक एवं वार्षिक शिक्षण कार्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया।

इस प्रशिक्षण में जनपद के प्रत्येक न्यायपंचायत से एक - एक शिक्षक को नोडल बनाया गया है। जिनके साथ में सुपरवाइजर को भी प्रशिक्षित किया गया। सभी प्रशिक्षित नोडल अपने न्याय पंचायत के शिक्षक तथा कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षित करेंगे। स्कूल रेडिनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साकेत भूषण तिवारी, अरुण अवस्थी, अभिषेक दीक्षित,राम मूर्ति शुक्ला, प्रभात सिंह, राकेश यादव,अतुल मिश्रा, सुपरवाइजर सपना मौर्या, लता मिश्रा आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## जिगनी खास से छेदी पुरव्वा-जिगना को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** रेहराबाजार विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जिगनी में सड़कों की हालत बद से बदतर हो गई है। जिगनी खास से छेदी पुरव्वा–जिगना को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह–जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हो सकती है। नंदकिशोर, राधेश्याम, विजय, दिलीप, कुलदीप और प्रदीप सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी जताई। समस्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जनहित में शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि

# गांव में ही मिलेगी डिजिटल पहचान की सुविधा

- पंचायत सचिवालय में बनेंगे आधार सेवा के नए केंद्र

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्रामीणों को बेहतर और सुलभ डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जनपद बलरामपुर में एक सकारात्मक पहल शुरू हुई है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर आधार सेवाओं को विस्तार देने का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में 07 पंचायत सहायकों को आधार सेवा केंद्र संचालन हेतु आवश्यक मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे अब ग्रामीणों को अपने ही गाँव में आधार संबंधी सुविधाएं मिल सकेंगी।

इस पहल का उद्देश्य डिजिटल इंडिया की सोच को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है, ताकि ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन के लिए तहसील या जिला मुख्यालय की लंबी दूरी तय न करनी पड़े। पंचायत सचिवालयों में ही सेवाएं शुरू होने से समय, खर्च और श्रम की बचत होगी




तथा जनसुविधाएं अधिक पारदर्शी और सुलभ बनेंगी। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में चयनित पंचायत सहायकों को कंप्यूटर CPU, वेबकैम सहित आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए हैं। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि सचिवालयों में मशीनों की स्थापना कर शीघ्र आधार सेवाएं शुरू करें, जिससे ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिल सके। प्रथम चरण में विकासखंड बलरामपुर की लालनगर, भगवतपुर, मिर्जापुर व सिरसिया; रेहरा बाजार की गुमाफात्मा जोत; तथा तुलसीपुर की सुदर्शन जोत एवं नौव्वा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। प्रशासन का लक्ष्य आगामी चरणों में और पंचायतों को इस सुविधा से जोड़कर पूरे जिले में डिजिटल सेवाओं का मजबूत नेटवर्क तैयार करना है। यह पहल न केवल ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करेगी, बल्कि पंचायत स्तर पर डिजिटल सशक्तिकरण को भी नई गति देगी, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सकेगा।

# यूपी व हेसेन राज्य साझेदारी सुदृढ़ करने पर सहमत : केशव



- केशव मौर्य का विदेश दौरा, जर्मनी में निवेश संवाद को नई गति
- सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक्स सहयोग पर जोर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने की मंशानुरूप उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने फ्रैंकफर्ट, जर्मनी के प्रवास के दौरान औद्योगिक एवं शासकीय प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

प्रतिनिधिमंडल ने सुश्री सिलके सिचटर ग्लोबल अफेयर्स एंड इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स तथा मार्कस सिबोल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इए इलेक्ट्रो आटोमेटिक जीएमबीएच से भेंट कर सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत-जर्मनी सहयोग को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट एवं नोयडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मध्य सहयोग, लॉजिस्टिक्स, डाटा सेंटर, नवाचार एवं औद्योगिक विकास जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग को औपचारिक रूप देने हेतु समझौता ज्ञापन एमओयू पर सहमति व्यक्त की तथा जर्मन औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल के उत्तर प्रदेश दौरे को सुगम बनाने और दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारी विकसित करने का निर्णय लिया।

बैठक में द्विपक्षीय सहयोग एवं निवेश के अवसरों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

उत्तर प्रदेश की निवेशक-अनुकूल एफडीआई नीति तथा मेडिकल डिवाइस, वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, सेमीकंडक्टर, रक्षा, आईटी आईटीईएस, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स एवं 660 मेगावाट क्षमता वाले डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में राज्य की क्षमताओं को रेखांकित किया गया। हेसेन की वित्त, रसायन, स्वास्थ्य सेवा, कृषि एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में वैश्विक विशेषज्ञता को सराहा गया। दोनों पक्षों ने क्षेत्र-विशिष्ट साझेदारियों को आगे बढ़ाने, विशेषज्ञ स्तर की सहभागिता तथा राज्य-से-राज्य दीर्घकालिक सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए आगामी बैठकों पर सहमति व्यक्त की।

### उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित साझेदारी की व्यापक संभावनाएं

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हम विशेष रूप से टेक्सटाइल, अपैरल और लेदर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर, ग्रेटर नोएडा स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क मल्टी-लोकेशन केमिकल एवं फार्मा पार्क तथा डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत रक्षा एवं एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में जर्मन उद्योगों का स्वागत करते हैं, जहाँ समग्र रूप से दर्जनों बिलियन डॉलर के निवेश अवसर उपलब्ध है। उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित साझेदारी की व्यापक संभावनाएँ हैं। उत्तर प्रदेश सेवा क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है एवं आईटीईएस नीति के तहत प्रमुख वैश्विक कंपनियाँ संचालन कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे डेटा सेंटरों की क्षमता बढ़ी है। श्री मौर्य ने कहा कि हम विशेष रूप से जर्मन कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए आमंत्रित करते हैं। यह केवल व्यावसायिक अवसर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक, स्थायी और रणनीतिक साझेदारी की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा। श्री मौर्य ने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि प्रवास उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और सुदृढ़ स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# गर्मियों में न होने पाये पेयजल की किल्लत : स्वतंत्र देव

- हर इंजिनियर रोजाना 10 ग्राम प्रधानों से करें बात, लें जलापूर्ति की जानकारी




लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

गर्मियों के दौरान गांवों में पेयजल से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या न आए। राज्य सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल निगम ग्रामीणमुख्यालय में जल जीवन मिशन, राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि गर्मियों के दौरान कहीं भी जलसंकट की समस्या नहीं होनी चाहिए। अधिकारी अभी से जरूरी तैयारी शुरू कर दें। प्रत्येक इंजीनियर रोजाना 10 ग्राम प्रधानों से बात कर पेयजल योजनाओं की जानकारी लें। अगर कोई समस्या आती है, तो उसे तुरंत ठीक कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को कोई दिक्कत न आए। समीक्षा में जलशक्ति मंत्री ने सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों को और तेज करने के निर्देश दिए। जहां भी पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां मार्च अंत तक रिस्टोरेशन कार्यों को पूरा कर लिया जाए। आला अधिकारी मौके पर जाकर सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों का निरीक्षण करें। कमी होने पर कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुराग श्रीवास्तव मौजूद रहे। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि इंजीनियर जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### बच्चों से भरी स्कूल वैन पलटी, कई घायल




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बक्शी का तालाब (बीकेटी) थाना क्षेत्र में एक स्कूल वैन बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में वैन में सवार कई बच्चे घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना महिपतपुर इलाके में हुई। आदर्श सरस्वती जूनियर हाई स्कूल की वैन सड़क किनारे बनी पानी की टंकी से टकराकर पलट गई। बताया जा रहा है कि वैन में लगभग 15 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने वैन में फंसे सभी बच्चों को बाहर निकाला। घायल बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, 20 लाख के जेवर बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मड़ियांव पुलिस ने 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार करके चोरी की 2 घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 20 लाख के जेवर और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है। पुलिस आरोपियों से अन्य घटनाओं की जानकारी कर रही है। एडीसीपी नार्थ ऋषभ रुणवाल ने बताया 7 दिसंबर 2025 को प्रीतिनगर अन्ना मार्केट निवासी सतीष गुप्ता ने घर का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 16 फरवरी 2026 को एक अन्य महिला ने घर की खिड़की व लॉकर तोड़कर जेवर और नकदी चोरी किए जाने की तहरीर दी थी। दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मड़ियांव पुल के नीचे से लाल टीवीएस राइडर बाइक के साथ 2 आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान अन्ना मार्केट निवासी सोनू वर्मा उर्फबोगा (42) और सेमरा गौढ़ी, मड़ियांव निवासी सुन्दर लाल गुप्ता (40) के रूप में हुई। दोनों ने पूछताछ में दोनों चोरी की वारदात कबूल की। आरोपियों के खिलाफलखनऊ के अलग-अलग थानों में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी सब्जी फेरी लगाकर सब्जी बेचते थे। इस दौरान घरों की रेकी करते थे।

### चलती कार बनी आग का गोला, इंजीनियर ने परिवार संग कूदकर बचाई जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सोमवार शाम शहीद पथ के पास सर्विस लेन में चल रही एक डीजल कार अचानक आग का गोला बन गई। गनीमत रही कि कार सवार परिवार ने समय रहते बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली। गाड़ी मालिक राम रतन सिंह ने बताया कि वो पीडब्लयूडी से रिटायर्ड इंजीनियर हैं। कार में उनकी पत्नी सुमन लाला सिंह और बेटा आदित्य सिंह सवार थे। परिवार अंसल से वापस घर लौट रहा था। शहीद पथ के पास सर्विस लेन में पहुंचते ही अचानक कार की लाइट बंद हो गई। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, गाड़ी के अगले हिस्से से धुआं उठने लगा। खतरा भांपते हुए राम रतन सिंह ने तुरंत गाड़ी रोकी और परिवार के साथ नीचे कूद गए। कुछ ही देर में कार में आग लग गई और देखते ही देखते करीब 10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। पुलिस को सूचना दी। कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। कार डीजल थी और उसका नंबर यूपी 32 ईटी 7510 है।

### हटाया गया अतिक्रमण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ नगर निगम ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की शिकायत के बाद दिन भर अभियान चलाकर कार्रवाई की है। इसमें प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया गया है। मौके पर वेंडरों के दुकान के सामान भी जब्त किए गए हैं। जोन-3 में आईआईएम चौराहे से आईआईएम स्कूल तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगी लगभग 12 सब्जी की दुकानें, 2 पंचर की दुकानें और 2 पान की गुमटियां हटाई गईं। कार्रवाई के दौरान 20 प्लास्टिक कैरेट, एक बड़ा गैस सिलेंडर, 2 गैस भट्टी और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू सहित अन्य सामान जब्त किया गया। अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी भी दी। जोनल अधिकारी अमरजीत यादव की तरफसे भवानीगंज क्षेत्र में पहलवान पान वाले के पास तथा न्यू नक्खस मार्केट स्थित मिनी ट्यूबवेल पार्क के आसपास अवैध अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 20 ठेले और 14 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि दोबारा कब्जा न किया जाए। जोन-7 में मुंशीपुलिया चौराहे से खलीफा चौराहे तक नाली, नाले और सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफअभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान एक लोहे का काउंटर, तीन अन्य लोहे के काउंटर, एक ठेलिया और एक लोहे की गुमटी जब्त की गई। इसके अलावा चार काउंटर, तीन ठेले, दो ठेलियां और पांच गुमटियां मौके से हटाई गईं।

# गोधन समागम 2026 : पशुधन मंत्री ने किसानों को किया सम्मानित



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज 'गोधन समागम 2026' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुग्धशाला विकास विभाग और पशुधन एवं पशुपालन विभाग की ओर से किया गया। कार्यक्रम में करीब 1000 किसान सीधे मौजूद रहे, जबकि प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजकीय पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने 'नंद बाबा' और 'गोकुल पुरस्कार' के विजेताओं को सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रदेश की अच्छी तरह संचालित हो रही गोशालाओं और गोआश्रय स्थलों को भी प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिए गए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गोपालकों और पशुपालकों को मजबूत बनाने के लिए लगातार नई योजनाएं चला रही है, ताकि गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।

अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि स्वदेशी गायों का संरक्षण आज समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर गांव में पशुपालन मजबूत होगा तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था अपने आप मजबूत होगी। उन्होंने विभाग की योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार किसानों को आर्थिक मदद और तकनीकी सहयोग दोनों दे रही है। इससे छोटे और मध्यम स्तर के पशुपालकों को बड़ा फायदा मिल रहा है। दूध आयुक्त एवं दुग्धशाला विकास विभाग की महानिदेशक श्रीमती धनलक्ष्मी के. ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में दुग्ध उत्पादन में पहले स्थान पर है। इसे बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 'नंद बाबा दुग्ध मिशन' के तहत 25 गायों की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, 10 गायों की मिनी नंदिनी योजना और 2 गायों की मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना चलाई जा रही है। इन योजनाओं के जरिए पशुपालकों को गाय खरीदने, पालन-पोषण और डेयरी व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिल रही है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

उन्होंने पशु आहार, हरा चारा, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। किसानों ने भी खुलकर सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने मौके पर ही उनके जवाब दिए। कई किसानों ने नई तकनीकों और योजनाओं में रुचि दिखाई।

# यश का क्षय होना मृत्यु समान : कौशिक चैतन्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

व्यास पीठ से ब्रह्मचारी कौशिक चैतन्य महाराज ने कहा कि किसी का समय या असमय अंत हो जाना ही मृत्यु नहीं है, बल्कि किसी यशस्वी व्यक्ति के यश का जब क्षय हो जाता है। उसका मान मर्दन हो जाता है। उसका पराभव हो जाता है।

एक तरह से तब भी उसकी मृत्यु हो जाती है। इक्यावन शक्ति पीठ मंदिर प्रांगण में हो रही श्रीमद भागवत कथा का सोमवार को दूसरा दिन था। इस सात दिवसीय भागवत कथा में लखनऊ शहर के अलावा आसपास के गांवों के सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया।

इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा यजमान पुष्पा दीक्षित, कथा संयोजक तृप्ति तिवारी एवं वरद तिवारी, कथा व्यवस्थापक तनय तिवारी, स्तुति तिवारी, आचार्य धनंजय पाण्डेय, गीता पाण्डेय, समाजसेवी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान व नमन तिवारी अहम भूमिका निभा रहे हैं। दूसरे दिन की कथा में लेटे हुए हनुमान मंदिर के महंत डॉ विवेक तांगरी ने विशेष उदबोधन दिया। उन्होंने कहा कि पुण्य आत्माओं को ही भागवत कथा कहने-सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कथा क्रम में कौशिक चैतन्य महराज ने कहा कि कलयुग में हर किसी को आनन्द और संतुष्टि की तलाश है। लेकिन, हम सब संतुष्टि और प्रसन्नता को बाहर खोज रहे हैं। हमें आंनद और संतुष्टि की खोज अपने भीतर करनी चाहिए।

हमें असीम आंनद और परम संतुष्टि तक पहुंचने के लिए प्रेम और भक्ति का पथ पकड़ना होगा। भक्ति ही संतुष्टि का मार्ग प्रशस्त करती है। इस धार्मिक समागम में भाजपा नेता संजय सिंह, समाजसेवी ऋद्धि गौड़, ओज कवि योगेश चौहान, संध्या त्रिपाठी व समाजसेवी इंदल यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस पलटी, पांच की मौत



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जौखंडी गांव के पास तेज रफ्तार स्लीपर कोच डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

हादसे में अब तक पांच लोगों के मौत की सूचना है, जबकि 20 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस पंजाब के लुधियाना और पानीपत से यात्रियों को लेकर बिहार के दरभंगा और अररिया की ओर जा रही थी। सोमवार शाम करीब 4.30 बजे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के खेमा खेड़ा और जौखंडी गांव के पास 11.6 के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तेज गति के कारण बस बेकाबू होकर पलट गई। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और चालक को नींद आना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस, आपदा राहत टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भेजा गया, जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। कमिश्नर विजय विश्वास पंत समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

# होम्योपैथिक फार्मासिस्ट रिजल्ट में देरी पर प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होम्योपैथिक फार्मासिस्ट भर्ती का अंतिम परिणाम जारी न होने से अभ्यर्थियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मुख्य परीक्षा और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के पांच महीने बाद भी परिणाम घोषित न होने पर 397 अभ्यर्थियों ने आयोग से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने सोमवार सुबह ही लखनऊ पहुंचकर पिकअप भवन के सामने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों के अनुसार, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2023) के तहत विज्ञापन संख्या-09/24 की मुख्य परीक्षा 2 फरवरी 2025 को आयोजित की गई थी। इसके बाद आयोग ने सफल अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराया, जो 26 सितंबर 2025 तक पूर्ण हो गया।

- पांच महीने बाद भी नहीं आया अंतिम परिणाम

अभ्यर्थियों का कहना है कि चयन प्रक्रिया की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, इसके बावजूद अंतिम चयन परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि परिणाम में अनावश्यक देरी से अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

अभ्यर्थियों ने आयोग के सचिव को संबोधित पत्र में कहा है कि पांच माह




से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अंतिम परिणाम घोषित न होने से वे मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। कई अभ्यर्थियों ने अन्य रोजगार के अवसर भी इस भर्ती के भरोसे छोड़ दिए थे। उनका कहना है कि नियुक्ति में हो रही देरी के कारण आर्थिक और पारिवारिक योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में वर्षों का समय देने के बाद अब परिणाम का इंतजार उन्हें असमंजस की स्थिति में डाल रहा है। अभ्यर्थियों ने लखनऊ में एकत्र होकर अपनी मांग रखने का निर्णय लिया है। पोस्टर और ज्ञापन में 'हमारा हक दो', '397 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट रिजल्ट जल्द जारी करो' और 'विज्ञापन संख्या 09६2024 का अंतिम परिणाम शीघ्र घोषित करो' जैसे नारे लिखे गए हैं। कुछ ही देर में अधिकारियों ने अभ्यर्थियों की मुलाकात आयोग के सचिव से कराई। सचिव ने आश्वासन दिया कि मार्च-अप्रैल के बीच में रिजल्ट जारी किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को लौटा दिया गया है।

# पीएम-कुसुम सी-2 से ऊर्जा सुधार को नई गति

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र के संरचनात्मक सुधार को नई मजबूती मिल रही है। कृषि फीडरों के सोलराइजेशन के लिए लागू प्रधानमंत्री कुसुम योजना कंपोनेंट सी 2 राज्य में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और किसानों की आय वृद्धि की दिशा में प्रभावी पहल बनकर उभर रही है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई और बिजली की विश्वसनीय सुविधा उपलब्ध कराना, डीजल व परंपरागत बिजली पर निर्भरता कम करना और दिन के समय निर्बाध आपूर्ति है। प्रदेश में अब तक



1708.1 मेगावाट क्षमता के लिए 581 पावर परचेज एग्रीमेंट पीपीए निष्पादित किए जा चुके हैं। इससे 3.67 लाख कृषि उपभोक्ताओं को दिन में नियमित बिजली आपूर्ति की संभावना है। योगी सरकार की यह पहल न केवल ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ कर रही है बल्कि किसानों को सशक्त बनाने और प्रदेश को हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर करने का भी प्रभावी कदम है।योजना के वित्तीय ढांचे के तहत केंद्र सरकार 1.05 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट तथा राज्य सरकार 50 लाख रुपये प्रति मेगावाट की पूंजीगत सहायता दे रही है। कुल सहायता 1.55 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट तक पहुंच रही है। इससे परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। कौशांबी और बिजनौर जिलों में स्थापित लगभग 3.3 मेगावाट की पायलट परियोजनाएं राज्य में व्यापक क्रियान्वयन के लिए मॉडल के रूप में देखी जा रहीं हैं। प्रधानमंत्री कुसुम सी2 के तहत कृषि फीडरों के सोलराइजेशन से विद्युत वितरण कंपनियों डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति में मध्यम अवधि में सकारात्मक सुधार की उम्मीद है।

### शंकराचार्य प्रकरण की निष्पक्ष जांच को लेकर अजय राय ने लिखा पीएम को लिखा पत्र



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने 23 फरवरी 2026 को लिखे पत्र में कहा कि इस संवेदनशील मामले में न्यायिक प्रक्रिया पूरी तरह स्वतंत्र होनी चाहिए और किसी भी प्रकार का राजनीतिक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि हाल के दिनों में मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार शंकराचार्य के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। ऐसे में यह आवश्यक है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाए।

**पर्व** | जामा मस्जिद ईदगाह में कुरआन करीम का पहला दौर मुकम्मल

# जो भी कुरान के साये में आयेगा महफूज हो जायेगा : खालिद रशीद

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

कुरान करीम और रमजानुल मुबारक का आपस में गहरा सम्बन्ध हे। इसी मुबारक माह में कायनात को पैदा करने वाले ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए यह अपनी आखिरी किताब अपने आखिरी नबी पाक सल्ल0 पर उतारी। खुदा पाक फरमाता है: रमाजन का महीना वह है जिसमें कुरान करीम उतरा जो लोगों के लिए हिदायत है जिसमें हिदायत की खुली निशानियाँ हैं।

कुरान करीम ऐसी मुबारक व मुकद्दस किताब है जो भी इसके साये में आयेगा वह महफूज (सुरक्षित) हो जायेगा। अर्थात जिसने भी अपनी जिन्दगी इस के अनसुार व्यतीत की




वह खुदा पाक की रहमत के साये में आजायेगा और गुनाहों से उसकी हिफाजत की जायेगी। इन ख्यालात का इजहार इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया ने जामा मस्जिद ईदगाह लखनऊ में किया। वह जामा मस्जिद ईदगाह में कुरान मजीद का पहला दौर मुकम्मल होने के मौके पर खिताब कर रहे थे। हजारों लोगों ने मौलाना का बयान सुना। जामा मस्जिद में आज तरावीह में कुरान करीम का पहला दौर मौलाना हाफ़िज़ मिनहाजुद्दीन कुरैशी ने मुकम्मल किया। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि कुरान करीम पर गौर करें इससे जहाँ अल्लाह की नजदीकी नसीब होगा वहीं दिल को राहत पहुंचेगी। इसी कुरान की बकर्त से अल्लाह तआला रोजे महशर में बुलन्द मुकाम अता फरमायेगें। उन्होंने हदीस के हवाले से कहा कि नबी पाक सल्ल0 ने इरशाद फरमाया कि रोजा और कुरान दोनों बन्दे की सिफारिश करेगें। रोज़ा अर्ज करेगा ऐ मेरे खुदा पाक मैंने इस बन्दे को खाने पीने और नफ्स की ख्वाहिश पूरा करने से रोके रखा था, आज मेरी सिफारिश इस के हक़ में कुबूल फरमाईये। कुरान कहेगा ऐ अल्लाह! मैंने इसको रात में सोने और आराम करने से रोका रखा था। खुदा पाक आज इस के हक़ में मेरी शिफाअत कुबूल कीजिए। इस लिए रोजा और कुरान दोनों की सिफारिश इस बन्दे के हक़ में कुबूल फरमाई जाएगी और इसके लिए जन्नत और मगफिरत का फैसला कर दिया जाएगा। उन्होने ने कहा कि अगर गौर के साथ कुरान मजीद की तिलावत करें तो हमारे जीवन में इंक्लाब आ जायेगा। तकरीर के बाद मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने खुदा पाक के हुजूर में दुआ की। मौलाना ने तमाम मरहूमीन के लिए दुआ की। उन्होंने नई नस्ल के ईमान व अकीदे की हिफाजत, मुसलमानों की इज्जत व आबरू, जान व माल की हिफाजत और मुसलमानों पर हो रहे जुल्म को रोकने,, बीमारों को शिफा और परेशान लोगों की हाजत रवाई की दुआ की।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर 60 हजार का जुर्माना, नगर निगम ने की वसूली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ नगर निगम ने सोमवार को लखनऊ नगर निगम ने शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया।कार्रवाई के दौरान कुल 60,100 की वसूली नजर निगम ने की है।

जोन-3 के अंतर्गत जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव के निर्देश पर भिटौली क्रॉसिंग से आईआईएम तिराहे तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पॉलीथीन के उपयोग, गंदगी फैलाने और बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान गंदगी फैलाने



वाले 17 लोगों के खिलाफ चालान कर 37,700 की वसूली की गई। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथीन पाए जाने पर 8 चालान करते हुए 12,400 का जुर्माना वसूला गया।

बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वाले एक दुकानदार के खिलाफ500 का स्पॉट फाइन लगाया गया। इसके अतिरिक्त वाहन संख्या यूपी 41 एएच 0939 (ट्रैक्टर ट्रॉली) और यूपी 75 बीटी 6532 (डीसीएम) को सड़क पर कूड़ा फेंकते हुए पकड़ा गया। दोनों वाहनों को जब्त कर एसडी. पैलेस परिसर में खड़ा करा दिया गया। इस प्रकार जोन-3 में कुल 26 चालान कर 50,600 की वसूली की गई। जोन-8 में भी गंदगी एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग, परिवहन, भंडारण और विक्रय के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पराग चौराहा सेक्टर-एफ, सेक्टर-डी1 और रतनखण्ड डिफेंस कॉलोनी के आसपास निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने पर संबंधित दुकानों और प्रतिष्ठानों से 2,500 का जुर्माना वसूला गया। वहीं, एक देशी शराब की दुकान पर प्रतिबंधित पॉलीथीन, प्लास्टिक और थर्माकोल के भंडारण व बिक्री पाए जाने पर 7,000 का जुर्माना लगाया गया। इसमें 1 किलो 200 ग्राम पॉलीथीन और डिस्पोजल ग्लास जब्त किए गए।

## खबरें एक नजर में

### फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में कई संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कलान, शाहजहांपुर।** वीर अहीर निर्माण सेना संयुक्त मोर्चा, अखिल भारतीय युवा शक्ति संगठन, अंतराष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उप जिला अधिकारी जलालाबाद प्रभात राय को ज्ञापन सौंपकर 27 फरवरी 2026 को प्रदर्शित होने वाली फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर आपत्ति जताई। संगठन पदाधिकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि फिल्म के प्रचार-प्रसार,ट्रेलर एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री में यादव समाज की बेटी को आपत्तिजनक एवं गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। जिससे सामाजिक वैमनस्य और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे विभिन्न समुदायों के बीच शांति भंग होने तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है। ज्ञापन में मांग की गई कि मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाए तथा आवश्यक हो तो प्राथमिकी दर्ज की जाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पोस्टर दिखाकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर पियूष यादव जिलाध्यक्ष, एडवोकेट अर्पित भामाशाह, ओवेंद्र यादव, अनुज यादव, सचिन यादव, प्रभात यादव, विवेक यादव, आमोद यादव, हरेंद्र यादव, गौरव यादव प्रधान, वीरेंद्र यादव, बृजभान यादव, अनुज यादव, विपेंद्र यादव विपिन भईया, पीयूष यादव, मुदित सिंह यादव, अभिषेक यादव अरविंद यादव (पूर्व प्रधान पलहरई) सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। पीयूष यादव ने बताया कि उप जिला अधिकारी ने ज्ञापन पर प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### मादक पदार्थ के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** कटरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए चार स्मैक तस्करों को किया गिरफ्तार। सभी के पास से 99.5 ग्राम स्मैक डैली बरामद की गई। यह सफलता प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली। पुलिस टीम ने 22 फरवरी 26 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त योगेश मौर्य पुत्र दयाराम मौर्य निवासी मो0 अफरीदी कस्बा व थाना कटरा, सत्यवीर पुत्र मिढ़ईलाल निवासी ग्राम लक्ष्मीप्रतापपुर थाना मदनापुर, संजय पुत्र रामौतार निवासी ग्राम भीकमपुर थाना फतेहगंज पूर्वी, हरीशकर पुत्र नरेशपाल ग्राम भीकमपुर थाना फतेहगंज पूर्वी को समय करीब शाम 7 बजकर 10 मिनट पर हुलास नगला ओवर ब्रिज के बराबर सर्विस रोड पर अंडर पास से 50 मीटर पहले गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 99.5 ग्राम स्मैक डैली बरामद हुई। पूछताछ मे बताया कि यह स्मैक डैली हम चारो लोग एक साथ अरशद मो0 कायस्थान का रहने वाला है को देने जा रहे थे आप लोगो ने हमे पकड लिया। इस काम से जो रूपया मिलता है उससे हम अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। गिरफ्तार किए गए चारों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सागर मानव, मनोज कुमार, हेड का. अंकुर कुमार, हेड का. नरेन्द्र कुमार, का. अंकित नेहरा थाना, योगेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार, राजीव कुमार शामिल रहे।

### मुमुक्षु महोत्सव की तैयारियां पूर्ण, आज गुरु पूजन के साथ शुभारंभ

**शाहजहांपुर।** 24 फरवरी से आरंभ हो रहे मुमुक्षु महोत्सव की सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस संबंध में प्राचार्य प्रो आर के आजाद की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महोत्सव से संबंधित सभी महत्वपूर्ण समितियों के प्रभारियों से उनके दायित्व के निर्वहन की रणनीति पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। प्राचार्य ने बताया कि 24 फरवरी को प्रातः काल 9 बजे गुरु पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। तदुपरांत 10 बजे मुमुक्षु आश्रम की यज्ञशाला में रुद्र महायज्ञ आरंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति 2 मार्च को दोपहर 12 बजे होगी। प्रातः दस बजकर पंद्रह मिनट पर श्री राम कथा संदेश वाहन यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा खिरनीबाग से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मुमुक्षु आश्रम पर संपन्न होगी। इसके साथ ही श्री रामकथा पंडाल के समीप स्थापित किए गए श्री हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ भी आयोजित होगा। दोपहर 12 बजे एक कलश यात्रा श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ से आरंभ होकर श्री रामकथा के पंडाल पर पूर्ण होगी। श्री राम कथा का श्रवण करने के लिए प्रतिदिन आने वाले भक्तों हेतु एक भव्य पंडाल तैयार किया गया है जिसमें लगभग 3000 भक्त आसन ग्रहण करके श्री रामकथा के माधुर्य का आनंद ले सकते हैं।प्रतिदिन पूज्य संत श्री विजय कौशल जी महाराज के श्रीमुख से हजारों की संख्या में भक्तगण पावन श्री रामकथा के श्रवण का सौभाग्य दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्राप्त करेंगे। अंतिम दिन अर्थात 2 मार्च को श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री रामकथा पूर्णता को प्राप्त होगी तथा सायं 7 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में मुंबई के प्रख्यात भजन गायक डॉ कमलेश उपाध्याय हरिपुरी, साध्वी भक्ति प्रभा जी एवं महंत श्री गुरु प्रसाद उपस्थित रहेंगे। प्राचार्य ने बताया कि श्रद्धा एवं भक्ति के इस सप्तदिवसीय पावन महोत्सव हेतु शाहजहांपुर नगर के जन जन के साथ साथ जनपद एवं जनपद से बाहर भी भक्तों को आमंत्रण दिया गया है। इसके अतिरिक्त भारत के विभिन्न स्थानों से पधारने वाले अनेक पूज्य संतगण भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए भक्तों को अपना आशीष प्रदान करेंगे। कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल के संचालन में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रो आदित्य कुमार सिंह, प्रो आलोक मिश्र, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो मधुकर श्याम शुक्ला सहित कॉलेज के तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### संत गाडगे की जयंती प्रांतीय अनुसूचित बेसिक शिक्षक संघ ने मनाई



**शाहजहांपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्वच्छता के जनक महान संत गाडगे की जयंती को प्रांतीय अनुसूचित जाति/जनजाति बेसिक शिक्षक संघ शाखा जनपद शाहजहांपुर के तत्वावधान में पुवायां रोड स्थिति बुद्ध विहार में समय अपरान्ह 4:30 बजे से 5:30 बजे आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने की तथा संचालन महामंत्री विनोद कुमार ने किया। प्रांतीय बरिष्ठ उपाध्यक्ष मगरे लाल ने कहा गाडगे बाबा लोक सेवा और स्वच्छता के प्रतीक थे। जिन्होंने झाडू श्रमदान और पुरुषार्थ को अपना हथियार बनाया उनके कार्यों को लोगों ने सराहा और उनका अनुकरण किया। प्रांतीय महामंत्री विश्राम सिंह ने बताया गाडगे बाबा अपने कार्यों से प्रतिकूल परिस्थितियों में भी इतिहास का एक चमकदार अध्याय बन गए। प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने बताया कि जब गाडगे बाबा डॉक्टर अंबेडकर के संपर्क में आए तो उनके विचारों में बहुत बड़ा परिवर्तन आया। प्रांतीय मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार ने संत गाडगे बाबा को स्वच्छता का जनक बताया तथा मंदिर की जगह धर्मशाला खोलने पर जोर दिया स जिला संरक्षक अमर सिंह ने गाडगे बाबा को आडंबर अंधविश्वास और पाखंड का विरोधी बताया। जिला उपाध्यक्ष लालमन गौतम ने बताया गाडगे बाबा का एकमात्र उद्देश्य था लोक सेवा करना स उक्त जयंती समारोह में विनोद सम्राट, दिनेशपाल सिंह, राजीव वर्मा, वेदपाल सुमन, जितेंद्र कुमार, धनपाल, ख़ुशीराम, महेंद्रपाल कठेरिया, अरविन्द वर्मा, राजीव नेताजी, सुशील कुमार, धनपाल, रमेश चन्द्र आदि ने भी अपने विचार रखें। अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि हमें राष्ट्र संत बाबा गाडगे के द्वारा बताए गए सुमार्ग का अनुकरण करना चाहिए उसी में हमारा विकास संभव है। तत पश्चात सभा के समापन की घोषणा की।

### संत गाडगे ने मानव सेवा का संदेश दियाः कनौजिया



**रोजा,शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र के पट्टी बहादुरपुर संत गाडगे सेवा आश्रम पर संत गाडगे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां सर्वप्रथम संत गाडगे सेवा आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष विशुन दयाल कनौजिया ने आश्रम के महंत बाबा कल्याण दास के साथ संत गाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कनौजिया ने कहा कि संत गाडगे ने पूरे जीवन स्वच्छता शिक्षा और मानव सेवा का संदेश दिया है उन्होंने अपने हाथ से कई धर्मशाला बनवाए उनके नाम से शिक्षण संस्थान और धर्मशाला आज भी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत गाडगे सेवा आश्रम पर कई बार अन्य प्रदेश से आने वाले लोग महिनों रुके हैं, इसलिए आश्रम पर एक धर्मशाला की आवश्यकता है। जिसकी शुरुआत पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुआलाल वर्मा ने कर दी है जो सराहनीय है। आज हम सभी को भव्य धर्मशाला बनवाने का संकल्प लेना चाहिए ताकि आश्रम का उद्देश्य पूर्ण हो सके। कार्यक्रम के दौरान प्रधान रामलड़ैते वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुआलाल वर्मा, आश्रम के कोषाध्यक्ष रामरतन कनौजिया, महंत कल्याण दास, रोहित कनौजिया, मोनू गौतम आदि संत गाडगे अनुयायी मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन दुर्गा मंदिर कॉरिडोर के कार्यों का हुआ स्थलीय निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त डा. बिपिन मिश्रा व अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने वार्ड भारद्वाजी में निर्माणाधीन दुर्गा मंदिर कॉरिडोर के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कॉरिडोर निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को होली से पूर्व अति शीघ्र दुरुस्त कराने के लिए पार्षद सीमा सारस्वत ने निगम अधिकारियों से आग्रह किया, ताकि वार्ड के व्यापारियों एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पार्षद ने कहा कि बहुत ही जल्द आप सभी को एक भव्य एवं सुव्यवस्थित दुर्गा मंदिर कॉरिडोर प्राप्त होगा, जो हमारे क्षेत्र की आस्था और विकास का प्रतीक बनेगा।वार्डवासियों एवं नागरिकों के हित एवं विकास कार्यों के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध, अग्रसर एवं प्रयासरत रहूँगी। इस अवसर पर वार्डवासी, संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## कार्य की जांच करने पहुंचे ब्लाक के अधिकारी



**बंडा, शाहजहांपुर।** विकास खण्ड बंडा की ग्राम पंचायत बंडी के ग्राम दौलतपुर महोलिया में मनरेगा श्रमिकों द्वारा मिथिलेश के खेत से अवधेश पंडित के खेत तक चकरोड पर मिटटी कार्य कराया गया था। जिस कार्य की पूर्व में शिकायत की गई थी जिस कारण मनरेगा श्रमिकों का भुगतान रोक दिया गया था जिसकी जांच 23 फरवरी 2026 को मनरेगा लोकपाल अरविंद कुमार शाहजहांपुर के द्वारा मौके पर जाकर की गई। जांच पर उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान, मनरेगा श्रमिकों व ग्राम वासियों से पूछताछ की गई। जांच में कार्य संतोषजनक पाया गया और मनरेगा श्रमिकों को जल्द से जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया गया। मनरेगा श्रमिकों को भुगतान का आश्वासन अधिकारियों द्वारा मिलते ही खुशी की लहर दौड़ गई।

## नाबालिग से दुराचार व अश्लील वीडियो वायरल मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नाबालिग किशोरी से नजदीकियां बढ़ाने के बाद उसका यौन शोषण करने तथा अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गौर तलब है कि कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी से जनपद कासगंज के कस्बा सोरों निवासी युवक ने रिश्तेदारी में आने जाने के दौरान नजदीकियां बढ़ाकर और बहला फुसला कर उससे न केवल दुराचार किया बल्कि उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली । और उक्त वीडियो के जरिए ब्लैक मेल कर आए दिन उसका यौन शोषण करता रहा। जब मामले का खुलासा हुआ तो।पीड़ित परिवार ने जग हंसाई से बेहतर उक्त युवक से शादी करना बेहतर समझा। और उससे शादी करने की बात की थी। युवक ने शादी करना तो दूर उसकी अश्लील वीडियो वायरल कर दी। उक्त मामले में महीने भर से पुलिस के चक्कर काटने के बाद पुलिस ने रविवार/सोमवार की रात पीड़ित पिता की ओर से आरोपी जनपद कासगंज के कस्बा सोरों के मोहल्ला बंदरिया निवासी राजू पुत्र अयोध्या के खिलाफ बलात्कार व पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है। पीड़िता के चिकित्सीय परीक्षण तथा कोर्ट में बयानों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# संत गाडगे महाराज एक महान भारतीय संत और समाज सुधारक थेः तनवीर

▸ सपा कार्यालय पर मनाई गई संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रणेता एवं मानवता के महान उपासक सन्त शिरोमणि गाडगे महाराज जी की जयन्ती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और महान उपासक सन्त शिरोमणि गाडगे महाराज जी के योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी एक महान भारतीय संत और समाज सुधारक थे। उनका मूल नाम देवीदास डेबूजी जाणोरकर था। वे अपने साथ हमेशा झाड़ू और एक मिट्टी का पात्र (गाडगा) रखते थे, इसी कारण उन्हें 'गाडगे बाबा' कहा गया। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता, अंधविश्वास उन्मूलन और गरीबों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज का महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनके सम्मान में 'संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान' चलाया जाता है। अमरावती विश्वविद्यालय का नाम बदलकर 'संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय' रखा गया है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने उन्हें ज्योतिबा फुले के बाद सबसे बड़ा त्यागी और जनसेवक बताया था। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी अपने कीर्तनों के माध्यम से वे 'दशसूत्री' का उपदेश देते थे, जिसमें भूखों को अन्न, प्यासों को पानी, गरीबों को शिक्षा और बेघरों को आश्रय देने जैसी बातें शामिल थीं। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नेता अनवर अली, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,सपा नेता दोद राम वर्मा, सपा नेता लखन प्रताप सिंह,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा युवज़न सभा के प्रदेश सचिन पार्थ यादव, सपा संख्या की सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी,सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया,सपा युवज़न सभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरेशी, सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अजीम खान, सपा मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष मनोज यादव, अमर सिंह यादव, मानवेंद्र सिंह यादव उर्फ मोनू, महावीर सिंह यादव, संतोष कुमार पाल, सौमित्र यादव, पप्पू यादव, राधेश्याम यादव, असलम खान, राजपाल सिंह यादव, इमरान खान, मोहम्मद आदिल, अमित पांडे, सचिन सक्सेना, राहुल कुमार पाल, सुबहान खान, मोहम्मद आज़ान, वारिस खान, तय्यब खान, आशीष यादव, विनोद कठेरिया, रानू खान, रोहित कनौजिया, विष्णु दयाल कनौजिया, मोहसिन खान, जीशान खान आरिफ खान, राजू मौर्य संजीव मौर्य, दिनेश कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## होली से पूर्व 7668 रसोइयों को जनवरी मानदेय व साड़ी मद की धनराशि जारी



**शाहजहांपुर।** प्रमुख त्योहार होली से पहले जनपद के परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के लिए राहत भरी खबर आई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की सभी 7668 रसोइयों के खातों में जनवरी 2026 माह का मानदेय तथा साड़ी यूनिफार्म हेतु धनराशि भेज दी गई है। बीएसए ने बताया कि होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए समय से भुगतान सुनिश्चित कराया गया है। जनवरी माह का कुल मानदेय एक करोड़ तिरेपन लाख छत्तीस हजार रुपए रसोइयों के खातों में अंतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त साड़ी यूनिफार्म हेतु प्रति रसोइया 500 की दर से कुल अड़तीस लाख चौंतीस हजार रुपए की धनराशि भी सीधे खातों में भेजी गई है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी भुगतान डीबीटी माध्यम से पारदर्शी ढंग से किए गए हैं, जिससे रसोइयों को त्योहार से पूर्व आर्थिक सहयोग मिल सके।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज

▸ ट्विटर पर चार घंटे रहा ट्रेंड में प्रथम के बाद तीन दिवसीय काली पट्टी बांध कर विरोध

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



परिषदीय विद्यालयों में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने हेतु टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। रविवार को शिक्षकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (एक्स) पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जस्टिस फॉर टीचर हैंस टैंग से अभियान चलाया, जो लगातार चार घंटे तक प्रथम स्थान पर ट्रेंड करता रहा। सोमवार से आन्दोलन के द्वितीय चरण में तीन दिवसीय शिक्षकों ने विद्यालयों, बीएलओ बूथों एवं बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी के दौरान हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले एकजुट होकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त वे शिक्षक, जिन्होंने नियुक्ति के समय सभी निर्धारित योग्यताएं पूर्ण कर चयन पाया और जो लगभग तीस वर्षों से सेवा दे रहे हैं तथा सेवानिवृत्ति के निकट हैं, उनसे अब टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता थोपना न केवल अनियमित बल्कि उत्पीड़नात्मक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिक्षक माननीय न्यायालय का सम्मान करते हैं, किंतु वर्ष 2017 में सरकार द्वारा किए गए संशोधन का विरोध करते हैं, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। शिक्षकों की मांग है कि उक्त संशोधन निरस्त किया जाए तथा टीईटी की अनिवार्यता केवल वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षकों पर ही लागू हो। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी तक शिक्षक अपने-अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। 26 फरवरी को जनपद के सभी शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करेंगे और प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र प्रेषित करेंगे। विरोध प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह, जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, डॉ विनय गुप्ता, बृजेश कुमार वर्मा तथा महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारी सहित सभी पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

## केवल औपचारिकता बनकर रह गईं किसान गोष्ठियां

▸ जनप्रतिनिधियों ने कृषि विभाग पर जताई नाराजगी

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



किसानों को समय से सूचना न देने और सीमित स्तर पर आयोजन को लेकर जताई कड़ी आपत्ति जताई है। विकास खण्ड कार्यालय के सभागार में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं किसान गोष्ठी में विधायक अरविंद सिंह ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर खुलकर नाराजगी जाहिर की कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दत्त शुक्ला भी मौजूद रहे। किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि कृषि विभाग इस तरह के कार्यक्रमों को केवल औपचारिकता के रूप में पूरा कर रहा है, जबकि इनका वास्तविक उद्देश्य किसानों को जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इतनी महत्वपूर्ण गोष्ठियों का आयोजन केवल ब्लॉक स्तर तक सीमित रखना उचित नहीं है। विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी न्याय पंचायतों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि अधिक संख्या में किसान इसमें शामिल होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को कार्यक्रम की सूचना कम से कम दो से तीन दिन पहले दी जानी चाहिए, जिससे किसान अपनी तैयारी के साथ गोष्ठी में पहुंच सकें और इसका लाभ उठा सकें।वही ब्लाक प्रमुख दत्त शुक्ला ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के किसान मौजूद रहे। विधायक की नाराजगी के बाद अधिकारियों में हलचल देखी गई और कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

## एक सौ पचासवीं जयंती पर याद किए गए राष्ट्र संत गाडगे महाराज

▸ सामाजिक समरसता के पुजारी थे राष्ट्र संत श्री गाडगे महाराजः सुबोध कनौजिया



**पुवायां, शाहजहांपुर।** संत गाडगे महाराज की डेढ़ सौवीं जयंती समारोह शिक्षक वीरपाल के गीता सिटी स्थित आवास पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक सुबोध कनौजिया एडवोकेट ने बताया कि संत गाडगे महाराज कहते थे कि कपड़े फटे हुए पहन लो, खाना टूटे बरतन में खा लो लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। उन्होंने कहा कि संत गाडगे महाराज सामाजिक समरसता के पुजारी, शिक्षा की अलख घर घर जगाने वाले, स्वच्छता के जनक, मानवता के पुजारी, ढोंग पाखंड के विरोधी, नशा मुक्ति और बल देने वाले, शिक्षा को प्रमुखता से अपनाने पर जोर देने वाले महामानव थे। इस दौरान बृजेश कुमार सदस्य जिला पंचायत, सुनील कुमार एआरपी, सुनील कुमार एलआईसी, मनोज कुमार एलआईसी, सुबोध भारती, संदीप कुमार, वीरपाल, तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आभार सुबोध कनौजिया एडवोकेट ने व्यक्त किया।

## संत निरंकारी मिशन के सेवादारों द्वारा खन्नौत नदी लोधीपुल में चलाया गया सफाई अभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रोजेक्ट अमृत कार्यक्रम के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना को साकार रूप देने के लिए खन्नौत नदी लोधीपुल को स्वच्छ करने का कार्य प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संत निरंकारी मिशन के सैकड़ों सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा संचालक उपेश रावत, शिक्षक विवेक के मार्गदर्शन में किया गया। सफाई स्थल पर ही संत निरंकारी मिशन के मुखी हरिओम श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक विशाल सत्संग का आयोजन भी किया गया एवं सत्संग समाप्ति के बाद प्रसाद वितरित किया गया। सफाई अभियान एवं सत्संग कार्यक्रम खन्नौत नदी लोधीपुल' में भी किया गया। जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवनरेखा। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है, तो केवल पर्यावरण ही नहीं, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इसी विचार को साकार रूप देते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों और समुद्री तटों की निस्वार्थ भाव से स्वच्छता एवं संरक्षण का व्यापक अभियान आज जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संदेश है। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य एवं प्रेरणास्पद आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के मार्गदर्शन में भारतवर्ष के 25 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेश के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 12 लाख स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। यह केवल एक पर्यावरणीय प्रयास नहीं, बल्कि अध्यात्म, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत समन्वय था, जो जन-जन के अंतर्मन को स्पर्श करते हुए जागरूकता एवं कर्तव्यबोध की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाता है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में, बाबा हरदेव सिंह जी की अनेक शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस 'प्रोजेक्ट अमृत' का आयोजन किया गया। यह परियोजना मानवता को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाते हुए जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन के प्रति सामूहिक संकल्प का संदेश देती है। दिल्ली के बुराड़ी चौक ग्राउंड नंबर.8 में आयोजित विशेष सत्संग कार्यक्रम में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने अमृतमय प्रवचनों में फरमाया कि बाबा जी की शिक्षाएँ केवल स्मरण करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए हैं। सतगुरु माता जी ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि शब्दों से नहीं, बल्कि कर्मों से दी जाती है। यदि हम स्वयं को उनके अनुयायी कहते हैं, तो हमें आत्ममंथन करना होगा कि क्या हम वास्तव में प्रेम, सेवा, करुणा और समदृष्टि जैसे मानवीय गुणों को अपने जीवन में धारण कर रहे हैं। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने सिखाया कि सेवा, सुमिरन और सत्संग जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर देशभर में प्रसारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा, अनुशासन एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई, जो आयोजन की सुव्यवस्थित एवं संस्कारित कार्यशैली को दर्शाता है। इसी अवसर पर खुले प्रांगण में सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

# यूपी बोर्ड परीक्षाः कलान में पकड़ा गया मुन्नाभाई

- दूसरे के स्थान पर दे रहा था पेपर
- सथरा धर्मपुर के श्रीगोकरन सिंह मेमोरियल इंटर में चेकिंग के दौरान में पकड़ा

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में चल रही नकलविहीन व शांतिपूर्ण यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को एक दाग लग गया। जिसके बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है। कलान के सथरा धर्मपुर स्थित श्री गोकरन सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में द्वितीय पाली में आयोजित जीव विज्ञान के पेपर में चैकिंग के दौरान जांच टीम के हत्थे एक मुन्ना भाई आया। जोकि एक छात्र के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। केन्द्र व्यवस्थापक ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है।

केन्द्र व्यवस्थापक लोकेश मिश्रा द्वारा कलान थाना में तहरीर देकर बताया कि बोर्ड परीक्षा की द्वितीय पाली में अवगत कराया गया है कि विद्यालय कोड-1277 श्री आरडीएसआईसी नौगवां मुबारकपुर से पंजीकृत छात्र दिव्यांश सिंह इण्टमीडिएट अनुक्रमांक संख्या 2265734959 पंजीकरण संख्या 2812771225/0242 के स्थान पर अनुज राजपूत फर्जी छात्र निवासी ग्राम विजपुरिया पोस्ट हरसिंगपुर, थाना अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद विषय जीव विज्ञान की परीक्षा देते हुए कक्ष संख्या-8 में जांच के दौरान पकड़ा गया। उक्त संदिग्ध व्यक्ति ने विद्यार्थी का फर्जी आधार कार्ड प्रस्तुत किया तथा पकडे संदिग्ध व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा एफआईआर दर्ज कराये जाने हेतु संबधित थाने में प्रार्थना पत्र दे दिया गया है। शेष सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई।

> गोकरन सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज सथरा धर्मपुर कलान में एक छात्र के स्थान पर फर्जी तरीके से दूसरे छात्र द्वारा इंटरमीडिएट की परीक्षा दी जा रही थी। चैकिंग के दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आया है। जिसके बाद केंद्र व्यवस्थापक द्वारा तहरीर देकर एफआईआर में कराई गई है। नकलचियों से निपटने के लिए कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> –अभिषेक सिंह, एसडीएम कलान

### अंग्रेजी पेपर में 2693 परीक्षार्थी अनुपस्थिति

यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को 10वीं के अंग्रेजी पेपर में 2693 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे ।39770 ने दी परीक्षा, कुल पंजीयन 42463 थे ।जबकि 12वीं में व्यावसायिक पेपर में 02 परीक्षार्थी गैरहाजिर, 311 परीक्षा में बैठे, कुल पंजीकृत संख्या 313 थी। द्वितीय पाली में जीवविज्ञान व गणित में 1069 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी ।पंजीकृत 20813 में से 19744 ने परीक्षा दी।

# सीडीओ ने क्लास टीचर बन, शिक्षा की गुणवत्ता की चेक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं व शिक्षा की गुणवत्ता का धरातल पर हकीकत जानने को सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने सोमवार को

कंपोजिट स्कूल मधवामई का निरीक्षण किया।.उन्होंने निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। उपस्थित अध्यापकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बच्चों की क्लास टीचर बनकर बच्चों को पढ़ाया और टीचर द्वारा पढ़ाए गये, विषय के बारे में बच्चों से जानकारी प्राप्त की।




# नरमू की मांग पर रेलवे बड़ी फील्ड में लगेगी ओपन जिम

- रेल कर्मियों में खुशी, परिवार को मिलेगा इसका लाभ

**रोजा, शाहजहांपुर।** नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की मांग पर रेल विभाग द्वारा रोजा की बड़ी फील्ड में जल्द ही ओपन जिम कक शुरूआत करने जा रहा है। रेल विभाग शुरूआत में फील्ड में तीन मशीन लगाने जा रहा हैं। जिसका लाभ रेलकर्मियों और परिवारको मिलेगा साथ ही सुबह शाम टहलने और व्यायाम करने वाले बड़े बुजुर्गों को भी इसका लाभ मिलेगा। रोजा में नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव अमित भगवत मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को पत्राचार कर बड़ी फील्ड में बच्चों आदि के लिए ओपन जिम लगवाने की मांग की थी। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया था कि रेल कर्मचारियों के व्यायाम के लिए एवं बच्चों के खेलने कूदने के लिए कोई भी साधन उपलब्ध नहीं हैं। जिससे सभी कर्मचारियों को बहुत दिक्कत होती है। रेल प्रशासन ने पत्र का संज्ञान लेते हुए ओपन जिम की तीन मशीन रोजा भेजी है। जिनको जल्द ही बड़ी में उचित स्थान पर लगवाया जाएगा। शाखा सचिव अमित भगवत मिश्रा ने बताया बड़ी फील्ड में ओपन जिम खुल जाने से रोजा रेलकर्मियों सहित सभी को इसका लाभ मिलेगा। बच्चे भी इसका आनन्द ले सकेंगे। उन्होंने बताया फिलहाल अभी तीन मशीन फील्ड में लगाई जाएंगी और प्रयास किया जाएगा। ओपन जिम लगने पर यूनियन के अध्यक्ष अवधेश कुमार सक्सेना, चंदन कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया हैं।



# श्रीराम चन्द्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के तीसरे चरण का समापन

- देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सवद-2026 के तीसरे चरण का आज समापन हो गया। सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देशदृविदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान साधना कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की कामना की।

श्री रामचंद्र मिशन आश्रम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की 153 वीं जयंती पर आयोजित बसंत उत्सव के अवसर पर दाजी ने समापन पर साधकों को प्रेम, करुणा और सेवा की भावना विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने आह्वान किया कि प्रतिदिन ध्यान करें, ईर्ष्या त्यागें, और अपने हृदय को दिव्य प्रेम से भरें। उन्होंने बताया कि ध्यान से सहनशक्ति और सही समझ विकसित होती है। आयोजन को सफल बनाने में मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, कृष्णा भारद्वाज, ममता सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, माया सिंह, डॉ. प्रसन्न कुमार, डॉ.एच के सिंह, डॉ. अभिनव सक्सेना के एम त्रिपाठी, सहित अनेक अभ्यासियों योगदान रहा।





### बसंत उत्सव के तीसरे बैच का समापन, मंगलवार से आरंभ होगा चौथा बैच

**शाहजहांपुर।** श्रीराम चन्द्र मिशन आश्रम में चल रहे बसंत उत्सव के तीसरे चरण का आज समापन हो गया। ध्यान के पश्चात वातावरण आध्यात्मिक भावनाओं से सराबोर हो उठा। देश-विदेश से पधारे अभ्यासी जब अपने घरों की ओर लौटने लगे, तो आश्रम में विरह का माहौल दिखाई दिया।गुरु-भाइयों बहनों से बिछुड़ने का क्षण मानो हृदय में करुण स्वर छेड़ रहा था लेकिन दूसरी ओर ठीक इसी समय आश्रम के द्वार पर चौथे चरण के लिए आगमन कर रहे अभ्यासी अपने गुरु के दर्शन और उनके सान्निध्य में ध्यान-साधना कर आध्यात्मिक उन्नति की अभिलाषा लिए उल्लासित दिखाई दिए। उनके चेहरों पर उत्सुकता और आनंद साफ झलक रहा था। आश्रम में जहाँ एक ओर बिछोह की पीड़ा थी, वहीं दूसरी ओर आध्यात्मिक उन्नति की आशा नई प्रभात की भांति प्रस्फुटित हो रही थी।

# स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का समापन, उपभोक्ताओं को मिलीं व्यापक सहूलियतें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा 9 फरवरी से शुरू हुआ स्मार्ट मीटर पखवाड़ा 23 फरवरी को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया है। इस दौरान लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत में व्यापक स्तर पर उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन 25 उपखंडों पर सहायता केंद्र स्थापित किए गए। लखनऊ में करीब 4700, बरेली में 3200, शाहजहांपुर में 2357, पीलीभीत में 1132 और बदायूं में करीब 2700 उपभोक्ताओं ने सहायता केंद्रों पर पहुंचकर स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं का समाधान कराया। पखवाड़ा के दौरान उपभोक्ताओं को कई प्रकार की सहूलियतें प्रदान की गई। हेल्प डेस्क के साथ साथ उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, रिचार्ज प्रक्रिया और बिलिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन में ऐप इंस्टॉल कराकर उन्हें बिजली खपत की रियल टाइम मॉनिटरिंग और ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा से अवगत कराया गया। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों को मौके पर ही सुना और निस्तारित किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जागरूकता अभियान के दौरान स्मार्ट मीटर के फायदे विस्तार से बताए गए, जिसकी उपभोक्ताओं में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। चैक मीटर के माध्यम से पारंपरिक मीटरों की तुलना कर स्मार्ट मीटर की पारदर्शी और सटीक कार्यप्रणाली भी समझाई गई। निगम ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगवाकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और डिजिटल व्यवस्था को अपनाने में सहयोग करें। उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ 9 लाख 78 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जाने हैं। जिनमें से 83 लाख 92 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जा चुके हैं।



### इसलिए जरूरी है स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को वास्तविक समय की बिजली खपत की जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी खपत पर नजर रख सकते हैं और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। इस स्मार्ट मीटर से गलत बिजली बिल की संभावना नहीं रहती है। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी खपत पर नजर रखने की सुविधा मिलती है, साथ ही बिजली कटौती की जानकारी भी पहले से मिल जाती है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर में लोड मैनेजमेंट की सुविधा भी है, जो अधिक बिजली खपत होने पर उपभोक्ताओं को अलर्ट कर देती है। शाहजहांपुर अधीक्षण अभियंता अनुज प्रताप ने बताया कि स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के दौरान उपभोक्ताओं को कई प्रकार की सहूलियतें प्रदान की गई। इस अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए गए, मोबाइल एप इंस्टाल कराया गया तथा बिजली बिल, खपत और रिचार्ज से जुड़ी जानकारियां दी गई।

# नगर राजनीति के चाणक्य पूर्व शिक्षक अशोक शर्मा का निधन

- मंगलवार को सरऊ श्मशान घाट पर होगा अंतिम संस्कार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज ।**

प्रदेश स्तर तक राजनीति में खासी पैठ रखने और स्थानीय राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले सेवा निवृत शिक्षक अशोक शर्मा 75 का लंबी बीमारी के बाद रविवार रात निज निवास पर असामयिक निधन हो गया।

जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे नगर के सरऊ श्मशान घाट पर किया जाएगा । उनके निधन की खबर मिलते ही तमाम लोग शोकग्रस्त हो उनके अंतिम दर्शनों के लिए निज निवास पहुंचे। बता दें कि श्री शर्मा लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। वर्ष 2021 में उनकी धर्मपत्नी शोभा शर्मा का कोरोना काल में निधन हो जाने के बाद से वह बिस्तर के ही होकर रह गए। विस्तर पर ही उनकी सेवा टहल होती रही। रविवार को उनकी हालत बिगड़ने पर उनके अनुज अरविंद शर्मा ने एक स्थानीय निजी अस्पताल में दिखाया । देर रात करीब 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली । विडंबना यह रही कि उनके इकलौते बेटे विवेक शर्मा पत्नी बच्चों के साथ चार दिन पूर्व श्री रामेश्वरम धाम तीर्थ गए हुए थे । सेवक अनिल उनकी सेवा में तत्पर रहा । पिता के निधन की सूचना मिलते ही विवेक शर्मा रात में मदुरई पहुंचे । रात्रि में कोई साधन न होने पर उन्होंने सोमवार सुबह की फ्लाइट ली और दोपहर एक बजे दिल्ली पहुंचे । फिर देर शाम सात बजे तिलहर पहुंचकर दुनिया को अलविदा कर चुके पिता के शव दर्शन किए । विवेक शर्मा ने बताया कि मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा । वह अपने पीछे बेटा विवेक, बहू डॉ श्रद्धा कौशल, बेटी स्वाति, डौली तथा पौत्रों समेत परिजनों को बिलखता छोड़ गए हैं।



## सीडीओ ने किया ब्लाक का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** सीडीओ अपराजिता सिंह ने विकास खंड निगोही कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित पाए गए। कार्यालय में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम एवं समस्त पेंशन योजनाओं से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। अभिलेखों का परीक्षण करते हुए अलमारियों की व्यवस्था, उपस्थिति पंजिका तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित फाइलों का निरीक्षण किया गया। समस्त योजनाओं के कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। विकास खंड परिसर में संचालित प्रेरणा कैंटीन का अवलोकन किया गया तथा केवल अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद ही विक्रय किए जाने की सलाह दी गई।

# पाक अधिकृत कश्मीर भारत के लिए सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैः डॉ. ओझा

- एसएस विधि महाविद्यालय में आयोजित हुई गोष्ठी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

लद्धाख एवम् जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र शाहजीपुर की ओर से संकल्प दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एसएस विधि महाविद्यालय में इस विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसएस लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जयशंकर ओझा ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत के लिए सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की अति प्राचीन मंदिर शारदा शक्ति पीठ और कई अन्य महत्त्वमूर्ण मंदिर उसी जगह पर स्थित है। भारत माता की आधी शीश को पाकिस्तान द्वारा धोखे से काट कर शेष भारत से अलग कर दिया गया और जबरिया कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के मूल निवासियों पर इतने जुल्म किए की आज वहां की जनता एक स्वर से भारत सरकार से तुरंत कार्यवाही की मांग कर रही है। इस अवसर पर लद्धाख एवम् जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र के संयोजक डॉक्टर आलोक सिंह ने बताया कि जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख का कुल क्षेत्रफल 222236 वर्ग किलोमीटर है जिसमें से लगभग 12 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन तथा पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। वहां के भौगोलिक स्थिति के बारे में बोलते हुए कहा कि उनके कब्जे वाली भूमि की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान और रूस से मिलती है जिसके कारण सामरिक दृष्टि से यह क्षेत्र भारत के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। राजकीय प्रेम किशन खन्ना डिग्री कॉलेज जलालाबाद मे इस विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित हुआआयोजित हुआ जिसमें वहां के प्राचार्य प्रोफेसर एसके यादव ने बोलते हुए बताया कि संसद के दोनो सदनों में एकमत से प्रस्ताव 22 फरवरी 1994 को पारित कर सकल्प लिया गया था कि भारत अपने एक एक इंच भूमि को वापस लेगा। एल बी एस इंटर कॉलेज तिलहर में अध्यापकों की एक गोष्ठी हुई जिसमें संबोधित करते हुए डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि अध्ययन केंद्र इस विषय को जन जन तक पहुंचने का कार्य किया है जिसके फलस्वरूप अब केंद्र सरकार ने अपने मातृ भूमि के उस हिस्से को वापस प्राप्त करने की दिशा में गम्भीर प्रयास शुरु किया है। इन आयोजनों में डॉ संदीप दीक्षि, डॉ चन्दन गिरि गोस्वामी डॉ संदीप अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त किया।




# राष्ट्रीय स्वयंसेविकाओं ने किया थाने का भ्रमण, ली जानकारी

- महिला सशक्तीकरण पर निकाली रैली, किया जागरूक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई ने संयुक्त रूप से सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा एवं डॉ रानू दुबे के दिशा निर्देशन में महिला सुरक्षा जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी हेतु महिला थाना पहुंची, जहाँ पर उन्होंने महिला थाना अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री एवं अन्य सदस्यों से थाने की सारी जानकारी ली, किस प्रकार शिकायत की जाती है और शिकायतों का कैसे निवारण किया जाता है। सहायता हेतु जरूरी फोन नंबर आदि की जानकारी ली। इसके उपरांत अपने कार्य स्थल अहमद पुर रेती एवं लोक विहार कॉलोनी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा महिला सशक्तिकरण पर एक रैली लेकर गई, वहां के निवासियों को राहगीरो को और आस पास की सभी बालिकाओं और महिलाओं को जरूरी सहायता हेतु आवश्यक जानकारी एवं फोन नंबर से अवगत कराया और नारे लगते हुए जन जागरूकता अभियान चलाया और अंत में इस रैली को प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर रेती तक लेकर गये। जहां पर से एसआईआर का कार्य कर रहे बीएलओ से आवश्यक जानकारी ली, एवं स्कूल का भ्रमण किया। शिविर के द्वितीय सत्र में मानसिक स्वास्थ्य पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि नंदिनी सक्सेना ने सभी छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए अपने विचारों से प्रेरित किया कि मानसिक स्वास्थ्य पर हमको कैसे ध्यान रखना चाहिए , अनिंद्रा और तनाव से कैसे हम बच सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री ऋतु शर्मा ने सभी को अपने विचारों से जागरूक करते हुए मानसिक स्वास्थ के प्रति सजग रहने हेतु एवं महिला शिक्षा हेतु अपने विचारों को प्रेषित किया कि जब नारी का सम्मान होगा तभी देश का विकास होगा। साथ ही छात्राओं को प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। बेटियों की पढ़ाई कराने के लिए जागरूक कराया। इसी श्रृंखला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू दुबे के निर्देशन मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर मे स्वयंसेविकाओं सहित शालिनी श्रीवास्तव एवं संध्या भारती, सुधा पांडेय एवं सुधीर का विशेष सहयोग रहा।




**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र फूल मियां को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। अख्तर पुत्र असगर निवासी 197 मोहल्ला एमनजई जलालनगर थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपनी पुत्री गरिमा सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। गंगा वक्श सिंह पुत्र स्व. करन सिंह व रेशमा देवी पत्नी गंगा वक्श सिंह नि.ग्रा. मूड़ा हारिस थाना सिंधौली, हाल.नि. शहमतगंज गौटिया, थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी शाहाबाद, हरदोई**
**वाद संख्या टी 202510330204833**
**अंतर्गत धारा 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 बावत आराजी ग्राम कुसुमा परगना आलमनगर तहसील शाहाबाद जिला हरदोई**

राम रतन
बनाम
अजय कुमार आदि नोटिस

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राम रतन पुत्र द्वारिका निवासी अल्लाहपुर सैदीखेल तहसील शाहाबाद जिला हरदोई ने प्रतिवादी अजय कुमार, राकेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार पुत्रगण बाबूराम निवासी ग्राम लोकपुर मजरा कुसुमा परगना आलमनगर तहसील शाहाबाद दिनेश कुमार, बिजेंद्र कुमार पुत्रगण राजाराम निबासी ग्राम लोकपुर मजरा कुसुमा परगना आलमनगर तहसील शाहाबाद और महेन्द्र कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल तहसील शाहाबाद जिला हरदोई और ग्राम सभा कुसुमा द्वारा ग्राम प्रधान कुसुमा परगना आलमनगर तहसील शाहाबाद जिला हरदोई के विरुद्ध उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा सूचना पत्र प्रेषित किए गए। नोटिस तामील उपरांत भी आप लोगों द्वारा उक्तवाद में अब तक कोई प्रतिवाद अत– प्रस्तुत नहीं किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जो मुकदमा हाजा से वाकिफ हो, न्यायालय में नियत तिथि 24-02-2026 को उपस्थित होकर अभिकथन प्रस्तुत करें, अथवा की स्थिति में एक पक्षीय कार्रवाही अमल में लाई जाएगी।

**न्यायालय**
**उप जिलाधिकारी शाहाबाद हरदोई ।**

**अदालती सूचना**

**ता.पेशी 09-03-2026 सम्मन तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शाहजहांपुर**
**वाद संख्या 2193 वर्ष 2025**
**डी202512610002193**

आशीष गंगवार आदि
बनाम

श्रीकृष्ण आदि बनाम 1- श्रीकृष्ण पुत्र बादशाह 2- रामदीन पुत्र रामविलास नि.ग्रा. समधाना पर. तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर 3- कालीचरण पुत्र गोमिदराम 4- भीमसेन पुत्र गोमिदराम 5- श्रीमती चित्तो पत्नी छेदा निवासीगण ग्राम चकुलिया डा. परसौना खलीलपुर परत्र व तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर 6- श्रीराम जानकी विराजमान मंदिर स्थित ग्राम समधाना पर. तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर द्वारा पुजारी श्रीराम जानकी विराजमान मंदिर 7- ग्राम सभा ग्राम समधाना पर. व तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर द्वारा ग्राम प्रधान...प्रतिवादीगण

हरगाह आशीष कुमार गंगवार आदि वादीगण उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश दायर की है। लिहाजा आपको को हुक्म होता है कि व तारीख 09 माह 03 सन 2026 ई. ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मारफत बकील जो मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया है हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपने जबावदेही के इस्तदलाल करना चहाते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्खत व मोहर अदालत आज व तारीख 20 माह 02 सन 2026ई. को जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार**
**पेशकार/अहलमद माल अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शाहजहांपुर।**

## एआई दे रहा हुनर बढ़ाने का अवसर

दिल्ली के भारत मंडपम में पहला 'इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट' आयोजित करने का भारत का फैसला केवल तकनीकी या कूटनीतिक नहीं, बल्कि यह एक गहरे बदलाव का संकेत है। यह बदलाव इस बात से जुड़ा है कि आने वाले समय में काम कैसे होगा। नौकरियां कैसे मिलेंगी? लोग अपने करियर को कैसे आगे बढ़ाएंगे? आज आम धारणा यह बन रही है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी ए.आई. लोगों की नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई इससे कहीं अलग है। ए.आई. काम को खत्म नहीं कर रहा, बल्कि पुराने और जड़ हो चुके रोजगार के तरीकों को बदल रहा है और लोगों को नए हुनर सीखने के लिए प्रेरित कर रहा है। ए.आई. खासतौर पर उन कामों को बहुत तेजी से और सटीक तरीके से कर सकता है, जो बार-बार दोहराए जाते हैं और जिनमें ज्यादा रचनात्मक सोच की जरूरत नहीं होती। जैसे रिपोर्ट बनाना, डाटा का विश्लेषण करना, सामान्य कोड लिखना, ग्राहक सेवा के सवालों के जवाब देना या दस्तावेजों को व्यवस्थित करना। पहले इन कामों के लिए बड़ी संख्या में जूनियर कर्मचारियों की जरूरत होती थी। अब वही काम ए.आई. कुछ ही मिनटों में कर सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि काम खत्म हो गया, बल्कि इसका मतलब यह है कि काम की प्रकृति तेजी से बदल रही है। इतिहास गवाह है कि हर नई तकनीक ने पुराने कामों को बदला है लेकिन साथ ही नए अवसर भी पैदा किए हैं। जब मशीनें आईं, तो हाथ से काम करने वाले कारीगरों की जरूरत कम हुई, लेकिन इंजीनियर, मशीन ऑप्रेटर और मैनेजर जैसे नए पेशे सामने आए। 1990 के दशक में कम्प्यूटर आए, तो टाइपिस्ट और क्लर्क की जरूरत कम नहीं हुई, बल्कि वे भी कम्प्यूटर सीख कर काम में तेजी लाए। इसके साथ ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ और डाटा विश्लेषक जैसे नए पेशे पैदा हुए। आज ए.आई. उसी प्रक्रिया का अगला चरण है। ए.आई. की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह इंसानों की जगह लेने की बजाय उनकी क्षमता को बढ़ाता है। ए.आई. जानकारी दे सकता है, सुझाव दे सकता है और कई कामों को आसान बना सकता है लेकिन अंतिम निर्णय लेना, सही दिशा तय करना और जटिल समस्याओं को समझना अभी भी इंसानों की जिम्मेदारी है। उदाहरण के लिए, ए.आई. कोड लिख सकता है लेकिन यह तय करना कि उस कोड का इस्तेमाल कैसे होगा और वह किसी कंपनी या समाज के लिए कितना उपयोगी होगा, यह इंसान ही तय करता है। इसी तरह, ए.आई. डॉक्टर की मदद कर सकता है लेकिन मरीज के साथ बातचीत करना और उसकी बीमारी व भावनाओं को डॉक्टर ही समझ सकता है। इस बदलाव का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि अब केवल डिग्रीधारी होना काफी नहीं होगा। अब सबसे जरूरी है लगातार नए हुनर सीखना। इसमें सोचने की क्षमता, समस्या सुलझाने की योग्यता, रचनात्मकता और नई परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता विकसित करने की जरूरत है। भारत के लिए यह बदलाव एक बड़ी चुनौती होने के साथ एक बड़ा अवसर भी है। भारत की युवा आबादी, मजबूत डिजिटल ढांचा और तेजी से बढ़ती तकनीकी क्षमता इसे ए.आई. युग में अग्रणी बना सकती है। भारत ने पहले ही डिजिटल पहचान, डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। अब ए.आई. शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और शासन जैसे क्षेत्रों में सुधार ला सकता है। यदि भारत अपने युवाओं को ए.आई. के साथ काम करने के लिए तैयार कर लेता है, तो वह दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ए.आई.-सक्षम राष्ट्र बन सकता है। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ तो समाज में असमानता बढ़ सकती है, जहां कुछ लोग आगे बढ़ेंगे तो बाकी पीछे छूट जाएंगे। इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट में 30 से अधिक देशों की भागीदारी से भारत इस बदलाव में आगे बढ़ कर नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। यह समिट केवल तकनीक के बारे में नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के बारे में है, कि ए.आई. का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। सच्चाई यह है कि ए.आई. काम का अंत नहीं है, बल्कि हुनरमंद युग की शुरुआत है।

# नई दिल्ली घोषणा से कृषि क्रांति तक भविष्य की वैश्विक धुरी एआई

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*




**एआई के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका समावेशी दृष्टिकोण है। यहां एआई को केवल कॉर्पोरेट लाभ का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का उपकरण माना जा रहा है। इसका सबसे सशक्त उदाहरण कृषि क्षेत्र में दिखाई देता है। इस संदर्भ में मुंबई में आयोजित AIyAgri 2026 सम्मेलन को देखा जा सकता है, जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि भारत की अगली कृषि क्रांति एआई संचालित होगी। इंडिया एआई मिशन, जिसका बजट 10,372 करोड़ रुपये है, स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग क्षमता, डेटा सेट और स्टार्टअप ढांचे को मजबूत कर रहा है। भारतजन के तहत विकसित Agri Param मॉडल 22 भारतीय भाषाओं में किसानों को सलाह प्रदान कर रहा है। यह भाषाई समावेशन एआई को वास्तविक अर्थों में जन-केंद्रित बनाता है। ड्रोन और उपग्रह आधारित मैपिंग से लेकर जलवायु पूर्वानुमान और जैव प्रौद्योगिकी तक, एआई का एकीकृत उपयोग कृषि को अधिक सटीक, टिकाऊ और लाभकारी बना रहा है। यदि 60 करोड़ किसानों की उत्पादकता में केवल 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो यह इस सदी का सबसे बड़ा गरीबी-निवारण अवसर सिद्ध हो सकता है, और भारत इस परिवर्तन का सह-निर्माता बन रहा है।**
**ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल बना भारत की ताकत:- भारत की रणनीति का एक और महत्वपूर्ण आयाम ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल है। पश्चिमी देशों के बंद और पेटेंट-आधारित ढांचे के विपरीत, भारत सुलभ और पारदर्शी एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है। कम लागत वाले डेटा सेंटर, ऊर्जा दक्ष अवसंरचना और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटे, उद्देश्य-विशिष्ट एआई मॉडल भारत को व्यापक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं।**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने विश्व समुदाय को यह स्पष्ट संकेत दे दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत अब नीति निर्धारण और वैश्विक दिशा तय करने वाला देश बन चुका है। 89 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी तथा 88 देशों द्वारा हस्ताक्षरित नई दिल्ली घोषणा ने भारत के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को जब अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की, तब इसके साथ यह भी तय हो गया कि भारत अब एआई क्राति में आर्थिक, सामाजिक और नैतिक आयामों को समेटने वाला देश बनने जा रहा है।

दरअसल, नई दिल्ली घोषणा का मूल दर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस विचार में निहित है, जिसमें एआई को मानव कल्याण का साधन माना गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि यह घोषणापत्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से प्रेरित है। इसका उद्देश्य एआई संसाधनों और उसके लाभों को कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित रखने के बजाय पूरी मानवता तक पहुंचाना है। घोषणा में सात प्रमुख स्तंभों को आधार बनाया गया है; एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई, सुरक्षित और भरोसेमंद एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण, मानव पूंजी विकास तथा लचीली और ऊर्जा-कुशल प्रणालियां। यहां यह ढांचा वैश्विक सहयोग की नई संरचना प्रस्तुत करता हुआ दिखा है, जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करते हुए साझा प्रगति को प्राथमिकता दी गई है।

**700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी:-** इस समिट ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया कि भारत एआई निवेश का नया वैश्विक केंद्र बन रहा है। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और अल्फाबेट जैसी दिग्गज कंपनियां एआई पर वैश्विक स्तर पर लगभग 700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी में हैं। भारत में बड़े औद्योगिक समूहों ने भी अभूतपूर्व निवेश योजनाओं की घोषणा की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लगभग 110 अरब डॉलर डेटा सेंटर और संबंधित अवसंरचना में निवेश की योजना बना रही है, जबकि अदाणी ग्रुप ने अगले दस वर्षों में 100 अरब डॉलर एआई आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए निर्धारित किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने इस दशक के अंत तक ग्लोबल साउथ देशों में 50 अरब डॉलर निवेश की दिशा में बढ़ने की बात कही है।

**भारत की डिजिटल संप्रभुता की वैश्विक धाक:-** ओपनएआई और एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज ने टाटा समूह के साथ मिलकर भारत में एआई क्षमताओं को मजबूत करने का संकल्प लिया है। ब्लैकस्टोन ने भारतीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेयसा में 600 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। एनवीडिया ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने की घोषणा की है। ये निवेश केवल पूंजी प्रवाह नहीं हैं; ये भारत की डिजिटल संप्रभुता, डेटा अवसंरचना और तकनीकी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत हैं।

**भारत अब वैश्विक तकनीकी विमर्श का केंद्र:-** समिट में वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की उपस्थिति ने भारत की बढ़ती साख को और मजबूत किया। ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, अल्फाबेट के सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदेई और गूगल डीपमाइंड के डेमिस हासाबिस जैसे वैश्विक नेता इस आयोजन में शामिल हुए। निश्चित ही यह भागीदारी संकेत है कि भारत अब वैश्विक तकनीकी विमर्श का केंद्र बन चुका है। अमेरिका और भारत के बीच पैक्स सिलिका समझौते ने सिलिकॉन आधारित तकनीकों की वैश्विक आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने के सहयोग को नया आयाम दिया है। भारत द्वारा 18 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी देना इस रणनीतिक दृष्टि का आधार है।

एआई के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका समावेशी दृष्टिकोण है। यहां एआई को केवल कॉर्पोरेट लाभ का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का उपकरण माना जा रहा है। इसका सबसे सशक्त उदाहरण कृषि क्षेत्र में दिखाई देता है। इस संदर्भ में मुंबई में आयोजित AIyAgri 2026 सम्मेलन को देखा जा सकता है, जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि भारत की अगली कृषि क्रांति एआई संचालित होगी।

इंडिया एआई मिशन, जिसका बजट 10,372 करोड़ रुपये है, स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग क्षमता, डेटा सेट और स्टार्टअप ढांचे को मजबूत कर रहा है। भारतजन के तहत विकसित Agri Param मॉडल 22 भारतीय भाषाओं में किसानों को सलाह प्रदान कर रहा है। यह भाषाई समावेशन एआई को वास्तविक अर्थों में जन-केंद्रित बनाता है। ड्रोन और उपग्रह आधारित मैपिंग से लेकर जलवायु पूर्वानुमान और जैव प्रौद्योगिकी तक, एआई का एकीकृत उपयोग कृषि को अधिक सटीक, टिकाऊ और लाभकारी बना रहा है। यदि 60 करोड़ किसानों की उत्पादकता में केवल 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो यह इस सदी का सबसे बड़ा गरीबी-निवारण अवसर सिद्ध हो सकता है, और भारत इस परिवर्तन का सह-निर्माता बन रहा है।

**ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल बना भारत की ताकत:-** भारत की रणनीति का एक और महत्वपूर्ण आयाम ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल है। पश्चिमी देशों के बंद और पेटेंट-आधारित ढांचे के विपरीत, भारत सुलभ और पारदर्शी एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है। कम लागत वाले डेटा सेंटर, ऊर्जा दक्ष अवसंरचना और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटे, उद्देश्य-विशिष्ट एआई मॉडल भारत को व्यापक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में मोबाइल आधारित एआई समाधान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि तकनीक का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

भारत की जनसंख्या संरचना भी इस परिवर्तन को गति दे रही है। 1.4 अरब की आबादी, विशाल युवा प्रतिभा-आधार और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था इसे वैश्विक एआई हब बनने के लिए उपयुक्त बनाती है। आधार, यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मजबूत आधारभूत ढांचे एआई अनुप्रयोगों के लिए तैयार मंच प्रदान करते हैं। नीतिगत स्पष्टता, निवेश की बाढ़ और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का संयोजन भारत को एक अद्वितीय स्थिति में खड़ा करता है।

**भारत विश्व व्यवस्था का एक प्रमुख एआई निर्माता बनने की ओर अग्रसर:-** अतः इस संदर्भ में कहना यही है कि नई दिल्ली घोषणा ने आज ये संदेश दिया है कि एआई का उद्देश्य दक्षता बढ़ाने के साथ ही समानता और समावेशन सुनिश्चित करना है। निवेश प्रतिबद्धताएं भारत को अवसंरचना और नवाचार की शक्ति प्रदान कर रही हैं, जबकि कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रयोग यह सिद्ध कर रहे हैं कि एआई जमीन पर वास्तविक परिवर्तन ला सकता है।

इस आधार पर यही सच प्रतीत होता है कि यदि बीती सदी औद्योगिक क्रांति की थी और वर्तमान सदी डिजिटल क्रांति की है तो आने वाला दशक एआई क्रांति का होगा। इस क्रांति की धुरी वही देश बन सकता है, जोकि तकनीक को मानव कल्याण से जोड़कर वैश्विक सहयोग का सेतु बन सके। साथ ही जिसमें नवाचार को समावेशी बनाने की क्षमता हो। कहना होगा कि आज ये संकेत स्पष्ट हैं; भारत उसी दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है और एआई के युग में विश्व व्यवस्था का एक प्रमुख निर्माता बनने की ओर अग्रसर है।

## विचार

# योगी सरकार ने सिंगापुर में किये 6650 करोड़ के समझौते



*अजय कुमार*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजकल विदेश दौरे पर हैं। उनका यह दौरा आज 23 फरवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा, जिसमें योगी को पहले दो दिन सिंगापुर और उसके बाद दो दिन जापान में गुजारना है। इसी क्रम में आज सिंगापुर पहुंचते ही सीएम योगी ने निवेशकों के साथ गहन चर्चा की और जी-टू-बी बैठकों का आयोजन भी किया गया, जिसमें 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई, जहां सीएम ने उत्तर प्रदेश की स्थिर नीतियों, मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर बुनियादी ढांचे की ताकत बताई। पहले ही दिन तीन महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनकी राशि छह हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये बताई जा रही है। इन समझौतों से शहरी विकास, स्मार्ट शहर परियोजनाएं, जल प्रबंधन और कौशल विकास के क्षेत्रों में प्रगति होगी। सिंगापुर के गृह मंत्री और विदेश मंत्री से उनकी भेंट ने राजनयिक स्तर पर भी मजबूती प्रदान की। उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित कर प्रदेश के अवसरों से अवगत कराया और निवेश का भरोसा जगाया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को निर्माण केंद्र और एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाना था। योगी ने निवेशकों को बताया कि प्रदेश में एकल खिड़की प्रणाली से अनुमोदन प्रक्रिया सरल हो गई है, बिजली-पानी की आपूर्ति निर्बाध है और एक्सप्रेसवे तथा औद्योगिक पार्कों का जाल बिछ चुका है। सिंगापुर जैसे विकसित देश ने हमेशा प्रौद्योगिकी और वित्तीय क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, इसलिए वहां से प्राप्त सहयोग प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। रोड शो के माध्यम से उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित किया और प्रदेश की 36 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का वादा किया। पिछले वैश्विक निवेशक समिट में 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले थे, जिन पर कार्य शुरू हो चुका है, और यह दौरा उसी श्रृंखला का हिस्सा था। सिंगापुर से लौटते हुए योगी ने कहा कि यह यात्रा निवेश की नई लहर लाएगी, जो लाखों नौकरियां पैदा करेगी।

जापान प्रवास के दौरान योगी आदित्यनाथ ने यमनाशानी प्रांत के राज्यपाल से भेंट की और उच्च गति रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। जापान की उन्नत रेल प्रौद्योगिकी उत्तर प्रदेश के लिए वरदान साबित हो सकती है, खासकर मगलेव ट्रेन जैसी परियोजनाओं के लिए। उन्होंने वहां भारतीय समुदाय के साथ सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किया और निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला। जापान के निवेशक निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में रुचि दिखा रहे हैं। योगी ने जापानी कंपनियों को प्रदेश के विशाल बाजार और कुशल श्रमिकों के बारे में बताया। इस दौरे से प्राप्त प्रतिबद्धताएं ऊर्जा, परिवहन और तकनीकी क्षेत्रों को मजबूत करेंगी। जापान जैसे देश से निवेश आने से प्रदेश का निर्यात बढ़ेगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उत्तर प्रदेश की स्थिति मजबूत होगी। कुल मिलाकर, चार दिनों में हुई बैठकों ने दर्जनों संभावनाएं खोली हैं, जो राज्य को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगी।

इस यात्रा से उत्तर प्रदेश को निवेश के अलावा अन्य लाभ भी मिले। सिंगापुर से प्राप्त समझौते जल प्रबंधन में नई तकनीक लाएंगे, जो गंगा सफाई और नदी जोड़ परियोजनाओं को गति देंगे। कौशल



विकास के क्षेत्र में साझेदारी से युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे बेरोजगारी कम होगी। जापान से उच्च गति परिवहन प्रौद्योगिकी हासिल होने से एक्सप्रेसवे और मेट्रो परियोजनाएं तेज होंगी। योगी सरकार ने पहले ही निवेश नीतियों को सरल बनाया है, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हुआ। प्रदेश अब निवेशकों का भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है, जहां भूमि बैंक, सस्ती बिजली और सुरक्षा का वातावरण उपलब्ध है। इस दौरे ने वैश्विक ब्रांडों का विश्वास बढ़ाया, जैसा कि वित्तीय वर्ष में सैकड़ों परियोजनाओं से स्पष्ट है। निवेश से ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग लगेंगे, जिससे प्रवासन रुकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

योगी आदित्यनाथ की यह यात्रा 2017 के म्यांमार दौरे के बाद पहली थी, जो दर्शाता है कि सरकार विदेशी निवेश पर कितना जोर दे रही है। सिंगापुर और जापान जैसे देशों से निवेश आने से प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद बढ़ेगा और एक ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य साकार होगा। निवेशकों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की प्रशंसा की, जो योगी के शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यात्रा से लौटकर योगी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और प्राप्त प्रतिबद्धताओं को जमीन पर उतारने के निर्देश दिए। इन निवेशों से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में प्रगति होगी। लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा, खासकर लखनऊ, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में। ग्रामीण इलाकों में सौर ऊर्जा परियोजनाएं लगेंगी, जो किसानों की आय दोगुनी करेंगी। कुल 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ गई यात्रा ने सभी क्षेत्रों को कवर किया।

इस दौरे की सफलता से उत्तर प्रदेश वैश्विक पटल पर चमकेगा। निवेश के अलावा सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जापान के राज्यपाल के साथ चर्चा से सांस्कृतिक केंद्र स्थापित हो सकते हैं। सिंगापुर की स्मार्ट सिटी तकनीक से प्रदेश के शहर आधुनिक बनेंगे। योगी ने निवेशकों को आश्वासन दिया कि सभी प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही होगी। यह यात्रा न केवल आर्थिक लाभ देगी, बल्कि राज्य की छवि को नया आयाम भी प्रदान करेगी। भविष्य में ऐसे और दौरे होंगे, जो प्रदेश को भारत का इंजन बनाएंगे। निवेश से उद्योग धंधे लगेंगे, बाजार फूलेंगे और कल्याणकारी योजनाएं मजबूत होंगी। योगी आदित्यनाथ का विजन स्पष्ट है- विकसित उत्तर प्रदेश, जो विश्व गुरु भारत का आधार बने। इस दौरे ने सिद्ध कर दिया कि मेहनत और दूर दृष्टि से असंभव कुछ नहीं। प्रदेशवासी गर्व से कह सकते हैं कि उनका राज्य अब वैश्विक निवेश का केंद्र है।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

## साहित्य



### न धृतराष्ट्र-गांधारी बनों प्रहरी..!

**संजय एम तराणेकर**

तीस से ज्यादा बच्चों ने हाथ की नस काट ली,
ऐसा लगा जैसे माता-पिता ने अंतिम सांस लीं।
हे पालकों क्यों? धृतराष्ट्र बन अपने घर बैठे हो,
बच्चों पर रखिए नज़र क्यों आँखें मून्दे बैठे हो।

लाख इसका दोष किसी ओर को चाहे दीजिए,
आप गांधारी सा आचरण तो उनसे न कीजिए।
संतान सेलफोन पे क्या? कर रही सुध लीजिए,
आत्मक्षति क्यों? हो रहीं उस पर ध्यान दीजिए।

युवामन डिजिटल संसार में गहराई से प्रभावित,
ऑनलाइन चैलेंज, हिंसक गेम्स क्षति संभावित।
माता-पिता, शिक्षक व समाज रखें इनसे संवाद,
घरेलू वातावरण ऐसा तैयार करें न जन्मे मवाद।
(संदर्भ-धमतरी में ब्लेड के पीछे छिपा सच)





## राशिफल

**मेष:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**वृषभ:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**सिंह:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित होगा।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# मेरठ रैपिड रेल के बहाने भाजपा ने विकास, राजनीति व 2027 का चुनावी गणित साधा



*संजय सक्सेना*

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को हुआ रैपिड रेल और मेट्रो परियोजना का उद्घाटन एक सामान्य सरकारी कार्यक्रम नहीं था। यह ऐसा मंच था जहां विकास के आंकड़े, राजनीतिक संदेश और भविष्य की चुनावी रणनीति एक साथ रखी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की बुनियाद अब खुले तौर पर रखी जा रही है।

दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल कॉरिडोर देश की सबसे महत्वाकांक्षी क्षेत्रीय परिवहन परियोजनाओं में गिना जा रहा है। इसकी कुल लंबाई करीब 82 किलोमीटर है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस परियोजना पर 12 हजार 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आई है। अब दिल्ली से मेरठ का सफर 50 से 55 मिनट में पूरा किया जा सकेगा, जबकि पहले यही दूरी सड़क मार्ग से तय करने में औसतन ढाई से तीन घंटे लगते थे। रैपिड रेल की अधिकतम डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है, जो इसे देश की सबसे तेज रफ्तार ट्रांजिट प्रणालियों में शामिल करती है। इसी कॉरिडोर के साथ मेरठ मेट्रो का संचालन भी शुरू किया गया है। इसका मकसद केवल दिल्ली से कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि शहर के भीतर आवाजाही को भी आसान बनाना है। सरकार का दावा है कि इससे रोजाना हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और ट्रैफिक का दबाव कम होगा। अधिकारियों के अनुसार, पूर्ण संचालन के बाद इस कॉरिडोर से हर दिन करीब ढाई से तीन लाख यात्रियों के सफर करने की क्षमता विकसित की गई है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इन आंकड़ों को विकास की उपलब्धि के रूप में पेश किया, लेकिन संदेश सिर्फ इतना नहीं था। मंच से यह बार-बार रेखांकित किया गया कि इतने बड़े प्रोजेक्ट तभी संभव हो पाए जब केंद्र और राज्य सरकारें एक साथ काम कर रही हों। योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कानून-व्यवस्था, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर को उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया गया। यह सीधा संकेत था कि भाजपा 'डबल इंजन सरकार' के नैरेटिव को 2027 तक और मजबूत करने जा रही है।राजनीतिक दृष्टि से सबसे दिलचस्प पहलू विपक्ष पर किया गया हमला रहा। इस मंच से कांग्रेस पर तीखे शब्दों में निशाना साधा गया। पहली नजर में यह अटपटा लग सकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी से माना जाता है। लेकिन राजनीति में विमर्श तय करना भी रणनीति का हिस्सा होता है। कांग्रेस को केंद्र में रखकर हमला करने से विपक्षी खेमे के भीतर नेतृत्व और दिशा को लेकर असमंजस पैदा करने की कोशिश साफ दिखी। इसका सीधा असर समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव पर पड़ता है। यदि विपक्षी राजनीति का केंद्र कांग्रेस बनती है, तो सपा को न केवल अपने पारंपरिक वोट बैंक को संभालना होगा, बल्कि विपक्षी एकता में अपनी भूमिका को भी नए सिरे से परिभाषित करना पड़ेगा। यह दबाव केवल सीटों का नहीं, बल्कि नेतृत्व और वैचारिक दिशा का भी है। मेरठ का मंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखकर चुना गया। यह इलाका किसान आंदोलन, जातीय समीकरण और शहरीकरण तीनों के लिहाज से अहम माना जाता है। रैपिड रेल जैसी परियोजना के जरिए भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि विकास का लाभ सीधे इसी क्षेत्र को मिल रहा है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस कॉरिडोर से जुड़े क्षेत्रों में जमीन के दाम, औद्योगिक निवेश और निजी प्रोजेक्ट्स में पहले ही बढ़ोतरी देखी जा रही है।सरकार का दावा है कि परियोजना के निर्माण और संचालन के दौरान करीब 30 हजार से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके अलावा, दिल्ली-एनसीआर के औद्योगिक और कॉरपोरेट हब तक तेज पहुंच मिलने से मेरठ, मोदीनगर और आसपास के शहरों के युवाओं के लिए नौकरी के नए विकल्प खुलेंगे। यही वह आर्थिक तर्क है, जिसे भाजपा राजनीतिक भरोसे में बदलने की कोशिश कर रही है।

योगी आदित्यनाथ को मंच से जिस तरह विकास और सुशासन के चेहरे के रूप में पेश किया गया, वह भी 2027 की राजनीति से जुड़ा संकेत है। भाजपा यह दिखाना चाहती है कि राज्य में नेतृत्व स्थिर है और केंद्र का पूरा समर्थन उसे हासिल है। 2017 और 2022 के चुनावों में कानून-व्यवस्था और मजबूत नेतृत्व जिस तरह निर्णायक मुद्दा बना था, अब उसी के साथ बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को जोड़ा जा रहा है।मेरठ में दिखी यह तस्वीर बताती है कि भाजपा आने वाले चुनाव को केवल भावनात्मक या वैचारिक मुद्दों पर नहीं, बल्कि ठोस आंकड़ों और विकास के दावों पर लड़ने की तैयारी में है। दूसरी ओर विपक्ष के सामने चुनौती है कि वह इन आंकड़ों का जवाब किस एजेंडे से देगा सामाजिक न्याय, बेरोजगारी, महंगाई या गठबंधन की राजनीति से। कुल मिलाकर, मेरठ में रैपिड रेल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा संकेत बनकर उभरा है। यह कार्यक्रम विकास का उत्सव भी था और आने वाले चुनाव का संकेतक भी। भाजपा ने यहां से यह साफ कर दिया है कि 2027 की लड़ाई विकास, स्थिर नेतृत्व और बिखरे विपक्ष के मुकाबले के रूप में पेश की जाएगी। मेरठ से उठी यह राजनीतिक गूंज आने वाले महीनों में पूरे प्रदेश की राजनीति को दिशा देती दिख सकती है।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### युवती और किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव और एक मोहल्ले से एक युवती और एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवकों के खिलाफ पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम के रहने वाले पिता के अनुसार 4 फरवरी को उसके पुत्री घर पर अकेली थी। सुबह करीब 10:00 बजे अवनीश पुत्र बृजपाल निवासी ग्राम मुड़िया थाना जलालाबाद बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी युवक गांव में तेजाब बेचने आता था। जिसका ननिहाल फुन्ना निवासी नेवादा के यहां है। कस्बे के एक मोहल्ले निवासी पिता के अनुसार 22 फ़रवरी को वह पुत्र के साथ काम पर चला गया था। घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री थी। शाम की पांच बजे ज़ब वह काम से लौटा तो उसकी पुत्री घर पर नहीं थी। उसके द्वारा ढूंढने पर पता चला थाना छेत्र के ग्राम ककरघटा निवासी अमिताँशु पुत्र राम प्रताप पाल उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ कहीं भगा ले गया है।प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और युवती की तलाश की जा रही है।

### किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद/हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण के अनुसार उसकी 16 वर्षीय भतीजी 20 फरवरी को अचानक घर से गायब हो गई। सभी नाते, रिश्तेदारों एवं सहेलियों के यहां उसे ढूंढा गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक महिला सत्येंद्र कुमार ने बताया गुमशुदा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### गोद लिये गांव का नोडल अधिकारी करें भ्रमण: जिलाधिकारी

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के गोद लिए विद्यालयों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने सिडकों, एईएमआई, आबकारी, सिचाई, जल निगम आदि विभागों का प्रजेन्टेशन के माध्यम से पूर्व एवं अबतक के किये गये कार्यो की स्थिति का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि विद्यालयों मे खिड़की दरवाजे, फारसीलिगं, टाईल्स एवं वाल पेंटिगं का कार्य को सुचारू रूप से कराया जाये, जिससे कि बच्चों की रूचि बढेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा मे किये जाये। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोद लिये गांव का नियमित निरीक्षण करें व सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सभी उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### हरदोई में महापुरुषों को समर्पित द्वारों व प्रतिमाओं का हुआ लोकार्पण



**हरदोई।** एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से जिला पंचायत, हरदोई परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नितिन अग्रवाल के कर-कमलों से प्रभु श्रीराम द्वार एवं दीनदयाल उपाध्याय द्वार का लोकार्पण किया गया। साथ ही भीमराव रामजी अम्बेडकर, संत रविदास और संत गाडगे बाबा की पुण्य स्मृति में स्थापित नवनिर्मित प्रतिमाओं का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में जननायक मदारी पासी द्वार एवं रानी अवन्तीबाई लोधी द्वार का शिलान्यास भी संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने की, जबकि विशिष्ट अतिथियों में रजनी तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं समाज को उनके आदर्शों, त्याग और सेवा की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे द्वार केवल सौंदर्य नहीं बढ़ाते, बल्कि क्षेत्र के गौरव और विकास के प्रतीक भी होते हैं। वहीं रजनी तिवारी ने कहा कि यह आयोजन केवल लोकार्पण नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, इतिहास और विकास यात्रा का नया अध्याय है। अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण होना जनपद के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सभी से महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं और अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की स्मारिका 'संकल्प पथ' का भी विमोचन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में जनपदवासियों की उपस्थिति रही।

### युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर हड़पे रुपए

**मौदहा हमीरपुर।** नगर समेत क्षेत्र में गरीब बेरोजगार युवकों को विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपया हड़पने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं हालांकि ऐसे ही एक मामले को लेकर पीड़ित में मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंच शिकायत कर चुका है कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम कम्हरिया निवासी जलीस पुत्र जुम्मन ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि मौदहा कस्बे उपरौस निवासी सैफुल हयात पुत्र हयात ने 25 मई 2025 को उसे विदेश भेजने वहां अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ?400000 ले लिए थे जिसमें सैफुल ने इसे 31 मई को मुंबई से सऊदी अरब भेज दिया जहां उसे एग्रीमेंट के तहत काम न देकर वहां के ठेकेदारों के तहत मजदूरी करनी पड़ी। वह किसी तरह अपने देश लौट आया है उसने कोतवाली पुलिस से सैफुल हयात के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है इसी प्रकार ग्राम माचा निवासी हसन अली पुत्र शब्बीर अली ने भी बताया कि 10 मई 2025 को सैफुल हयात में उसे तथा उसके साथी माजिद अली पुत्र बशीर अली को विदेश भेजने का झांसा देकर उनके पासपोर्ट व अन्य कागजात समेत 400000 ले लिए और अपने मौदहा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लेने को कहा।प्रशिक्षण के 9 माह बीत जाने के बाद भी सैफुल उन्हें विदेश नहीं भेज रहा और नहीं उनके पासपोर्ट व रुपया वापस नहीं कर रहा। पीड़ित में आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें कि नगर के बड़े चौराहा निवासी समीम उद्दीन पुत्र फैयाजुद्दीन ने सैफुल हयात पर विदेश भेजने के का झांसा देकर उससे लाखों रुपया लिया था जिस पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला भी दर्ज किया था। इसी मामले को लेकर शमीमुद्दीन ने मुख्यमंत्री के दरबार पर पहुंच सैफुल हयात के खिलाफ जांच करा कड़ी कार्यवाही की मांग कर चुका है। कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है आरोपी के विरुद्ध पहले से मुकदमा दर्ज है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णत: समर्पित है।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय बदमाश साथी सहित हुआ घायल

**बाइक, लैपटॉप, नकदी, आभूषण और तमंचे बरामद**

हरदोई, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली शहर के मोहल्ला आजाद नगर में 17 फ़रवरी की रात मकान का ताला तोड़कर चोरी के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ में एक अंतर्जनपदीय चोर को उसके साथी सहित घायल कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से नगदी आभूषण बाइक और तमंचे बरामद किये है।मुठभेड़ में एक एस आई भी घायल हैं।

प्राप्त विवरण में सुनील जौहरी पुत्र स्वं बाल प्रकाश जौहरी निवासी मो. आजाद नगर द्वारा थाना को. शहर पर तहरीर दी गयी 17 फरवरी की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखे आभूषण व नगदी चोरी कर ली गयी है। इस संबंध में तहरीर के आधार पर थाना को. शहर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षकअशोक कुमार मीणा द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग हेतु लगाया गया। जनपद में अपराध की रोकथाम व चोरी की घटनाओं में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 22/23 फरवरी की मध्य रात्रि को थाना को. शहर पुलिस चोरी की घटना



से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी क्रम में मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि उपरोक्त चोरी की घटना से संबंधित वांछित अभियुक्त बावन रोड़ से हरदोई बाईपास चौराहा की तरफ आने वाले है। जो कही जाने की फिराक में है। प्राप्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना को. शहर द्वारा मय फोर्स बावन रोड़ पहुंचकर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियो वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। तभी बावन रोड़ की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुये दिखाई दिये जिनको पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो उक्त बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा बाइक मोड़कर साण्डी रोड़ की तरफ भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी की गयी। मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी, जिसमें मोटरसाइकिल सवार धीरेन्द्र सिंह उर्फ धीरज पुत्र अंगद सिंह निवासी ग्राम कुन्हेटा थाना बिम्बार जनपद हमीरपुर और मो. कमरूद्दीन उर्फ कमरूल पुत्र मो. शमीम निवासी ग्राम सिसहानी बाजार थाना पकरीदयाल जनपद मोतीहारी (बिहार) पैर में गोली लगने से घायल हो गये। इस दौरान थाना को. शहर पर तैनात उनि रोहित पाण्डेय भी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 2000/- रुपये नगदी, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, एक लैपटाप, 2 तमंचा 315 बोर, 02 कारतूस एवं 4 खोखा कारतूस बरामद किये गए। पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्तों व पुलिसकर्मी को उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवायां गया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तो से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के चोर है जो दिन के समय गली मोहल्ले में घूमकर घरो की रैकी कर रात्रि के समय चोरी की घटना कारित किया करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा उक्त चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया।

### सब्जी लेने गए युवक की बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना के ग्राम पिपरी नेवादा निवासी युवक सब्जी लेने खिरिया बाजार गया था। उसकी बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की है। पीड़ित सियाराम पुत्र राम स्वरूप के अनुसार वह 19 फ़रवरी की शाम को बाइक संख्या यूपी 30 बीयू 4074 से थाना छेत्र के ग्राम खिरिया बाजार सब्जी लेने गया था। उसने बाइक लाक कर ख़डी कर दी और सब्जी लेने चला गया। वापस आने पर उसकी बाइक पर को अज्ञात चोर हाथ साफ कर गया था। उसने बाइक को काफ़ी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

## अनुभूति कार्यक्रम में कमलेश्वर स्मृति सम्मान समारोह सम्पन्न, पत्रकार रितेश मिश्रा हुए सम्मानित

हरदोई, समृद्धि न्यूज।

हरदोई नगर स्थित वैभव लॉन में अनुभूति के अंतर्गत आयोजित कमलेश्वर स्मृति सम्मान समारोह साहित्य, संस्कृति और संवेदनाओं का अनुपम संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में वृंदावन से पधारी पूज्या श्री राधा प्रिया जी ने अपने ओजस्वी एवं आध्यात्मिक उद्बोधन से उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वजों के सम्मान को स्मृतियों में सहेजकर रखना ही संस्कृति की निरंतरता का आधार है। जिन वनों में माली नहीं होते, उनका उजाड़ होना निश्चित है– इस सारगर्भित उदाहरण के माध्यम से उन्होंने जीवन में अध्यात्म और संस्कारों की अनिवार्यता को रेखांकित किया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का मंगलारंभ हुआ। स्वागत





की परंपरा में मुख्य अतिथि को शॉल, पटका एवं पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों में निवेदिता श्रीवास्तव, शालिनी सिंह, अविनाश गुप्ता तथा ब्लॉक प्रमुख बावन धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया गया। स्मृति सम्मान समारोह के अंतर्गत विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक क्षेत्र की साधिका आस्था त्रिवेदी, चिकित्सा जगत के प्रतिष्ठित डॉ. अजय सिंह एवं डॉ. आमीना सुल्तान जैदी, खेल जगत की गौरव पूनम तिवारी एवं कृष्णा मिश्रा, शिक्षा क्षेत्र के समर्पित शिक्षक संजीव मिश्रा सहित अनेक प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर अलंकृत किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अखिलेश सिंह के परिजनों को भी श्रद्धापूर्वक सम्मान अर्पित किया गया। इसी क्रम में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश संयुक्त सचिव रितेश मिश्रा को भी उनकी निर्भीक एवं समर्पित पत्रकारिता के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जो कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन ने वातावरण को और भी सरस बना दिया। कवियों की सशक्त प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावलोक में विचरण करने को विवश कर दिया। विपिन मलीहाबादी, सतीश मधुप, राम शब्द, अभय सिंह निर्भीक, रितु चतुर्वेदी, पवन प्रगीत एवं अपूर्वा अवस्थी उन्मुक्त सहित अनेक कवियों ने काव्य की अविरल धारा प्रवाहित कर कार्यक्रम को जीवंतता प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती, उपाध्यक्ष संदीप सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। अंत में आयोजक विजयलक्ष्मी सिंह जादौन एवं अमिता मिश्रा मीतू ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का गरिमामय समापन किया।

## शिकायतकर्ता की शिकायत पर हुए विकास कार्यों की जांच करने पहुंचे जिला विकास अधिकारी

**जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने की जांच, सौंपेंगे रिपोर्ट**

**बेनीगंज/हरदोई।** विकास खंड कोथावां की पुरवा बाजीराव ग्राम पंचायत में सोमवार को जिला विकास अधिकारी हरदोई की जांच टीम पहुंची। जहां मजरा पड़रिया गांव में बने बारात घर में हुए विकास कार्यों की बिंदुवार जांच की गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बयान पत्र सौंपकर बारात घर एवं कूड़ा निस्तारण केंद्र में हुए कार्यों में बंदरबांट और बिना कार्य कराए भुगतान करा लेने का आरोप ग्राम प्रधान और सचिव पर लगाया था। शिकायत कर्ता संग्राम सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह ने जिलाधिकारी जनसुनवाई में शिकायत की थी जिस पर जांच के शुरुआती दौर



में जिला विकास अधिकारी बारात घर पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने उन्हें घेर कर नियम अनुसार ईमानदारी पूर्वक जांच करने की बात कही। उन्होंने कहा बारात घर अक्सर बंद रहता है जिसमें पंचायत घर का संचालन भी किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का लाभ नहीं मिल पाता है उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत भवन सहित बारात घर का ताला कम ही खुलता है जिससे ग्रामीणों के तमाम अन्य कार्य भी पंचायत स्तर से नहीं हो पाते हैं। कहा यहां लगाई गई इंटरलॉकिंग एवं अन्य दर्जनों कार्यों को दिखाकर कई बार सरकारी पैसे को निकाल लिया गया जबकि जमीन पर कार्य नहीं कराया गया। जिस पर जिला विकास अधिकारी ने सभी के बयान दर्ज कराए और सही जांच करने का आश्वासन दिया। वही बढ़ती ग्रामीणों की भीड़ एवं पत्रकारों की मौजूदगी को देखते हुए जिला विकास अधिकारी मौके से ब्लॉक मुख्यालय की ओर रवाना हो गए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार के अलावा खंड विकास अधिकारी गिरिवर प्रसाद, ग्राम पंचायत सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह के अलावा जांच टीम में शामिल अन्य सदस्य एवं ग्रामीणों में हरिनाम सिंह, राम शंकर, अशोक कुमार सिंह, श्यामू, लालू, रोहित, श्री कृष्ण, अमित, अजीत, कौशल आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग व व्यापार बंधु की हुई बैठक

**हरदोई।** सोमवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं, आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने गंगा देवी मार्ग से शुगर मिल कालोनी तक स्ट्रीट लाइट व सड़क चौड़ीकरण के सम्बन्ध मे जानकारी ली। हथौड़ा से बेरूआ थानगांव की खराब सड़क की समस्या के सम्बन्ध मे जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। व्यापारियों द्वारा बडा चौराहा पर महिला शौचालय बनाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद मे उद्योग लगाने वाले निवेशकों को किसी प्रकार की एनओसी अनुमति अथवा विभागीय प्रक्रिया मे कठिनायी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने व्यापारियों को पर्यटन विभाग की योजनाओं के बारे मे जानकारी दी, तथा जनपद मे अच्छा होटल और बैंक्वेट हाल बनवाये। बैठक में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कनकुवा वि.ख. पनवाड़ी, (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.02.2026 से 02.03.2026 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कनकुवा | मॉडल शॉप निर्माण | 8.46 लाख | 2% | ईटा, सीमेन्ट, पत्थर, बालू, सरिया, गिट्टी आदि | 8X7 मीटर | 6 माह |
| 2. | कनकुवा | सी.सी. रोड निर्माण पंचा. भवन से मोक्षधाम तक | 2.04 लाख | 2% | ईटा, सीमेन्ट, बालू, सरिया, गिट्टी आदि | 51 मीटर | 6 माह |

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**


### मधुमक्खियों ने युवक पर किया हमला गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया

**हमीरपुर।** मौदहा मधुमक्खियां ने हमला से एक युवक को घायल कर दिया जिसे गंभीर हालत में परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया क्षेत्र के पढोरी गांव निवासी मोइनुद्दीन 25 वर्ष पुत्र इमामुद्दीन अपने खेतों की तरफ जा रहा था तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल घायल कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहां मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दी परिजन आनन फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होते देखा डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## मौसम के पलटी मारने से किसानों की धड़कनें हुई तेज

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** सोमवार को मौसम ने एक बार फिर पलटी मारी। इससे किसानों की धड़कनें तेज हो गई। दिनभर आसमान में बादलों का डेरा बना रहने से किसान चिंतित रहा। फिलहाल किसी तरह की अनहोनी शाम तक नहीं हुई थी मौजूदा समय में मटर, मसूर, सरसों की फसल पककर तैयार है और कटाई का दौर शुरू हो चुका है। सैकड़ो बीघे फसल कटकर खेतों में पड़ी सूख रही है। सोमवार को मौसम ने अचानक पलटी मारी और सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। इससे किसानों की धड़कनें तेज हो गई। दिनभर आसमान में काले घने बादलों की आवाजाही का दौर बना रहा।



फिलहाल शाम तक किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई थी। इससे किसान राहत महसूस कर रहा था। किसान इंद्रपाल सिंह, नवीन यादव, मानसिंह भदौरिया, उदयभान, सुरेश यादव, धीरेंद्र यादव आदि ने बताया कहा कि इस समय अगर बारिश होती है तो दलहनी-तिलहनी फसलों को करारी चोट लगेगी क्योंकि इन फसलों का कटाई का दौर शुरू हो गया है।

## भारतीय हलधर किसान यूनियन ने अनियमितताओं को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महोबा, समृद्धि न्यूज।

भारतीय हलधर किसान यूनियन ने उप जिलाधिकारी महोबा को ज्ञापन देकर तहसील क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिला प्रमुख महासचिव संत राम त्रिपाठी, युवा तहसील अध्यक्ष महोबा देवी सिंह ठाकुर, हल्के सिंह आदि ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा है कि वर्तमान सरकार किसानों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है लेकिन घोर लापरवाह कर्मचारियों



की वजह से इसे अमली जामा नहीं पहनाया जा रहा है। जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है ।उन्होंने कहा की उर्वरा गांव में डाली गई नवनिर्मित सड़क का भौतिक सत्यापन कर जांच कराई जाए, इस सड़क में एस्टीमेट नियम को दरकिनार किया गया है सरकार ने लाखों रुपए कीमत के कम्युनिटी हॉल बनवाए हैं जिसमें जनता से जुड़ी योजनाएं व समस्याओं का समाधान के लिए ग्राम सभाओं की मीटिंग और कर्मचारियों की सहभागिता हुआ करती थी लेकिन अब समस्याओं के समाधान के लिए किसान भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि लुहेड़ी बस स्टैंड से संकट मोचन पठारी को जोड़ने वाली सड़क अधूरी पड़ी है उसे पूरा कराया जाने की मांग की है और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है अन्यथा की स्थिति में धरना प्रदर्शन करने की बात कही है, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।




# राजनैतिक साजिश से शंकराचार्य को फंसाया जा रहा : रणधीर सिंह सुमन



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द सरस्वती को राजनीतिक साजिश के तहत फर्जी आपराधिक वाद में फंसाया जा रहा है। यह बात रणधीर सिंह सुमन सदस्य कार्यकारिणी इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर कहा कि संघ ने सनातनी हिन्दुओं के शंकराचार्य को बालभोग के आरोप में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर द्वारा फर्जी साक्ष्य सृजित कर उनका उत्पीड़न करने की कोशिश की जा रही है। उसका मुख्य कारण यह है कि रामजन्म भूमि मंदिर पर संघ द्वारा ट्रस्ट बनाकर कब्जा किया जा चुका है, पार्टी विशेष के वोट सृजन का केन्द्र हिन्दुओं की भावनाओं को उग्र कर किया जा रहा है, इस राजनीतिक उपयोग के बाद संघ सनातनी हिन्दुओं के प्रमुख स्थानों को कब्जा कर लेने की नियत से षडयंत्र कर रहा है और जो सनातनी हिन्दू धर्मगुरू इस षड्यंत्र का विरोध करता है उसको सरकारी मशीनरी के सह पर ब्लैकमेलिंग कर अपने पक्ष में करने की कोशिश की जा रही है, शंकराचार्य ने माघ मेले में प्रयागराज में अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध किया था। उसी विरोध के स्वर को दबाने के लिए इस तरह के षडयंत्र किये जा रहे हैं, इसी तरीके से षडयंत्र धर्म विशेष के लोगों के खिलाफ विपक्षी लोगों के खिलाफ किये जा रहे है, ऐसी दशा में न्यायिक कमीशन बनाकर जांच करने की आवश्यकता है।

# भाकियू की हुई मासिक बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

संगठन विस्तार को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की एक बैठक ग्राम दरियाव सिंह का पुरवा में हुई। जिसमें रामसेवक के नेतृत्व में संगठन विस्तार किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरी रामपाल की अध्यक्षता व तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में संगठन विस्तार के क्रम मे स्वएटिकैत की नीतियों को जनजन तक पहुंचाया गया व किसानों को अपने हक व अधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

बैठक में किसा बिजली बिल गलत आ रहा है उन किसानों को कहा गया की 3 मिनट का वीडियो बना ले मीटर का वीडियो बना करके बिजली विभाग पहुंचकर के रीडिंग के अनुसार बिल बनवाया जाएगा ताकि किसानों का शोषण से बच सके जिन किसानों का नाम खतौनी में गलत हो गया है या अंश निर्धारण गलत हो गया है उन किसानों को की समस्या को लेकर माननीय उप जिला अधिकारी से प्रतिन मंडल मिलेगा ताकि किसानों का समस्या का समाधान हो सके किसने की समस्याओं के लिए आज दर-दर भटकना पड़ा है क्योंकि जानकारी के अभाव में बहुत से हमारे किसान शोषण का शिकार हो जा रहे हैं जहां-जहां किसानों का शोषण होता है।

उन संबंध में किसानों को जागरूक किया गया कि जैसे किसी किसान का नाम खतौनी में गलत हो गया है या किसी का रकबा गलत हो गया है दुखी दादा थे उनकारकबा गलत हो गया है इस संबंध में पुरानी खतौनी के नकल निकलवा करके और जो रकबा नई खतौनी में काम है दोनों को लगा करके उप जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से धारा 38 के तहत दिया जाएगा ताकि उनका हिस्सा का समाधान हो सके इस अवसर पर श्री राम दादा रामनरेश राम बहादुर राम सुमिरन रामसमुझ रामकिशोर संतराम दयाराम बाबा दिन हरी लाल मोहन सिंह रामबली बहादुर आज लोगों ने संबोधित किया तथा 40 किसानों ने सदस्यता ग्रहण की।

# ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय स्कूल प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज स्थित बीआरसी दहिला में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं सचिव के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ रामनारायण ने किया। प्रशिक्षण में विकास खंड के 184 विद्यालयों के 368 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बीईओ ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विद्यालय विकास में एसएमसी की भूमिका, कर्तव्यों एवं अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई। 6 से 14 वर्ष के प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन तथा सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने डीबीटी की धनराशि अभिभावकों के खाते में भेजने,विद्यालय विकास योजना बनाने व विद्यालयों में शत प्रतिशत छात्र उपस्थिति करने तथा आकर्षक सुसज्जित विद्यालयों के संबंध में चर्चा की।एआरपी रोहित कुमार शुक्ल द्वारा शैक्षिक जानकारी साझा की गई।प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में श्रीमती ज्योति सिंह , प्रिया पांडे, रेनू सिंह, अर्चना यादव ने प्रशिक्षण में मॉड्यूल के अनुसार प्रत्येक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। ब्लॉक अध्यक्ष शिवसागर सिंह,रामयश विक्रम,आदित्य प्रताप सिंह,विमल बजाज एवं महिला अध्यक्षा संगीता देवी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं एसएमसी अध्यक्षों ने प्रतिभाग किया।

## आवारा सांड के आतंक से फैली ग्रामीणों में दहशत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** एक आवारा सांड के आतंक से ग्रामीणो मे दहशत फैल गई।रविवार शाम को सांड के हमले में एक किसान की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हुए।रात भर उत्पात मचाने के बाद सोमवार सुबह यह सांड पंजरौली नहर पुल पर मृत पाया गया।जानकारी के अनुसार, रविवार रात शहरी गांव मे सांड ने खेत की रखवाली कर रहे किसान रमजान अली और उनके बेटे शब्बू पर हमला कर दिया।सांड के पटकने से रमजान अली को गंभीर चोटें आई और उनकी मौत हो गई।उनके बेटे शब्बू का इलाज चल रहा है।इस घटना के बाद सांड पास के गांव पंजरौली पहुंचा,जहां उसने एक ग्रामीण की गाय पर हमला कर उसे मार डाला।इस गाय की कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई जा रही है।पंजरौली गांव मे ही सोमवार सुबह करीब 6 बजे शौच के लिए निकले किसान केशव राम प्रजापति पर भी सांड ने हमला किया।

# डीएम ने किया यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



**बाराबंकी।** सोमवार को यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में संचालित हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के साथ दो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा जमील-उर-रहमान इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया, कक्ष निरीक्षण व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि नकल रोकथाम हेतु सख्त निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परीक्षा कक्षों में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।साथ ही परीक्षार्थियों की तलाशी व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने दोहराया कि जिला प्रशासन परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# कृषि सूचना तंत्र व कृषि निवेश पर अयोजित हुआ मेला



**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर विकास खंड के ग्राम असोहना मे सोमवार को कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण योजना के तहत रबी कृषि निवेश मेला और गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक वर्मा ने कृषि,गन्ना,मत्स्य,उद्यान और पशुपालन विभागो के साथ-साथ निजी विक्रेताओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और संतुलित उर्वरक प्रयोग की जानकारी दी।जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने किसानो को कृषि निवेशो की गुणवत्ता और उपलब्धता के प्रति जागरूक करते हुए सभी खरीद पर बिल लेने की अपील की।जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने फसलो मे कीट-रोग नियंत्रण के लिए आईपीएम विधियो तथा भूमिशोधन व बीजशोधन के महत्व पर प्रकाश डाला।कृषि विशेषज्ञ अरुण कुमार सिंह ने मौसम परिवर्तन से पशुओ मे होने वाले रोगो के निदान और जैविक व प्राकृतिक खेती की तकनीकों पर जानकारी दी।अपने संबोधन में विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने संतुलित उर्वरक उपयोग के साथ जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया,जिससे फसलो की गुणवत्ता बढ़े और जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचाव हो सके।उन्होने किसानो से सरकारी योजनाओ के प्रति जागरूक रहकर समय पर आवेदन करने का आग्रह किया।इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी डॉ विनोद कुमार यादव,भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती सौरभ कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान और महिला किसान उपस्थित रहे।

अंत में, भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी ने नवीन तकनीकों को खेती में अपनाने का आह्वान करते हुए सभी अतिथियों, अधिकारियों और किसानो का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### रोड एक्सीडेंट में पिता की मौत से तीन बच्चों के सर से उठा बाप का साया

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** भांजी की शादी से लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हुई मौत। चन्दापुर थाना क्षेत्र के महाबलगंज मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पप्पू नाई उम्र लगभग 42 वर्ष बाइक से चला आ रहा था तभी महराजगंज थाना क्षेत्र के मोन गांव के टंकी के पास देर रात अज्ञात वाहन ने भांजी की शादी से लौट रहे पवन कुमार की बाइक में टक्कर मार दी जिन्हें इलाज के जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक अपने पीछे रोती बिलखती पत्नी व तीन नाबालिग बच्चों को छोड़कर गया है वही मां व पत्नी ने बताया कि जमीन के नाम पर हमारे पास कुछ नहीं है टूटा फूटा घर है तथा अब हम सबके सामने रोजी-रोटी और बच्चों की परवरिश की चिंता खाए जा रही है परिवार में वही एक अकेले कमाने वाले थे गांव में और क्षेत्र में जाकर लोगों की दाढ़ी और बाल बनाते थे उसी से घर का गुजारा चलता था।

### न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में नए सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न



**लालगंज, रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, लालगंज में सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 22 फरवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा में कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रवेश परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में सुव्यवस्थित एवं उत्सव पूर्वक वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा परीक्षा की निगरानी अत्यंत अनुशासित ढंग से की गई, जिससे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अभिभावकों से संवाद कर उन्हें विद्यालय की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आप देख सकते है कि प्रत्येक सत्र विद्यालय नई सुविधाओं को जोड़ कर बच्चों को ज्ञान प्रदान कर रहा है। अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था, अनुशासन एवं शिक्षण प्रणाली की सराहना की। विद्यालय की कोर्डिनेटर कविता शर्मा ने परीक्षा परिणाम 24 फरवरी को घोषित किए जाने तथा चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रकृति श्रीवास्तव व रानू सिंह ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित बस की टक्कर से महिला घायल, रेफर

**बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के मुख्य चौराहे पर सोमवार दोपहर तकरीबन 2:00 बजे के आसपास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस की टक्कर से एक महिला घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला सुमन पत्नी अनिल कुमार उम्र 40 वर्ष निवासी दोस्तपुर, जो की आशा संगिनी के पद पर कार्यरत है। रविवार दोपहर वह अपने गांव से कस्बे के महाराजगंज रोड पर स्थित अपने ऑफिस जा रही थी, जैसे ही वह कस्बे के मुख्य चौराहे पर पहुंची और हाईवे मार्ग किनारे चलने लगी, तभी लखनऊ की ओर से रायबरेली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद राहगीरों एवं चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों के द्वारा तत्काल इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं उक्त रोडवेज बस को चालक समेत पुलिस के द्वारा कब्जे में ले लिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं उक्त रोडवेज बस में सवार यात्रियों को उनका पैसा वापस कराकर उन्हें दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया है।

# सीडीओ ने विकास खंड खैराबाद का किया औचक निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खंड खैराबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ब्लॉक परिसर के प्रत्येक कक्ष में कायाकल्प का कार्य एक साथ चल रहा था। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि कार्य क्रमवार एक-एक कक्ष में पूर्ण कराया जाए, जिससे अभिलेख सुरक्षित रहें तथा कार्यालय कार्य प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान एनएमएमएस ऐप के संबंध में पूर्व में किए गए पत्राचार पर एपीओ द्वारा कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्राम पंचायतों में कार्यरत कार्मिकों की जानकारी भी एपीओ द्वारा संतोषजनक रूप से प्रस्तुत नहीं की जा सकी। दिनेश के मकान से लाल जी के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य पूर्ण पाया गया, किंतु माप पुस्तिका में उसका पूर्ण विवरण अंकित नहीं था। इस संबंध में एपीओ एवं जेई (आर0ई0डी0) से जानकारी मांगी गई, परंतु वे भी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके, जिस पर एपीओ के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एडीओ पंचायत की मास्टर पंजिका के अवलोकन में मानदेय भुगतान के माह का उल्लेख नहीं पाया गया तथा हैंडपंप रिबोर व मरम्मत मद में अधिक धनराशि निकासी भी पाई गई। सामुदायिक शौचालय के केयरटेकरों को मानदेय न दिए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त दोनों मदों से हैंडपंप मरम्मत व रिबोर की धनराशि निकाले जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई गई।

डिजिटल लाइब्रेरी व्यय का विवरण उपलब्ध न कराने पर एडीओ पंचायत के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही, सीआईएफ खाते में शेष धनराशि की जानकारी उपलब्ध न कराने पर संबंधित कार्मिकों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक अभिलेख तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। आईजीआरएस से संबंधित प्रश्नावली का अवलोकन किया गया, जिसमें आख्या संतोषजनक न पाए जाने पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अंत्येष्टि स्थल की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई तथा परिसर की साफ-सफाई असंतोषजनक पाई गई। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की अनुपस्थिति के कारण सामुदायिक शौचालय का सत्यापन नहीं हो सका।

# विधायक विधायक अदिति ने सरस मेले में महिला समूह की महिलाओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जनपद रायबरेली में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से 03 दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक मा0 अदिति सिंह द्वारा सरस मेला में प्रतिभाग करने वाले समस्त स्टॉलों का अवलोकन किया गया। समूह द्वारा उत्पादित किये जा रहें उत्पादों को उच्च स्तर की मार्केटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उत्पादों की खरीदारी कर समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जनपद में संचालित समस्त प्रेरणा कैण्टीन एवं अन्य स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार पाने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र एवं मा0 विधायक द्वारा 5000 की धनराशि देकर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मेशन के समूहों द्वारा मल्टीग्रेन आटा, आलू चिप्स पापड, पापकार्न, झाड़ू, टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर, कम्पोस्ट खाद्य आदि उत्पादों के स्टॉल, वन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, आरसेटी, बाल विकास पुष्टाहार, महिला कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गयें। मेले में उत्पादों की बिक्री से महिलाओं में विशेष उत्साह रहा।

## मैरिज लॉन की पार्किंग से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के पूरे गिरधर गांव निवासी चन्द्रमणि पाण्डेय की हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूपी 41 एक्यू 5229 शनिवार की रात चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह कृष्णा मैरिज लॉन, भिटरिया में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

## कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा

**(ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**पत्रांकः 484/एन0पी0के0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक 23.02.2026**

सीवरेज एवं जल निकासी योजना अन्तर्गत नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 24.02.2026 से 02.03.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 03.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**(प्रवेन्द्र कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़**
**जनपद-महोबा**

**(वैभव अरजरिया)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़**
**जनपद-महोबा**

# पीडब्ल्यूडी द्वारा बन रही पुलिया पर उठे सवालः ग्रामीणों ने घटिया सामग्री उपयोग का आरोप लगाया

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



मिश्रिख तहसील क्षेत्र के गांव कल्ली और औरंगाबाद में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे पुलिया और सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है और इसमें घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पुलिया में स्थानीय बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि सीमेंट और सरिया की मात्रा भी कम रखी जा रही है। उनका दावा है कि इस कारण पुलिया इतना कमजोर बन रहा है कि यह एक ही बारिश में टूट सकता है, या इस पर चलने मात्र से भी क्षति पहुंच सकती है। स्थानीय महिला ने बताया कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण कार्य के दौरान सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है।

जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

## खैराबाद में बीडीओ की लापरवाही उजागर, सचिव पर भी उठे सवाल

**सीतापुर।** जनपद के विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा कला में हुए निरीक्षण में प्रशासनिक लापरवाही की बड़ी तस्वीर सामने आई है। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी नीरज दुबे की निगरानी पर गंभीर सवाल उठे हैं, वहीं पंचायत सचिव आराधना वर्मा की कार्यप्रणाली भी कटघरे में है। 13 फरवरी 2026 को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों की उपस्थिति नहीं मिली। पूर्व में रोस्टर जारी होने के बावजूद चौपाल की कोई ठोस तैयारी नहीं कराई गई। निरीक्षण के दौरान सचिव आराधना वर्मा से जानकारी मांगी गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिससे प्रशासनिक जिम्मेदारी पर प्रश्नचिह्न लग गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय परसेहरा कला में भी अनियमितताएं मिलीं। रजिस्टर में दर्ज बच्चों की संख्या और वास्तविक उपस्थिति में बड़ा अंतर पाया गया। कई छात्र पाठ्यक्रम से जुड़े सवालों का उत्तर नहीं दे सके। विद्यालय में वर्ष 2024-25 का कंपोजिट ग्रांट रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया और टाइल्स कार्य भी अधूरा मिला। आंगनबाड़ी केंद्र पर 33 बच्चों की उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद मौके पर मात्र 5 बच्चे मिले। बच्चों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज नहीं था और वजन-हाइट मापने की मशीन भी उपलब्ध नहीं मिली। मनरेगा कार्यों की जांच में इंटरलॉकिंग कार्य मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। सूचना बोर्ड लगा होने के बावजूद कार्य का विवरण अंकित नहीं था और अभिलेखों में हस्ताक्षर भी नहीं मिले। वर्तमान में पंचायत में मनरेगा का कोई कार्य संचालित नहीं पाया गया। निरीक्षण के बाद जिला स्तर से निर्देश जारी किए गए हैं कि खंड विकास अधिकारी, संबंधित सचिव व अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-कुशमहुरा, विकास खण्ड-महराजगंज, रायबरेली

**पत्रांक-मेमो/मनरेगा निर्माण कार्य निविदा**

**अल्पकालिक निविदा आमन्त्रण**

महात्मा नरेना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुशमहुरा, विकास खण्ड-महराजगंज, रायबरेली में कार्य को कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा 23/02/2026 पूर्वान्ह 10 बजे से 28-02-2026 अपरान्ह 3 बजे से ग्राम पंचायत कुशमहुरा कार्यालय में आमन्त्रित किए जाते हैं, जो दिनांक 29-02-2026 को निविदा नामित कमेटी के समक्ष अपरान्ह 2 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा आमन्त्रण तिथि से 1 दिवस पूर्व तक क्रय किए जा सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29-02-2026 को अपरान्ह 3 बजे तक सामग्री हेतु अपनी दरें बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय कुशमहुरा में जमा कर सकते हैं।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की माप | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि (10 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | इंटरलॉकिंग निर्माण-पूरे रिसाल में मेनखड़ंजा-कोटेदार के घर से मुंशीराम के घर तक | 80X 3.50 | इंटरलॉकिंग ईंट, ईंटागिट्टी, सीमेन्ट, ब्रिक ईंट, मौरंग, बालू, सूचना बोर्ड | 6508<br>21 Cube<br>3.5 Ton<br>3893 Nos<br>2.73<br>10.50<br>1 No. | 394797 | 394.70 | 300 रू. | 3 माह |

**(रमेश कुमार)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कुशमहुरा**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कुशमहुरा**

# पंद्रह वर्षों से निकल रही अटूट प्रभात फेरी

**राम नाम के साथ समाज सुधार का संदेश**

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

शहर में हर सुबह राम नाम की गूंज के साथ एक अनोखा सिलसिला चल रहा है। श्री गोविंद सत् साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल द्वारा आयोजित प्रभात फेरी 2010 से लगातार जारी है, जो कभी नहीं टूटा। हर दिन एक नई गली में भ्रमण करती यह फेरी न केवल भक्ति का प्रसार करती है, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी माध्यम बनी हुई है। साल 2010 में मंशेश्वरनाथ मंदिर परिसर से इसकी शुरुआत हुई थी। शुरू में समिति के कुछ सदस्य ही शामिल थे, लेकिन धीरे-धीरे सामाजिक सुधार की



भावना से जुड़े लोग, महिलाएं और बच्चे भी इसमें शामिल हो गए। अब प्रतिदिन सौ से अधिक लोग भाग लेते हैं। प्रभात फेरी में राम नाम के भजन के साथ अशिक्षा उन्मूलन, स्वच्छता, बेटी बचाओ, सामाजिक सद्भाव जैसे मुद्दों पर नारे लगाए जाते हैं और पम्फलेट बांटे जाते हैं। हाल ही में एसआईआर गणना फॉर्म भरने और आसपास के लोगों की मदद की अपील भी की गई। प्रभात फेरी की बागडोर संभाल रही मधु शुक्ला बताती हैं कि 2010 से वह इसमें शामिल हैं और यह समाज में सार्थक बदलाव की पहल है। संस्थापक सदस्य विजय सिंह चौहान कहते हैं कि रोज नए रोस्टर से ऊर्जा और चेतना का संचार होता है। ध्वजवाहक विनय त्रिपाठी इसे सद्भाव का माध्यम मानते हैं, जबकि समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. परशुराम शर्मा बताते हैं कि सुबह का यह भ्रमण तन-मन को तरोताजा रखता है, भजन के साथ सहयोग की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा यह प्रभात फेरी न केवल धार्मिक है, बल्कि शहरवासियों को जागरूक और एकजुट करने का सशक्त माध्यम साबित हो रही है।

# जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**कमालपुर में एनएसएस विशेष शिविर का तीसरा दिन**

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयोजक डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन जल संरक्षण और स्वास्थ्य सुरक्षा पर केंद्रित रहा। एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्वपूर्ण उपायों से अवगत कराया। स्वयंसेवकों ने बताया कि वर्षा जल को तालाब, बावड़ी और पोखरों में संरक्षित करके भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है। दैनिक जीवन में जल अपव्यय रोकने के लिए समरसेबल पंप को अनावश्यक चलता न छोड़ें, नल को इस्तेमाल के बाद पूरी तरह बंद करें तथा कृत्रिम सिंचाई के साधनों का




समुचित उपयोग करें। इन छोटी-छोटी आदतों से जल संरक्षण में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। द्वितीय सत्र में डॉ. प्रशांत दीक्षित ने सामान्य बीमारियों और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक की समस्या तेजी से बढ़ रही है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की तकनीक सीखनी चाहिए। स्वयंसेवकों को सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। डॉ. दीक्षित ने हाथ धोने, भोजन चबाकर खाने, पर्याप्त पानी पीने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा आसपास गंदे पानी का जमाव न होने देने जैसे उपाय बताए, जिनसे टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। सर्पदंश, लू लगने और अतिवृष्टि जैसी आपदाओं में तत्काल राहत के उपाय भी साझा किए गए, जैसे सर्पदंश में घायल अंग को नीचे रखना, साफ करना और सर्प की फोटो लेना।

लू से बचाव के लिए शरीर ढकना, नींबू-नमक पानी या ओआरएस पीना तथा यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया।

# बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी दूसरे केंद्र पर लगाने की मांग

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** प्राथमिक विद्यालय जयसिंहपुर के शिक्षक ओम सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी को लिखे पत्र में अपनी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर से हटाकर किसी अन्य केंद्र पर लगवाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि बोर्ड परीक्षा ड्यूटी करने प्रथम पाली में भारतीय शिक्षा सदन इंटर कालेज सिकन्दरपुर गया, था। ड्यूटी के दौरान परीक्षार्थियों के सामने ही केन्द्र व्यवस्थापक योगेन्द्र कुमार ने मुझसे अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे मेरे सम्मान को ठेस पहुंची। केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा मोबाइल पर भी धमकी दी जा रही है। अतः अब यहां पर उयूटी करने में असमर्थ है। मुझे डर है कि मेरे साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी हो सकती है।

# जुलूस निकालकर अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालने के साथ विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। बार एसोसिएशन सहित उत्तर प्रदेश की विभिन्न बार एसोसिएशनों ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस विधेयक को 'काला कानून' बताते हुए कार्य बहिष्कार किया है। अध्यक्ष ने कहा कि यह विधेयक अधिवक्ताओं की स्वायत्तता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला है। वे इसे तत्काल वापस लेने और इसके बजाय अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग कर रहे हैं। विधेयक में बार काउंसिल में सरकारी नियुक्तियों, विदेशी कानून फर्मों के प्रवेश और हड़ताल करने पर भारी जुर्माने जैसे प्रावधानों का विरोध किया जा रहा है। महासचिव ललित प्रताप सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को 11 बजे महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। प्रदर्शन के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव, मुकेश द्विवेदी, राजीव हजेला, रामचन्द्र यादव, रामचन्द्र मिश्रा, जयवीर सिंह, ओम प्रकाश शाक्य, संजीव दुबे, चंद्रजीत यादव, विनीत कुमार चतुर्वेदी, संदीप चौहान, रूपेश दुबे, स्नेहलता गुप्ता, राधिका, अंजू पटेल, रजनीश यादव, अमित राजपूत, इवने अली सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक का विरोध तेज

**युवा अधिवक्ता प्रणव सक्सेना की कड़ी प्रतिक्रिया**



**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रस्तावित अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2025 के खिलाफ देशभर में अधिवक्ताओं का विरोध तेज हो गया है। युवा अधिवक्ता प्रणव सक्सेना ने इस विधेयक को वकालत की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि वकालत किसी सरकार की अधीनस्थ शाखा नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था का स्वतंत्र स्तंभ है, जिसकी स्वायत्तता ही इसकी असली शक्ति है। सक्सेना ने विधेयक के प्रमुख प्रावधानों की आलोचना की, जिनमें हड़ताल के अधिकार को दंडात्मक ढांचे में बांधना, बार काउंसिल में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ाना और 'वन बार - वन वोट' व्यवस्था थोपना शामिल है। उनका कहना है कि ये कदम पेशे के स्वशासन को कमजोर करेंगे। बार काउंसिल कोई प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं की लोकतांत्रिक संस्था है। बाहरी प्रभाव बढ़ने से न्याय प्रणाली पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुधारों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति के अधिकार और संस्थागत स्वायत्तता को सीमित करने वाले किसी भी प्रयास का दृढ़ प्रतिरोध किया जाएगा। 'बार की गरिमा और स्वतंत्रता पर कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा।

# रोज़ा इफ्तार के वक्त खूब मांगी जाएं दुआएं : हाफिज अबूबकर

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

रहमतों व बरकतों का महीना रमज़ान चल रहा है मुस्लिम लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है इस महीने में अल्लाह ताला जहन्नम के दरवाजे बन्द कर जन्नत के दरवाजे खोल देता है। समधन नगर में रोज़ा इफ्तार के वक्त कनीशा कोल्ड स्टोरेज के डायरेक्टर मोहम्मद नफीस (बल्ले) ने बताया कि माहे रमज़ान का महीना गुनाहों का ढाल है रोज़े की हालत में इंसान गुनाहों से बचा रहता है। अल्लाह ताला रहमत व बरकतों की बारिश करता है इस महीने में एक नेकी के बदले सत्तर गुनहा ज्यादा सबाब हो जाता है। हाफिज अबूबकर सिद्दीक ने कहा कि रोज़ा ऐसा है कि इंसान गुनाहों से भी बचा रहता है और नमाज़, कुरान पाक की तिलावत, तशवीहात पाबंदी से पढ़ता रहता है।



जब भी रोज़ा रखा जाये तों यह नियत रखें कि यह रोज़ा हमने अपने अल्ला ताला के लिए रखा हैं रोज़े की हालत में झूठ, पीठ पीछे बुराई करना,गाली गलौज से बचने की बहुत ज़रूरी है इन्हीं रोज़े के बदले आखरी हिस्से में रमज़ान का पूरा महीना होने पर ईद उल फितर का त्योहार यह उन्हीं रोजेदारों खुशी में अल्लाह ताला देता है जिन्होंने रोज़े रखे होंगे ईदगाह में वहीं लोग जाने के हकदार होते हैं जिन्होंने रोज़े रखे हैं और जिन लोगों ने एक भी रोज़ा नहीं रखा अल्लाह ताला कहता है कि वह लोग हमारी ईदगाह की तरफ जाने का मन न बनाएं। कनीशा कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर मोहम्मद आमिर (लकी) कहते हैं कि पूरे साल के सभी महीनों से अफ़ज़ल यह महीना होता है इस महीने में अल्लाह ताला रोजी रोटी में खूब बरकत देता है हम लोग रोज़े की बजह से गुनाहों से भी बचें रहते हैं और पांच वक्त की नमाज़ भी पढ़ लेते हैं। रोज़ा बुरे कामों से बचाकर नेक रास्ते पर ले जाने का काम करता है।

# खबरें एक नजर में

## फार्मासिस्ट को फेसबुक पर फर्जी ऑफर से 66 हजार की चपत

**साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए पैसे**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट हरिनाथ यादव ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। फेसबुक चलाते समय उन्हें 'बिग वॉस्केट' के नाम से एक आकर्षक ऑफर दिखा, जिसमें मात्र 298 रुपये में 5 किलो चीनी, 5 किलो चावल और 5 किलो रिफाइंड तेल मिलने का लालच दिया गया था। जैसे ही उन्होंने उस लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल कुछ देर के लिए हैंग हो गया। असल में यह फर्जी लिंक था, जिसके जरिए साइबर अपराधियों ने उनके क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर ली। पहले 41,000 रुपये और फिर 25,200 रुपये कट गए। कुल मिलाकर लगभग 66,200 रुपये की ठगी हुई। जब हरिनाथ को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो वे हक्के-बक्के रह गए। उन्होंने तुरंत मोबाइल ठीक कराया और कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ऐसे फर्जी ऑफर से बचने के लिए विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि कभी भी किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अनजान साइट्स पर कार्ड डिटेल्स न डालें और नियमित रूप से बैंक स्टेटमेंट चेक करते रहें।

## पिकअप व उसके चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार को विशुनगढ़ के ग्राम रायपुर मोड़ पर सामने से आ रही पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत तथा तीन लोग घायल हो गए थे। मृतक के परिजनों ने पिकअप और उसके अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मालूम हो कि रविवार को जनपद फर्रुखाबाद थाना जहानगंज के ग्राम नगला रघोल निवासी 30 वर्षीय नीरज पुत्र हरिश्चंद्र रविवार को अपनी चचेरी बहन उमा तथा उसके पति कुलदीप और 2 वर्षीय पुत्री रागिनी के साथ बाइक से रामनगर तरिया निवासी मामा सत्यभान के घर जा रहे थे। तभी विशुनगढ़ के ग्राम रायपुर मोड़ पर सामने से आ रही पिकअप मैक्स तथा उसके चालक (नाम-अजात) ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। घटना में नीरज की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। मामले की शिकायत लेकर छिबरामऊ कोतवाली पहुंचे जनपद फर्रुखाबाद थाना जहानगंज के ग्राम नगला रघोल निवासी सतीश चंद्र पुत्र स्वर्गीय रामसनेही ने पिकअप गाड़ी तथा उसके अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## महिला से मारपीट करने वाले चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नन्दग्राम पुर गांव में गोबर डालने गई महिला के साथ गांव के ही कुछ दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नन्दग्रामपुर निवासी बेबी पत्नी संतराम का आरोप है कि कि वह अपने घर से गोबर फेंकने के लिए बाहर गई थी। तभी गाँव के ही निवासी रमेशचन्द्र पुत्र रामनारायण और ब्रजेश, ब्रजेन्द्र, राजू पुत्रगण रामनरायण बेबजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी ने महिला के साथ लात घूंसों से मारपीट कर दी। उसकी चीख पुकार सुनकर गाँव के अन्य लोगों को आता देख हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुऐ भाग गये। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# अवैध शराब बिक्री में दो आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज।** ठठिया पुलिस द्वारा अवैध शराब को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों के पास से पुलिस ने 36 क्वार्टर भी बरामद किए हैं। बताते चलें कि, ठठिया क्षेत्र के भुन्ना और भवानीपुर गांव के पास पुलिस ने अभियान चलाकर सफलता पाई है।

थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक हवीव हसन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भुन्ना गांव निवासी अतुल पुत्र अशोक शुक्ला को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ पकड़ा है।इसी प्रकार उपनिरीक्षक नन्द लाल पाल ने भवानीपुर गांव निवासी हरेंद्र पुत्र रामसिंह को 19 क्वार्टर शराब के साथ पकड़ा है। उपरोक्त दोनो आरोपी अवैध रूप से शराब बिक्री के खेला में शामिल बताए गए हैं और गांव में अधिक कीमत में शराब की बिक्री करते थे।

# अंबेडकर पार्क की जमीन पर कब्जे को लेकर भीम आर्मी का प्रदर्शन



**मामला कन्नौज जिले के सौंरिख के बैगवा देवपुर गांव का**

**कन्नौज।** डा. भीमराव अंबेडकर के नाम पर पार्क निर्माण हेतु नामित है, इस पर गांव के कुछ दबंगों द्वार कब्जे के मामले को लेकर भीम आर्मी के लोगो ने आक्रोश जताया है। कार्यवाही को लेकर भीम आर्मी संगठन के लोगों ने कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। बताते चलें कि, सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान पुत्तन सिंह सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग पहुंचे।

संगठन के लोगों का कहना था कि, ब्लॉक सौंरिख के गांव वैगवा देवपुर में स्थित गाटा संख्या 151की भूमि पर डा. भीम राव आंबेडकर के नाम पर परक निर्माण हेतु नामित है। गांव के कुछ दबंग किस्म के लोगों द्वारा उपरोक्त भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। इसके कारण पार्क निर्माण कार्य बाधित है, और ग्रामीणों को सार्वजनिक स्थल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संगठन के लोगों का कहना था कि कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो सका। कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर उपरोक्त मामले को लेकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भी संगठन के लोगों में सौंपा। उनका कहना था कि, प्रशासन उपरोक्त मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे, यदि ऐसा नहीं होता है तो संगठन के लोग आंदोलन छेड़ने को विवश होंगे।

मामले में कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर मौजूद अधिकारी ने संगठन के लोगों को मामले की जांच कर कार्यवाही का आश्वाशन दिया है।

# सोर्स सेग्रीगेशन को लेकर चला जागरूकता अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 20, 21, 23, 24 और 25 में सोर्स सेग्रीगेशन (स्रोत पर कूड़े का पृथक्करण) को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से आयोजित इस अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों को सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग करके नगर पालिका की गाड़ी में डालने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान लोगों को बताया गया कि घर पर ही कचरे को दो श्रेणियों में बांटकर डालने से शहर स्वच्छ रहेगा, पर्यावरण सुरक्षित होगा और कचरा प्रबंधन आसान बनेगा। यह कदम स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों से जुड़ा है, जिसके तहत स्रोत पर सेग्रीगेशन अनिवार्य है। नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा गया कि सामूहिक प्रयास से ही छिबरामऊ को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा अभियान के जरिए वार्डवासियों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास सफल रहा। नगर पालिका ने ऐसे अभियानों को अन्य वार्डों में भी विस्तार देने की योजना बनाई है। इस मौके पर निर्मला फाउंडेशन के जितेंद्र सिंह, सफाई नायक सलाउद्दीन बंटी, सूरज, राजेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# चौपाल में जनता को बताई केन्द्रीय बजट की विशेषताएं



**विधायक ने चौपाल में सुनी व्यापारियों की समस्या, निस्तारण का दिया भरोसा**

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनता की सुविधाओं सहित जनहितकारी योजना का सरकार ने पूरी तरह से ध्यान रखा है। बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए छात्रावास, स्कूटी देने की घोषणा सरकार ने की है। जबकि महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी बजट में स्थान दिया गया है। महिलाएं निडर व निर्भिक होकर स्वयं को स्थापित कर सकें। इसके लिए मिशन शक्ति के तहत उन्हे हक, सम्मान व स्थान दिया जा रहा है। यह बात विधायक अर्चना पांडेय ने कही। सोमवार को नगर पालिका परिसर में केन्द्रीय बजट को लेकर विधानसभा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व खनन मंत्री व छिबरामऊ विधानसभा की विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को भय व अपराध मुक्त समाज दिया है। पहले न तो व्यापारी सुरक्षित थे और न ही महिलाएं। लोग शाम होते ही सुरक्षित स्थान की तलाश करने लगते थे। लेकिन जब से भाजपा सत्ता में आई है। सभी निडर होकर अपने कार्य कर रहे है। मिशन शक्ति ने महिलाओं को आत्मविश्वास दिया है। इससे आज महिलाएं भी पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर बराबरी की भागीदारी निभा रही है। परिवार हो या कारोबार, नौकरी हो या फिर देश की रक्षा हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए लाभकारी योजनाओं को संचालन कर बजट में भी स्थान दिया है। जबकि पीएम आवास योजनाओं ने हर जरूरतमंद को छत देने का कार्य किया है। समाज के गरीब लोगों को पक्के मकान में रहने का अधिकारी भी भाजपा सरकार ने दिया है।

# बिजली कटौती से लोगों को परेशानी, समय बदलने की मांग



**पूर्व सभासद के नेतृत्व में एसडीओ को सौंपा गया ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रमजान पाक माह की शुरुआत के साथ ही नगर में सुबह 4 बजे से 6 बजे तक हो रही बिजली कटौती से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से रोजेदारों और नमाज अदा करने वालों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस समस्या को लेकर पूर्व सभासद ने एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर निस्तारण की मांग उठाई।

रोजेदारों का कहना है कि रमजान माह में अधिकतर लोग सुबह 4 बजे सहरी करते हैं। इसी समय बिजली कटौती होने से पानी, रोशनी सहित अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे रोजेदारों को असुविधा हो रही है। लोगों का यह भी कहना है कि गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और बिजली न होने से हालात और अधिक खराब हो जाती हैं।

इस समस्या को लेकर नगर के समाजसेवी मुनीर कुरैशी ने संबंधित विभाग के एसडीओ पंकज कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व सांसद मुनीर कुरैशी द्वारा ज्ञापन में मांग की गई है कि सुबह 4 बजे होने वाली बिजली कटौती को समाप्त कर किसी अन्य समय में किया जाए, ताकि रमजान माह में लोगों को राहत मिल सके।

इस मौके पर कयूम मंसूरी, लाल मियां, चसमुद्दीन, अस्फाक इदरीशी, अमन खान, अरशद खान, उस्मान गनी, रशीद उर्फ मुन्ना खान और राजू सलमानी सहित अन्य लोगों ने कहा कि यदि बिजली कटौती का समय बदला जाता है तो आम जनता के साथ-साथ रोजेदारों की समस्याओं का भी समाधान हो सकेगा। लोगों ने प्रशासन से इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

# जिला अस्पताल परिसर में कर्मचारियों के खेल का वीडियो वायरल

**33 सेकंड के फुटेज पर उठे सवाल जांच के बाद ही होगी पुष्टि**

**कन्नौज।** शहर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल कन्नौज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। करीब 33 सेकंड के इस वीडियो में कुछ कर्मचारी जैसे दिख रहे लोग अस्पताल परिसर के भीतर जमीन पर बैठकर 'गुच्ची' जैसा खेल खेलते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा का माहौल है। हालांकि वायरल वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की आधिकारिक पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि वीडियो ड्यूटी समय का है या अवकाश का, तथा फुटेज हाल का है या पुराना। स्वतंत्र रूप से स्थान और समय की पुष्टि न होने के कारण प्रशासनिक स्थिति भी साफ नहीं हो पाई है।

# जुएं के कर्ज ने बना दिया नौ युवाओं को अपराधी, अब रास्ता जेल की दीवारें

**कन्नौज।** जुएं का कर्ज इस कदर चढ़ा कि,एक गिरोह के नौ लोगों द्वारा लाखों के माल को ऑटो सहित लूटपाट की वारदात को अंजाम दे दिया गया। गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार करने में कन्नौज जिले की पुलिस को सफलता मिली है, वहीं पकड़े गए लुटेरों में एक आरोपी ओयो होटल का संचालक भी बताया गया है। गिरोह के चार अन्य फरार बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस जुटी है। जानकारी के मुताबिक बीती 28 जनवरी 2026 को वी. जी. ट्रेवल ट्रांसपोर्ट का संचालन करने वाले एक व्यापारी वाशिद खा पुत्र आविद खा जो लंहगा चुनरी का व्यापार करते हैं, अपने व्यापार के ट्रांसपोर्टेशन की जानकारी एक ओयो होटल संचालक



फर्रुखाबाद जिले के थाना कमालगंज के लेन गांव निवासी 23 वर्षीय बिक्की उर्फ विशाल यादव पुत्र सर्वेश यादव को दी गई थी। इसी दिन लाखों का माल ऑटो से गंतव्य के लिए निकला था। ऑटो पर लदा माल जैसे ही बिरौली मोड़ के पास पहुंचा, इसी दौरान ऑटो का पीछा कर रहे गिरोह के सदस्यों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। लूटपाट की वारदात के घटित होने की जानकारी जब पुलिस तक पहुंची तो हरकत में आई थाना तालग्राम पुलिस एसओजी और सर्विलांस पुलिस के साथ बदमाशों की गिरफ्तारी को जुट गई थी। सोमवार को जिले के पुलिस कप्तान विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय के निर्देशन में कन्नौज पुलिस ने घटना का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक लूटे गए माल और ऑटो की लूटपाट मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें ट्रेवल ट्रांसपोर्ट संचालक 30 वर्षीय वाशिद खान पुत्र आविद खान निवासी ढपलपुर भोजपुर फर्रुखाबाद, जिसके द्वारा अपने साथी ओयो होटल के संचालक विक्की उर्फ़ विशाल यादव को अपने ट्रांसपोर्टेशन की जानकारी दी गई थी। इसके अलावा 22 वर्षीय सादाब खान पुत्र सलीम खान निवासी नगला खेम रैगाई थाना कमालगंज फर्रुखाबाद, 24 वर्षीय शीतल श्रीवास्तव पुत्र राजेश निवासी नगला खेम रैगाई,24 वर्षीय योगेश उर्फ विनय पुत्र महेंद्र राजपूत निवासी पिथुपुर मेंहदिया कमालगंज, लूटपाट की वारदात में शामिल बताये गए हैं। पुलिस की पूंछताँछ में पकड़े गए उपरोक्त पांचों लोगों ने बताया कि, वह जुएं में काफी पैसा हार गए थे, इसलिए उन्होंने मिलकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था।

# कन्नौज में आरआरसी केंद्रों की हकीकत पर उठे सवाल

- **कागजों में 675 केंद्र पूर्ण, जमीनी स्तर पर कई बंद**
- **गांवों में गंदगी बरकरार, प्रशासन ने जांच के दिए संकेत**



**कन्नौज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की जमीनी तस्वीर सवालों के घेरे में है। गीले और सूखे कूड़े के निस्तारण के लिए बने आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) कई जगहों पर संचालन के बजाय आरामगाह बन गए हैं। गांवों में कूड़े के ढेर लगे हैं, जबकि फाइलों में प्रगति पूरी दिख रही है। विकास भवन के रिकॉर्ड के मुताबिक जिले के आठ ब्लॉकों में 675 आरआरसी सेंटर पूर्ण और 7 निर्माणाधीन हैं। लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट में अधिकांश केंद्र बंद मिले। सदर ब्लॉक के सारौतोप गांव में बना केंद्र ग्राम प्रधान नूर आलम के चहेतों के ठहरने की जगह बना मिला। टीम पहुंची तो लोग बिस्तर छोड़कर निकल गए। हैरानी यह कि रिकॉर्ड में यहां से 4500 रुपए की आय भी दर्शाई गई है। कूड़ा उठाने के लिए खरीदा गया ई-रिक्शा भी बेकार पड़ा मिला। सपा जिलाध्यक्ष सलीम खान ने कहा कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। आरोप लगाया कि निर्माण में जुड़े ठेकेदार सत्ताधारी दल से जुड़े हैं। जांच की मांग करते हुए कहा कि केंद्रों का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने दावा किया कि 100 सेंटर संचालित हैं और शेष जल्द शुरू होंगे। अन्य उपयोग या कब्जे की शिकायत पर जांच की बात कही। वहीं समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि स्वच्छता का संदेश आत्मसात करना सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने संसाधन दिए हैं, अब ग्राम प्रधानों और जनता को केंद्रों का सदुपयोग करना चाहिए। जहां कमी है, वहां सुधार कराया जाएगा। मीडिया और जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी है कि सकारात्मक पहल और कमियां दोनों सामने लाएं, ताकि सुधार हो सके।

# केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसो. ने औषधि निरीक्षक की नियुक्ति की उठायी मांग

- मुख्यमंत्री व औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन



औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारीगण

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन कायमगंज की तरफ से जनपद में औषधि निरीक्षक की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री व औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की गई। जिससे विभाग के कार्यों में उत्पन्न बाधाएं समाप्त हो सकें व विभागीय कार्य सुचारु रूप से चल सके।

नगर कायमगंज के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार रस्तोगी, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव मनोज जौहरी ने टीम के साथ मुख्यमंत्री व औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी लखनऊ को जनपद में रिक्त औषधि निरीक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए ज्ञापन सौंपकर मांग की है।

अध्यक्ष के अनुसार जनपद में औषधि निरीक्षक का पद काफी समय से रिक्त है।

इस पद को लगभग तीन वर्षों से अतिरिक्त चार्ज पर रखा गया है। वर्तमान समय में कन्नौज के औषधि निरीक्षक कार्यभार देख रहे हैं, जबकि पूर्व में इटावा के औषधि निरीक्षक के पास कार्यभार था।

अतिरिक्त चार्ज होने के कारण वर्तमान औषधि निरीक्षक सप्ताह में दो बार ही आते हैं।

जिस कारण नए लाइसेंस नवीनीकरण व निरीक्षण संबंधी अन्य कार्य अधर में लटके हुए हैं।

इसके अतिरिक्त कानपुर मंडल में सहायक आयुक्त औषधि का कार्य भी आगरा जोन के सहायक आयुक्त देख रहे हैं।

इस कारण जनपद की सभी प्रक्रियाएं सुस्त चल रही हैं।

कार्य में प्रगति के लिए एक स्थायी औषधि निरीक्षक की जरूरत है। जिससे विभाग के सभी कार्य सुचारु रूप से पूर्ण हो सकें। जिससे बाजार में बिक रही नकली एवं घटिया दवाइयों पर रोक लग सके।

इस दौरान एसोसिएशन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार की मौत



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आकर गम्भीर रुप से घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर निवासी शिवराम ठाकुर दोपहर बाद लगभग 3 बजे किसी काम से बाइक से नवाबगंज जा रहे थे। जैसे ही शिवराम गांव वीरपुर से निकले और ब्रह्मदेव के पास पहुंचे, वैसे ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार निजी एम्बुलेंस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से शिवराम बाइक समेत बगल में चल रहे ट्रैक्टर के पहिए के नीचे घुस गए थे। जिस कारण ट्रैक्टर का पहिया शिवराम के ऊपर चढ़ गया था। पहिया चढ़ने से शिवराम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर खेतों में काम कर रहे लोगों ने ट्रैक्टर व एम्बुलेंस को पकड़ लिया था, लेकिन मौका देकर दोनों वाहनों के चालक घटनास्थल से फरार हो गए थे। हालांकि ग्रामीणों ने भागकर उनका पीछा भी किया था, लेकिन पकड़ में नहीं आ सके थे। पुलिस ने घायल शिवराम को सीएचसी नवाबगंज भेजा था। जहां से उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। लोहिया के चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर सैफई के लिए रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान रात्रि करीब 1 बजे उनकी मौत हो गयी।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर टीईटी का किया विरोध



ब्लाक संसाधन केंद्र पर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षकगण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश नेतृत्व की आह्वान पर सोमवार को कमालगंज ब्लाक खंड के शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर टीईटी का विरोध करते हुए कार्य किया गया और सरकार से मांग की गई की टीईटी जैसे अनर्गल फरमान को वापस लें। जिससे कि शिक्षक पूरे मन से शिक्षण कार्य कर सके। अगर आज 50 साल की उम्र में शिक्षक टीईटी की तैयारी करने में लग जाएगा तो वह शिक्षण कार्य पूरे मन से नहीं कर सकता। अतः शासन और प्रशासन से मांग की गई की कोई रास्ता निकालते हुए अध्यापकों को टीईटी से मुक्त किया जाए अन्यथा की स्थिति में जनपद के सभी शिक्षक प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कल और काली पट्टी बांधकर अपना कार्य करेंगे। उसके बाद 26 तारीख को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला अधिकारी कार्यालय तक धरना देते हुए जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री को प्रेषित एक ज्ञापन देंगे और मांग करेंगे कि हम सभी शिक्षक साथियों को टीईटी से मुक्त किया जाए। फिर भी अगर सरकार ने मेरी मांग न मानी तो प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे प्रदेश का शिक्षक दिल्ली कूंच करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से अभिनेश मिश्रा जिला अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, अवनीश चौहान जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, देवेश यादव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, डॉक्टर वीरेंद्र त्रिवेदी जिला महामंत्री, अशोक कुमार सिंह जिला मीडिया प्रभारी, राजीव यादव जिला उपाध्यक्ष, केपी यादव, विष्णु दयाल, रामेश्वर सिंह, गरिमा राठौर, बबिता सिंह, शोभा कुमारी, गीता सिंह, सुमन दीक्षित, फरहा हसनैन, कमल सिंह आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# गैंगेस्टर जुबैर खान, परिजनों व सहयोगियों की 26,51,19,623.31 करोड़ की सम्पत्तियां कुर्क



कुर्की की कार्यवाही करते तहसीलदार व मौजूद पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी इज्जत निवासी आरोपित जुबैर खान एक संगठित गिरोह का संचालन करता था। जुबैर ने सह अभियुक्तगणों से मिलकर करोड़ों की सम्पत्तियां बनायीं। जुबैर पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और फर्जी जीएसटी नंबर के जरिए अवैध व्यापार कर अकूत धन अर्जित करने के मामले दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि जुबैर ने अपनी मां रुखसाना के नाम पर बेनामी संपत्तियां खरीदी थीं। जिनका कोई वैध आय स्रोत नहीं मिला। पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश पर गैंगेस्टर की करीब 26 करोड़ इक्यावन लाख उन्नीस हजार छः सौ तेईस रुपये इक्तीस पैसे की सम्पत्तियां कुर्क कीं।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 348/2025 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 बनाम गैंग लीडर जुबैर खान पुत्र लड्डन खान निवासी मो0 गढ़ी इज्जत खां कस्बा व थाना कायमगंज, गैंग सदस्य रामनरेश पुत्र रामचन्द्र निवासी गुड़ मण्डी कस्बा व थाना कायमगंज फर्रुखाबाद मूल निवासी मो0 छपट्टी थाना ठठिया जनपद कन्नौज, सुखवीर पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम रुटौल थाना कायमगंज फर्रुखाबाद, पुष्पेन्द्र पुत्र रनवीर सिंह निवासी कैल्था थाना अलीगंज जनपद एटा, आदेश पुत्र श्रीकृष्ण निवासी पपडी खुर्द बुजुर्ग थाना कायमगंज फर्रुखबाद, मोबिन पुत्र रहमत खान निवासी मो0 दुन्दी गढ़ी पितौरा थाना कायमगंज फर्रुखाबाद, तारिक उर्फ तालिब पुत्र शाहिद खां निवासी चौक मऊरशीदाबाद थाना कायमगंज फर्रुखाबाद, पवन मिश्रा पुत्र रामनरेश निवासी ललई थाना कायमगंज फर्रुखाबाद द्वारा अवैध रुप से अर्जित स्वयं व स्वयं के परिजनों के नाम पंजीकृत अवैध सम्पत्ति कीमत करीब 26,51,19,623.31 (छब्बीस करोड़ इक्यावन लाख उन्नीस हजार छः सौ तेईस रूपये इक्तीस पैसे) को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर धारा 14(1) के तहत कुर्की की कार्यवाही की गयी। इस दौरान तहसीलदार कायमगंज के अलावा थानाध्यक्ष मेरापुर राजीव पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कायमगंज मदन मोहन चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष कम्पिल नितिन चौधरी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से चाट भंडार की दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से चाट भंडार की दुकान में आग लग गई। दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक आग से दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला बारह पत्थर निवासी निशांत सैनी की चाट भंडार की दुकान मैन चौराहा पर स्थित है। रविवार की देर रात दस बजे वह दुकान में ताला लगाकर घर चले गए। लगभग ग्यारह बजे बाजार में मौजूद लोगों ने शटर से धुंआ उठता देख निशांत को सूचना दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे निशांत ने दुकान का ताला खोलकर देखा, तो उसमें आग की लपटें निकल रही थी। मौके पर मौजूद दुकानदारों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दुकानदार ने आसपास मौजूद लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक आग से दुकान में रखा लगभग एक लाख पचास हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग ने पड़ोसी फैजान की फर्नीचर की दुकान को भी जद में ले लिया। हालांकि लोगों ने दुकान का सारा सामान निकाल लिया। निशांत के अनुसार दुकान में बिजली कनेक्शन नहीं है। इसलिए आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। उन्होंने रंजिश में किसी व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मामले की जांच कर करवाई की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना में दो युवक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना नवाबगंज-मंझना मार्ग पर नगला जोधा के पास हुई। जहां एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज के गांव बबना निवासी अर्जुन पुत्र मलिखान अपने भतीजे अनमोल पुत्र जग मोहन के साथ शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव बॉस खेड़ा में एक दावत में शामिल होने गए थे। दावत के बाद दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। नगला जोधा के समीप पहुँचते ही सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय निवासियों ने तत्काल घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने एम्बुलेंस को सूचित किया। एम्बुलेंस चालक विकास और ईएमटी अमित ने घायल अर्जुन और अनमोल को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी में कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह और सिपाही कमल गंगवार ने पहुँचकर घायलों और उनके परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। सीएचसी में फार्मासिस्ट आलोक कुमार ने दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# छात्रायें बोलीं परीक्षा अच्छी हुई, शत-प्रतिशत हल किया प्रश्न-पत्र



परीक्षा देकर लौट रहे परीक्षार्थी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। जिसमें आज प्रथम पाली में हाईस्कूल की छात्राओं ने बताया प्रश्न पत्र बहुत ही अच्छा आया। जिसमें शत-प्रतिशत बच्चों ने अपना पेपर हल किया। इससे पहले भी बच्चों ने बताया था कि पेपर बहुत अच्छा आ रहा है। जिसमें हम लोग की तैयारी पूर्ण रूप से काम आ रही है। कक्षा 10 की छात्रा किरण, शिवानी, सपना, गीता आदि ने बताया है कि पेपर बहुत अच्छा हुआ। अगर इसी तरह से परीक्षा चली, तो हम लोगों के नंबर अच्छे आयेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान काफी सख्ती चल रही है। विद्यालय में कोई नकल आदि नहीं चल रही है। परीक्षा केंद्र श्री राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवीश कुमार यादव ने बताया है कि हमारे यहां बच्चे बड़े अच्छे ढंग से परीक्षा दे रहे हैं। हमारे विद्यालय में नकलविहीन परीक्षा कराई जा रही है।

# अंतिम संस्कार में गए युवक गंगा में डूबा, गोताखोर कर रहे तलाश



राहुल उर्फ लखपति

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अंतिम संस्कार में गया युवक गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना पाकर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर युवक की तलाश शुरु करा दी है। समाचार लिखे जाने तक युवक को नहीं निकाला जा सका था।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मिठईया वाली गली निवासी राहुल उर्फ लखपति पुत्र संजय सोमवार को रामसिंह वर्मा उर्फ मुनीम के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। अंतिम संस्कार दोपहर लगभग 1:30 बजे किया जा रहा था। इसी दौरान राहुल निर्माणाधीन पुल के पिलर संख्या 12 के पास गहरे पानी में डूबने लगा। राजेपुर सरायेंदा निवासी युवक मलिक सिद्दीकी ने युवक को डूबते देख शोर मचाया और लोगों से बचाने की अपील की, लेकिन मौके पर कोई गोताखोर मौजूद नहीं था। देखते ही देखते युवक पानी में डूब गया।

पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन काफी समय तक गोताखोरों के न पहुंचने से परिजनों और ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। घटना के दो घंटे बाद गोताखोर मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि मौके पर कस्बा प्रभारी संदीप कुमार एवं अन्य पुलिस बल भेजा गया है।

खबर लिखे जाने तक युवक की गोताखोर तलाश कर रहे हैं। राहुल उर्फ लखपति रेलवे क्रॉसिंग के निकट फिंगर मोमोज बेचकर अपने परिवार का भरण.पोषण करता है। उसके भाई मोहित और विकास हैं, जबकि बहन पिंकी की शादी हो चुकी है और छोटी बहन पायल 18 कक्षा 12 की छात्रा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दबंग ने तम्बाकू की फसल में भरा पानी, विरोध करने पर की गाली-गलौज



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंग ने खेत में पानी चलाकर तम्बाकू की फसल को भर दिया। जिससे जिससे फसल को काफी नुकसान पहुंचा। जब पीड़ित शिकायत करने गया, तो दबंग मारपीट पर आमादा हो गया। पुलिस ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अनिरुद्ध के खेत में खड़ी तम्बाकू की फसल में गांव के ही निवासी युवक व उसके साथियों ने पानी चलाकर खेत को भर दिया। खेत में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ।

# नेकपुर बंधौआ में उल्लास पूर्वक मनायी गई संत गाडगे की 150वीं जयंती



मनोज अग्रवाल को सम्मानित करते समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को संत गाडगे बारात घर नेकपुर बंधौआ में संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती उल्लास पूर्वक मनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्टी अध्यक्ष पी0पी0 सिंह ने की। मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने कार्यक्रम में शामिल होकर शोभा बढ़ायी। उन्होंने कहा कि लोग संत गाडगे के विचारों को समझे और अपने जीवन में ढालने का संकल्प लें। जवाहर सिंह गंगवार, आशाराम बौद्ध, रघुवीर सिंह कठेरिया, रमेश चन्द्र, सर्वेश अम्बेडकर, रामचन्द्र आदि ने विचार व्यक्त किये। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कम खायेंगे, कम पहनेगें और अपने बच्चों को शिक्षित बनायेंगे। जयंती समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र माथुर व प्रेम पाल सिंह एवं धर्मेन्द्र कनौजिया ने आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर रविन्द्र नाथ दिवाकर, सुरेन्द्र कनौजिया, संतोष दिवाकर, संजीव माथुर, विनीत कटियार, देवेन्द्र यादव, संदीप यादव, नितिन यादव, अचल प्रताप सिंह, राहुल अवरार, साहिल यादव, मोहित यादव, कंचन यादव, सचिन कटियार, सुमित गंगवार, नरेन्द्र जाटव आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार हलवाई की मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार हलवाई की मौत हो गयी। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब आठ बजे थाना मेरापुर के ग्राम रुखईया निवासी रामबाबू (55) अपने पड़ोसी गांव में एक बरसी कार्यक्रम में हलवाई का काम करने जा रहा था। उनके साथ गांव के ही रामदीप भी बाइक पर सवार थे। गणेशपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें फतेहगढ़ के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर उन्हें लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक रामबाबू के परिवार में उनकी पत्नी जावित्री और एक बेटा सोनू है। घटना की सूचना पर अचरा चौकी पुलिस लोहिया अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लोहिया में 40 हजार के इंजेक्शन से बची हर्टअटैक के मरीज की जान



लोहिया अस्पताल में भर्ती मरीज ओविद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार शाम हार्ट अटैक के शिकार हुए एक 45 वर्षीय व्यक्ति की जान लोहिया अस्पताल में समय पर मिले त्वरित इलाज से बच गई। अस्पताल में मरीज को 40 हजार रुपये की कीमत वाला जीवनरक्षक टेनेक्टेप्लाज इंजेक्शन बिल्कुल मुफ्त लगाया गया। जिससे उसकी स्थिति में तेजी से सुधार आया। जिले में यह दूसरा मौका है जब किसी मरीज को यह महंगा इंजेक्शन निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है।

जानकारी के अनुसारए शाहजहांपुर जिले के हुलापुर गांव निवासी 45 वर्षीय ओविद को रविवार शाम अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। घबराए परिजन आनन-फानन में उन्हें लेकर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ0 दीपक तिवारी ने मरीज की प्राथमिक जांच की और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 मनोज पांडेय को सूचित किया। डॉ0 पांडेय ने मरीज का त्वरित आंकलन किया और ईसीजी कराया। रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने बिना समय गंवाए मरीज को टेनेक्टेप्लाज इंजेक्शन देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। डॉक्टर के निर्देश पर तत्काल फार्मासिस्ट को बुलाकर मरीज को यह जीवनरक्षक इंजेक्शन दिया गया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद ओविद को काफी राहत महसूस हुई और उनकी बिगड़ती हालत में सुधार दिखने लगा। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 मनोज पांडेय ने बताया कि शासन द्वारा हर्टअटैक जैसे गंभीर और आपातकालीन मामलों के लिए यह बहुमूल्य इंजेक्शन अस्पतालों में उपलब्ध कराया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की भी जान बचाई जा सके। इलाज के बाद मरीज को कुछ समय तक लोहिया अस्पताल में ही डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में रखा गया। जब ओविद की हालत पूरी तरह से स्थिर हो गई, तो बेहतर और आगे के इलाज के लिए उन्हें कानपुर के हृदय रोग संस्थान रेफर कर दिया गया है।

# युवक को सांप ने डसा, मृत सांप भी अस्पताल लेकर पहुंचे साथी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक युवक को सांप ने काट लिया। जिसके बाद उसके साथियों ने उपरोक्त सांप को मार दिया। साथी युवक व मृत सांप को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे और चिकित्सक को दिखाया। फिलहाल चिकित्सक ने युवक का उपचार शुरु कर दिया है।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला नगला पजाबा निवासी 23 वर्षीय अभय प्रताप सिंह अपने कुछ साथियों के साथ घर के बाहर टहल रहे थे। इसी बीच अंधेरे में एक सांप ने उनके पैर में डस लिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने आनन-फानन में अभय के पैर को एक कपड़े से कसकर बांध दिया ताकि जहर न फैले और उसे तुरंत लोहिया अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में तब अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब अभय के पीछे-पीछे उसके दोस्त भी वहां पहुंच गए। उनके हाथ में एक पॉलिथीन थी। जिसमें उन्होंने उस मृत सांप को रखा हुआ था। जब मौजूद चिकित्सकों ने पॉलिथीन में सांप को देखा, तो साथियों ने बताया कि इसी सांप ने अभय को काटा है। दोस्तों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने सांप को मौके पर ही मार दिया था और डॉक्टर को दिखाने के लिए उसे साथ ले आएए ताकि इलाज में आसानी हो सके। इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ0 दीपक तिवारी ने युवक को भर्ती कर उपचार शुरु कर दिया है।

### नकल पर सख्ती के चलते बोर्ड परीक्षाओं में कुल 2367 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की सोमवार को सम्पन्न हुई हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 24506 परीक्षार्थियों में से 22914 उपस्थित हुए, जबकि 1552 छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी की परीक्षा से किनारा कर लिया। प्रथम पाली में इंटर व्यवसायिक शिक्षा की परीक्षा में 233 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 9 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। कंट्रोल रुम प्रभारी रामलखन पाल से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सायंकाल की पाली में इंटरमीडिएट गणित एवं जीव विज्ञान की परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। प्रशासन और शिक्षा विभाग की नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने की संयुक्त रणनीति के चलते नकल की आस लगाये बैठे परीक्षार्थियों की मंशा पर पानी फिर गया।

# आलू भण्डारण का शुल्क निर्धारण हुआ 240 व शुगर फ्री 270 रुपये कुंतल



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी की उपस्थित में शीतगृह भण्डारण शुल्क निर्धारण, आलू उत्पादक कृषकों एवं शीतगृह स्वामियों के साथ बैठक कर उनकी समस्यओं को सुना। शीतगृह एसोसिएशन ने वर्ष 2025 में निर्धारित भण्डारण शुल्क सामान्य आलू के लिए रू0 240 प्रति कुन्तल तथा आइसोप्रोपेनॉइल एन-(3-क्लोरोफिनॉइल) कार्बामेट ट्रीटेड चैम्बर में भण्डारण प्रभार शुल्क रू0 270 सहमति व्यक्त की। सहमति वर्ष 2026 के लिए दी है। डीएम ने अनुमोदित कर दिया गया। जनपद के प्रगतिशील कृषकों ने बताया कि विगत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष आलू की दर कम होने के कारण शीतगृहों में भण्डारण शुल्क न बढ़ाया जाये। डीएम ने शीतगृह स्वामियों/प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि निर्धारित भण्डारण शुल्क पर ही कृषकों के आलू का भण्डारण करें तथा कृषकों को भण्डारण सम्बन्धी रसीद एवं तक पट्टी रसीद (तौलपट्टी रसीद) आदि समय से दी जाये तथा आलू भण्डारण सम्बन्धी सूचना एवं भण्डारण प्रभार की दर एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के दूरभाष नं0 भी शीतगृह के 2वाई4 फिट के आकार के सूचना पट पर पठनीय भाषा में अवश्य प्रदर्शित की जाये। शीतगृहों में आलू भण्डार प्रभार प्रति पैकेट न लेकर प्रति कुन्तल की दर से लिया जाये। शीतगृह संघ के अध्यक्ष अजय गंगवार, सचिव मनोज रस्तोगी, उमेश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, वारिज राजपूत, नारद सिंह, ध्रुव राजपूत, सुधीर कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता का चयन 25 फरवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य एथलीट महिला एवं पुरुष टीम का चयन 27 एवं 28 फरवरी को अयोध्या में किया जाना है। प्रदेश टीम के चयन में भाग लेने हेतु जनपद की टीम का चयन 25 फरवरी को स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में किया जाएगा। टीम चयन में अंडर-20 आयु वर्ग में वह खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनकी आयु 20 वर्ष से कम हो। जिला टीम के चयन में भाग लेने के लिए खिलाड़ी एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला एथलेटिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजीव कटियार ने दी है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलायी गई शपथ



बैठक को संबोधित करते सचिन सिंह

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड नवाबगंज में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के किसी भी प्रकार से शोषित बच्चे के संबंध में तत्काल सूचित करें और उस बच्चे की सहायता करें। विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार कर लोगों को लाभान्वित कराएं। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सभी को शपथ दिलायी और बाल विवाह की जानकारी होने पर तत्काल 1098, 112 पर सूचित करने को कहा। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने कहा कि किसी भी नवजात के मिलने पर सबसे पहले पुलिस को सूचना दें और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर अवगत करा दें। उन्होंने बच्चों के द्वारा अधिक मोबाइल प्रयोग से बच्चों में होने वाले मनोवैज्ञानिक बदलावों के बारे में बताया। बच्चे ऑनलाइन गेम एवं रील में फंसकर अपना समय और जीवन दोनों बर्बाद करते हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्टाहार का वितरण नियमित रूप से करें और बच्चों का पंजीकरण विद्यालय में अवश्य कराएं।

**समाज में किसी भी प्रकार बच्चों का शोषण अनुचित**

इस अवसर पर सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि पीयूष पवन, सहायक विकास अधिकारी पंचायत किशन पाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार, संदीप सक्सेना, रिजवाना एवं ब्लॉक समन्वयक कुणाल मिश्रा उपस्थित रहे।

# होली पर अफवाह फैलाने व हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर


बैठक लेते डीएम एसपी

**शांति कमेटी की बैठक में डीएम व एसपी ने दिये दिशा निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में आने बाले त्यौहार होली, रमजान एवं ईद के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्देश दिये गये कि होलिका दहन स्थल को लेकर कोई विवाद न हो, किसी भी धार्मिक स्थल पर अनावश्यक रूप से रंग न डाला जाये, किसी भी नई जगह पर होलिका दहन नहीं होगा, कोई भी जुलूस नये रास्ते से नही निकलेगा, सभी होलिका स्थलों पर लटके बिजली के तार सही करा लिये जाये, विद्युत की सप्लाई निर्वाध रहे, केमिकल बाले रंगों का प्रयोग न किया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ व्यवस्थायें चाक चौबंद रखे। सभी नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि होली के अवसर पर सभी जगहों पर साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था दुरुस्त रहे। कैटल कैचर से आवारा पशुओं को पकड़ा जाये।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1533 पर संपर्क करे। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अग्निशमन की गाड़ियों की चेकिंग करा ली जाये कि वो सही हो व उनमें पर्याप्त पानी रहे। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए गये कि वो अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर ले।

**त्यौहारों को परंपरा से मनाये, मर्यादा का उल्लंघन न करे: एसपी**

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी थाना क्षेत्रों में ई रिक्शा पर प्री-रिकॉर्डिड मैसेज प्रसारित किया जाये कि जबरदस्ती किसी पर भी रंग न डाला जाये व होली न खेली जाये।

सभी त्यौहारों को अमन चैन से मनाये, परंपराओं को न तोड़े, अफवाहों से सावधान रहें। किसी भी समस्या पर 112 पर कॉल करे, मोटरसाइकिलों से हुड़दंग न करे, तेज आवाज में डीजे न बजाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद, क्षेत्राधिकारी यातायात व संबंधित अधिकारी व सदस्य के अलावा व्यापारी सदानंद शुक्ला, नरेश पालीवाल, राजकुमार गौतम, रविकांत गुप्ता, मनोज सक्सेना, मुकेश गुप्ता, विशाल दुबे, पंकज गुप्ता, सौरव शुक्ला मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी ने मनाई संत गाडगे महाराज की जयंती


संत गाडगे जयंती मनाते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप के नेतृत्व में संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 150वीं जयंती पवन ऑयल मिल कम्पाउंड में धूमधाम से मनायी गई। मुख्य अतिथि कैप्टन हामीर सिंह ने संत गाडगे के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजसेवी अमर नाथ कश्यप ने किया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे की सेवा समर्पण, त्याग एवं बलिदान का स्मरण करना चाहिए और उनके आदर्श पर चलने का प्रण लेना चाहिए। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने कहा कि बिलास्था पूर्ण जीवन त्याग कर संत गाडगे के बताये हुए रास्ते पर चलते हुए दीन दुखियों की मदद करनी चाहिए। राजगौरव पाण्डेय ने कहा कि चाहें हमें भूखा सोना पड़े, लेकिन अपने परिवार को समाज को शिक्षित करने का लगातार प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र कनौजिया ने सर्व समाज से आवाह्न किया संत गाडगे के आदर्शों पर चले। इस मौके पर वीर पाल कठेरिया, अशोक सिंह, राहुल कनौजिया, मनोज कश्यप, कुलदीप कश्यप, सुधेश कश्यप, अजीत बाथम, राकेश कश्यप, दुर्गेश कश्यप, ओमप्रकाश वाल्मीकि, जेके बाथम, कैलाश कनौजिया, गनेश कनौजिया, विशाल चौहान, भईयन मिश्रा, कोमल पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे। संचालन संजीव बाथम ने किया।

# पोस्टर प्रतियोगिता के तहत डायरिया रोकथाम व प्रबंधन का दिया गया संदेश



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय गांधी ब्लॉक राजेपुर में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत पोस्टर, रोल प्ले और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में 66 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कक्षा-सात की प्रियंका पहले, कक्षा-आठ की सुप्रिया दूसरे और कक्षा-आठ की हिमशी तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा-सात की प्रिया व कक्षा-आठ की अपूर्वा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को डायरिया रोकथाम और प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके की डॉ0 प्रतिभा एवं डॉ0 क्षमा चतुर्वेदी ने बताया कि बच्चे को दिन में तीन बार से अधिक पतली दस्त हो, प्यास ज्यादा लगे और आँखें धंस गयी हों तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। डॉ0 प्रतिभा व डॉ0 क्षमा ने 66 बालिकाओं के ब्लड प्रेशर, आँखों और हीमोग्लोबिन की जाँच भी की। इसके अलावा जरूरी दवाओं का भी वितरण किया। इस मौके राज आर्यन अग्निहोत्री, श्वेता सागर, अध्यापिका श्वेता मिश्रा, शिवकीर्ति बघेल, देवेश कुमार, अरुणा राठौर व अमरीश कुमार पाण्डेय, अनुपम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# संत गाडगे महान समाज सुधारक व स्वच्छता के प्रतीक थे: धर्मेन्द्र कनौजिया


धर्मेन्द्र कनौजिया, सभासद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संत गाडगे जी का जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र राज्य में जिला अकोला के गांव शोणागांव में हुआ। इनके माता पिता झिंगरा जजी ज्ञानोश्कर और माता सखुवाई थीं। इनके बचपन का नाम इनके सौंदर्य के कारण डेबू जी (देव जी) था। गरीबी व साहूकारी कर्ज में जकड़े होने के कारण इनके पिता को 1884 में अपने मौसेरे भाई जयराम के गांव कीते गांव में आकर रहना पड़ा और वहीं मृत्यु को प्राप्त हुये। पिता की मृत्यु के बाद गाडगे जी अपनी माँ के साथ अपने मामा चन्द्रभान के घर यापुरे गांव तहजील मुर्तिजापुर जिला अकीला में आकर रहने लगे। इस समय इनकी उम्र 6-7 वर्ष की थी। जन्म व बचपन से परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। इनके नाना-मामा उस समय 60-65 एकड़ जमीन व बहुतयी गाय बैलों को रखने वाले प्रतिष्ठित किसान थे। दोनों माँ.पुत्र ने अपने ननिहाल में जी-तोड मेहनत कर घर व खेत खलिहान व जानवरों की देखभाल करते तथा अपना भरण पोषण करते थे। सभासद, नगर पालिका परिषद/ पूर्व अध्यक्ष संत गाडगे जयंती समिति/ प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय धोबी महासंघ धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि संत गाडगे बाबा महाराष्ट्र के एक महान समाज सुधारक, कीर्तनकार और स्वच्छता के प्रतीक थे। उनका मूल नाम देबूजी झिंगराजी जानोरकर था, जिन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, दलितों की सेवा और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। वे फटे कपड़ों में कीर्तन करते हुए गाँवों में सफाई करते थे और चंदा लेकर शिक्षा व धर्मशालाओं के लिए स्कूल, अस्पताल बनवाए। राष्ट्रसंत शिरोमणि गाडगे महाराज स्वच्छता अभियान के जनक, महान समाज सुधारक व मानवता के प्रणेता एवं गरीबों के मसीहा थें। जो

**संत गाडगे दबे कुचले, गरीबों के सहारा बने और लोगों को जागरुक किया......................**

आगे चलकर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के सामाजिक गुरु रहें। वे एक घूमते-फिरते समाजिक शिक्षक थे जिनका कहना था, पैसों की तंगी हो तो खाने का बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। वे पैरों में फटी चप्पल, शरीर पर फट्टी-चिथड़े लपेट और सर पर मिट्टी का कटोरा ढ़क्कर गांव-गांव पैदल ही यात्रा करते थे। येही उनकी पहचान थी। जो आगे चलकर राष्ट्र का प्रसिद्ध सन्त कहलाए। जिनका कहना था सुगंध देने वाले फूलों को पात्र में रखकर भगवान की पत्थर की मूर्ति पर अर्पित करने के बजाय चारों ओर बसे हुए लोगों की सेवा के लिए अपना खून खपाओ। भूखे लोगों को रोटी खिलाई, तो ही तुम्हारा जन्म सार्थक होगा। पूजा के उन फूलों से तो मेरा झाड़ू ही श्रेष्ठ है, संत गाडगे बाबा का जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अंजनगांव सूरजी तालुका शेडगांओ गांव में एक धोबी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम झिंगराजी जनोरकर एवं माता सुखीवाई थी। उनका पूरा वास्तविक नाम देवीदास डेबुजी जानोरकर था। संत गाडगे के देह दृश्य सुंदर एवं सुडौल शरीर, गोरा रंगए उन्नत ललाट तथा प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। वो अपने नाना के घर मूर्तिजापुर तालुक के डापुरी में पले बढ़े थे। मामा खेती बाड़ी किया करते थें। बचपन में पढ़ाई ना कर पाने की वजह से उन्हें खेती और पशुपालन में दिलचस्पी थी। जवान होते ही उनकी शादी 1892 में कर दी गई। उनकी पत्नी का नाम कुंतिबाई था। उनके बच्चे हुए। तब वो ये जान चुके थे कि शिक्षा और स्वच्छता कितना जरूरी है। गौतम बुद्ध की भांती पीड़ित मानवता की सहायतार्थ तथा समाजसेवा के लिए उन्होंने 1 फरवरी सन् 1905 को गृहत्याग किया। गाडगे दया, करुणा, भार्तभाव, सममैत्री, मानव कल्याण, परोपकार, दिनहीनों के सहायतार्थ आदि गुणों के भंडार बुद्ध के अवतार जैसे थे। एक संत के रूप में अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए अपने परिवार को छोड़ने से पहले अपने गांव में एक स्वयंसेवक के रूप में काम किया। और कई शैक्षणिक संस्थानों और पशुआश्रम को बनाने का कार्य उनके द्वारा प्राप्त धन से शुरू किया। संत गाडगे जी की तबीयत 13 दिसंबर, 1956 को अचानक खराब हुई। 17 दिसंबर को उनकी हालत अधिक खराब हो गई। 19 दिसंबर, 1956 को रात्रि 11 बजे अमरावती के लिए जब रेलगाड़ी चली तो रास्ते में ही उनकी हालत गंभीर होने लगी। गाड़ी में सवार चिकित्सकों ने उन्हें अमरावती ले जाने की सलाह दी। गाड़ी कहीं भी जाती, गाडगे बाबा तो अपने जीवन का सफर पूरा कर चुके थे। रात्रि 12:30 बजे रात्रि 12:00 बजे उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली, इस तरह 20 दिसंबर 1956 को परिनिर्वाण को प्राप्त हुए। जिस जगह बाबा का अंतिम संस्कार हुआ वह गाडगे नगर कहलाता है। आज वह बृहद अमरावती का हिस्सा है। हमारा समाज स्वच्छ व स्वस्थ रहेगा तभी विकसित होगा। क्योंकि बीमार जिंदगी हमें आगे बढ़ने नहीं देती है। उन्होंने कीर्तन के रूप में भी कक्षाएं संचालित की जो समाज को नैतिक सबक देते हैं। निःस्वार्थ सेवा का उपदेश दिया।

# पत्रकार सम्मान समारोह में दिखी एकता की शक्ति


कार्यक्रम में सम्मानित होते अरविन्द शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत व विश्व हिंदू महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दाल-बाटी कार्यक्रम के अंतर्गत पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुख्य संयोजक एवं राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत व विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला रहे। जिनके विशेष प्रयासों एवं नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अनुराग अग्रवाल एवं अन्य पत्रकारों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए सभी सनातनियों से एकजुट होकर प्रयास करने का आवाह्न किया। मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संगठन के जिलाध्यक्ष रीतेश शुक्ला एवं संगठन प्रमुख बॉबी दुबे ने देश की आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर देश को स्वतंत्र कराया है, इसलिए हमें उनकी विरासत को संजोकर रखना चाहिए। चंद्र प्रकाश दीक्षित ने पत्रकारों से एकजुट होकर एक-दूसरे का सहयोग करने की अपील की। वहीं भारती मिश्रा ने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि उनका जीवन पत्रकारों के सम्मान के लिए समर्पित है। रामजी बाजपेई ने संगठन की शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि एकता में ही शक्ति निहित है। कानपुर मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं हैं और उन्हें अपनी शक्ति को पहचानना चाहिए। मंजू तोमर ने महिलाओं को राधे नाम अंकित पटुका भेंट कर प्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश दिया। श्री करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह चौहान ने समाज में जाति भेद को समाप्त कर एकजुट रहने की अपील की। प्रधान रामवीर शुक्ल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। सभी पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशीष मिश्रा, जुल्फिकार, विपिन चौहान, अमित गुप्ता, सुनील कुमार शुक्ला, गौरव दुबे, मनमोहन शुक्ला, अनुराग अग्रवाल, मोहनलाल गौड़, रविंद्र भदौरिया, ओमप्रकाश शुक्ला, आमोद तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, ओमप्रकाश दुबे, अनुराग दुबे, यशराज शुक्ला, दिव्यांशु दुबे, सीपी सोमवंशी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, बबली, सुमन, पूजा सक्सेना, माधुरी मिश्रा, संतोष गुप्ता, गुड्डू मिश्रा, अंशु गुप्ता, निर्दोष शुक्ला, रमेश पाठक, डॉ0 विनय सिंह, गौरव यादव, गोपाल सक्सेना, सौरभ गुप्ता, पंकज गुप्ता, विनय मिश्रा, अरुण कुमार गुप्ता, ज्योतिष्का बाजपेई, सुदेश दुबे, अवधेश सिंह तोमर, अरविंद सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# रमजान का महीना बंदों को खास उपहार देता है

**रमजान विशेष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान पाक महीना है जिसे इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक 9 वां महीना माना जाता है। दुनियाभर के मुसलमान के लिए यह महीना बेहद खास होता है। एक महीने तक रोजदार, रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं।




यह महीने भर चलने वाला उपवास और इबादत का समय होता है, जिसमें मुस्लिम भाई-बहन खुदा की रहमत और माफी की दुआ करते हैं।

माह रमजान का मुबारक महीना बरकतों का है। अल्लाह के रसूल पैगम्बर रसूल हजरत मोहम्मद सल्ल्लअल्लाहों अलैहबसल्लम ने रमजान के महीने को शहरूल मुआसल कहा है, क्योंकि रमजान के महीने में निजात ही निजात है।


साजिद अली खान

**सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान** ने बताया कि इस मुबारक महीने में खुदा की रहमत की वर्षा होती है। रमजान के रोजों का मकसद दरअसल गुनाहों से बचना है। रोजा एक रुहानी इबादत है। जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचाती है। रमजान वह मुकद्दस महीना है। जिसके लिए दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतीक्षा करते है और एक माह तक रोजे रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं।


मदीना बेगम

रमजान में गुनाहे कबीरा से बचें। रमजान का एतराम कर, यानी झूठ न बोले। गोहतान न लगाये। किसी की गीवत न करें। हराम से बचें। खुदा फरमाया की मेरी उम्मत अगर माहे ने रमजान का एतराम करेगी कभी रुसवा नहीं होगी। **मदीना बेगम** का कहना है कि रमजान के इस पवित्र महीने में एक अत्यंत सुंदर और मनोहारी दृश्य देखने को मिलता है। सभी मुसलमान रोजा नमाज और अन्य इबादतों में व्यस्त हो जाते हैं। रमज्ञान अत्यधिक बरकतों वाला महीना है। इस महीने की अनेक खूबियां हैं।


हाजी फजल मंसूरी

**हाजी फजल मंसूरी** का कहना है कि रमजान का महीना अल्लाह की ओर से बंदों के लिए खुसूसी पैकेज यानी खास तोहफा है। हर साल रमजान में यह खास तोहफा मिलता है। इस महीने हर नेकी का अज्र 70 गुना हो जाता है। रमजान में अल्लाह की रहमत होगी।

# ऑन लाइन व्यापार के विरोध में व्यापारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन


सांसद को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल करोड़ों छोटे व्यापारियों, फुटकर दुकानदारी, रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों तथा पारंपरिक बाजारों से जुड़े लोगों की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री मुकुन्द मिश्रा के निर्देशानुसार व्यापारियों ने प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सांसद मुकेश राजपूत को सौंपकर ध्यान आकर्षित किया है। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत तथा स्वदेशी व्यापार-उद्योग के संरक्षण हेतु अनेक दूरदर्शी कदम उठाए है। जिससे देश के व्यापारियों को विश्वास मिला है। वर्तमान समय में ऑनलाइन व्यापार (ई-कॉमर्स) के अनियंत्रित और असंतुलित विस्तार के कारण देश के छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है। स्थानीय दुकानदार जो वर्षो से समाज की आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था की रीढ़ रहे हैं, आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत किसी भी उद्यम द्वारा प्रतिस्पर्धा विरोधी समझौते एवं प्रभुत्व के दुरूपयोग पर प्रतिबंध है। ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा विदेशी पूंजी के बल पर की जा रही अत्यधिक छूट एवं घाटे में बिक्री से छोटे एवं माध्यम व्यापारियों की प्रतिरकर्मत्मक क्षमता प्रभावित हो रही है। ऑनलाइन मार्केटिंग के कारण स्थानीय बाजारों का भारी नुकसान हा रहा है। जिससे लाखों परिवारों की आजीविका प्रनावित हो रही है। यह स्थिति केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक असंतुलन भी उत्पन्न कर रही है, क्योंकि छोटे व्यापारी समाज की रोजगार व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। उद्योग व्यापार मण्डल मांग करता है कि व्यापारी हित में शीघ्र निर्णय लिया जाये, जिससे छोटे व्यापारियों का रोजगार प्रभावित न हो। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिला महामंत्री नरेश चन्द्र पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, विशाल दुबे, सौरव शुक्ला, अरविन्द गुप्ता, अनुपम रस्तोगी, राम मिश्रा, विक्की अग्रवाल, विशाल छावड़ा, मनोज कुमार, राजेश वर्मा, डा0 महेन्द्र श्रीवास्तव आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# बसपा ने बूथ के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की बैठक भोजपुर विधानसभा के सेक्टर ताजपुर में बूथ संख्या 196 में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक बूथ अध्यक्ष अमर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने बाबा साहब अंबेडकर एवं कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में बहन जी की सरकार द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला और बूथ के पदाधिकारियों से चर्चा की। इस मौके पर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, शब्बीर मंसूरी, अरुण त्रिवेदी, बृजेश फौजी, सर्वेश भारती, देवनारायन गौतम, रामवीर गौतम, रुपलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# ट्रक से टकराई छात्रों की वैन, बसें भिड़ीं, 2 की मौत

- हादसे में 16 घायल, 3 लखनऊ रेफर,
- परीक्षा देने जा रहा 10वीं का छात्र भी बना हादसे का शिकार
- डीएम-एसपी ने अस्पताल पहुंचकर लिया जायजा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के थाना पढुवा क्षेत्र में सोमवार सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसों ने कोहराम मचा दिया। बोर्ड परीक्षा देने जा रही छात्रों की वैन की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई, जबकि दूसरी घटना में दो बसों की आमने-सामने भिड़ंत में एक वाहन चालक की मौत हो गई। दोनों दुर्घटनाओं में कुल 16 लोग घायल हुए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पहली और सबसे दर्दनाक दुर्घटना तहसील धौरहरा के ग्राम रमियाबेहड़ के पास हुई। थाना शारदा नगर क्षेत्र के चमेली व आसपास गांवों के छात्र वैन से बोर्ड परीक्षा देने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वाहन रमियाबेहड़ स्थित गायत्री देवी इंटर कॉलेज के पास पहुंचा, सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बेलपुरवा निवासी 17 वर्षीय छात्र चंचल की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना तहसील



निघासन के ग्राम प्रसादीपूर्वा में हुई, जहां दो बसों की आमने-सामने भिड़ंत में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं के घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में एक वाहन चालक ने दम तोड़ दिया। हादसों की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग स्वयं जिला अस्पताल ओयल पहुंचे। उनके साथ एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने घायलों से मुलाकात कर चिकित्सकों से उपचार की प्रगति की जानकारी ली और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। सीएमएस ने बताया कि कुल 16 घायल अस्पताल पहुंचे, जिनमें 15 का इलाज जारी है। तीन गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम अन्य मरीजों का इलाज कर रही है। डीएम ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सूचना पर एसडीएम धौरहरा व एसडीएम निघासन मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी कर घायलों को तत्काल चिकित्सीय सहायता दिलाई। दोनों दुर्घटनाओं के संबंध में विधिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

# लाखों खर्च, पानी शून्यः रौतापुर में अधूरी टंकी से भड़का ग्रामीणों का गुस्सा

- अधूरी पड़ी पेयजल टंकी से ग्रामीणों में आक्रोश, जल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवार

**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड मितौली की ग्राम पंचायत रौतापुर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से बन रही ओवरहेड पानी की टंकी महीनों से अधूरी पड़ी है। लाखों रुपये की लागत से शुरू हुई यह परियोजना अब ठप हो चुकी है, जिससे गांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। टंकी का ढांचा तैयार होने के बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन और 'हर घर जल' योजना के तहत गांव में नियमित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। शुरुआत में काम तेज गति से चला, जिससे ग्रामीणों को उम्मीद जगी कि जल्द ही हर घर तक नल से पानी पहुंचेगा। लेकिन कुछ समय बाद निर्माण की रफ्तार धीमी पड़ गई और अब महीनों से काम पूरी तरह बंद है।

**ढांचा तैयार, लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं:** ग्रामीणों के अनुसार टंकी का मुख्य ढांचा बन चुका है, लेकिन पाइपलाइन बिछाने, मोटर संयोजन, विद्युत कनेक्शन और जल परीक्षण जैसे आवश्यक कार्य अब तक पूरे नहीं किए गए हैं। परिणामस्वरूप गांव के अधिकांश घरों तक नल से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। गांव की महिलाओं का कहना है कि उन्हें अब भी हैंडपंप या निजी बोरिंग से पानी लाना पड़ता है। कई बार हैंडपंप भी खराब हो जाते हैं, जिससे दूर-दराज के स्रोतों से पानी ढोना पड़ता है। बुजुर्गों और बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़



रहा है।

**निगरानी की कमी का आरोपः** स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किया गया, जिससे ठेकेदार मनमानी करता रहा। यदि समय-समय पर गुणवत्ता और प्रगति की जांच होती, तो यह स्थिति नहीं बनती। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद कार्य समयसीमा में पूरा न होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

**प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांगः** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए। साथ ही परियोजना में हुई देरी की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी ठेकेदार एवं संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के साथ जनप्रतिनिधियों के समक्ष विरोध दर्ज कराएंगे। फिलहाल रौतापुर में पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है। गांववासी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन जल्द संज्ञान लेकर अधूरी पड़ी टंकी को चालू कराएगा, ताकि हर घर तक स्वच्छ और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## खबरें एक नजर में

### एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, नेपाल तस्करी के लिए छिपाई गई 16 नग साल की लकड़ी बरामद



**पलिया कलां खीरी।** जनपद के पलिया तहसील क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध लकड़ी तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। दिनांक 22 फरवरी की रात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सूंडा की टीम ने गश्त के दौरान गांव ढकिया के पास जंगल में छिपाकर रखी गई 16 नग साल की लकड़ी की बलियां बरामद कीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उक्त लकड़ी को नेपाल सीमा पार तस्करी के लिए एकत्र किया गया था। जब्त की गई लकड़ी को विधिक कार्रवाई हेतु वन विभाग की वन चौकी छेदिया को सुपुर्द कर दिया गया है। यह कार्रवाई आर के राजेश्वरी कमांडेंट 39वीं वाहिनी के दिशा-निर्देश वं तिलक राज सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में की गई। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से गश्त और सघन निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

### दो वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने न्यायालय में किया हाजिर




**हलिया (मिर्जापुर)।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गाँवो देवरी व परसिया खुर्द पाण्डेय गांव से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर ग्राम न्यायालय में हाजिर कर दिया है। मारपीट के मामले में ग्राम न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद ग्राम न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर देवरी गांव निवासी वारंटी रामसागर व परसिया खुर्द गांव निवासी हीरा को एसआई हंसराज यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, योगेंद्र यादव ने गिरफ्तार कर ग्राम न्यायालय में हाजिर कर दिया।थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में दो अलग-अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर ग्राम न्यायालय भेजा गया है ।

### त्यौहार में खलल डालने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाईः थानाध्यक्ष



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को आगामी होली और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। इस बैठक में दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफ्वाह या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी इस बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई शांति व्यवस्था होली और ईद के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी सामाजिक सौहार्द दोनों समुदायों के बीच सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की गई। अफ्वाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई । इस दौरान एसआई श्यामलाल, महेंद्र प्रताप यादव, शिवजी यादव, संदीप सिंह, धर्मेंद्र दुबे, शशिकांत पटेल, पेस इमाम अब्दुल क्यूम,रशीद, रहिस, जिलानी, ताजियादार चंदू, आबिद, हुसैनी,हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति टीम ने गड़बड़ा धाम में चौपाल लगाकर हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गड़बड़ा धाम में सोमवार को मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया है ।मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल राजेश मौर्या व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरो की जानकारी देकर छात्राओ को जागरूक किया है जिसमें पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112,महिला हेल्पलाइन नंबर 1090,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,एम्बुलेंस हेल्पलाइन 108,अग्नि शमन हेल्पलाइन 101,आशा ज्योति केंद्र हेल्पलाइन नंबर व महिलाओ के लिए बनाये गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया किया मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र के दो स्थानों पर चौपाल लगाकर शासन द्वारा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, दो की हालत गंभीर, रेफर



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के हथेड़ा गांव में सोमवार की सुबह दो बाइको की भिड़ंत होने से दोनों बाइक चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस कर्मियों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों बाइक के चालकों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी 35 वर्षीय राजन सिंह गुर्जर अपने साथ 17 वर्षीय रविता के साथ परीक्षा दिलाने के लिए परीक्षा केंद्र भटवारी गांव जा रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग हथेड़ा गांव में पहुँचे की जिगना थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी 19 वर्षीय मनोज कुमार सिंह के बाइक से भिड़ंत होने से बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस कर्मियों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने मनोज कुमार सिंह व राजन सिंह की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। वहीं घायल रविता को हल्की चोट लगने से उपचार के बाद परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पर चली गई दोनों घायलों के परिजनों द्वारा ट्रामा सेंटर मिर्जापुर लेकर चले गए है हादसे में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

# फरधान में हत्याकांडः चारों आरोपी गिरफ्तार, पुलिस सुरक्षा में हुआ अंतिम संस्कार

- गिरफ्तारी के बाद माने परिजन, पुलिस सुरक्षा में शाम को हुआ अंतिम संस्कार
- पुरानी रंजिश में बांके से हमला, इलाज के दौरान हुई मौत
- आरोपियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई के आश्वासन पर समाप्त हुआ गतिरोध

**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

फरधान थाना क्षेत्र के खेतौसा गांव में 20 वर्षीय युवक मीर कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नाराज परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और सोमवार शाम करीब पांच बजे पुलिस सुरक्षा में अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।

बताया जाता है कि शनिवार रात खेतौसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो



गया था। आरोप है कि एक पक्ष ने बांके से वार कर मीर कुमार पुत्र राजाराम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल मीर कुमार करीब दो घंटे तक घटनास्थल पर पड़ा रहा। सूचना मिलने पर डायल 112 और फरधान थाना प्रभारी दिलीप चौबे मौके पर पहुंचे और उसे ओयल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां शांति देवी की तहरीर पर चार सगे भाइयों—कमलेश कुमार, रामू, चेतराम और जोगेंद्र—के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रारंभ में कमलेश कुमार को हिरासत में लिया था, जिसे मारपीट में चोट लगने के कारण जिला अस्पताल में पुलिस निगरानी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। रविवार दोपहर शव घर पहुंचने पर परिजनों ने चारों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने देर शाम तक परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। सोमवार को सीओ सिटी विवेक तिवारी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को निष्पक्ष व सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। दोपहर बाद पुलिस ने अन्य तीन आरोपी चेतराम, रामू और जोगेंद्र कुमार।को भी गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे ने बताया कि सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।

# गैस चूल्हे से लगी आग, दुकान-झोपड़ी जलकर राख

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा थाना क्षेत्र के कस्बा बिजुआ में रविवार शाम करीब 7:30 बजे गैस चूल्हे से लगी आग में बिल्डिंग सामग्री की एक दुकान और उसके पीछे बनी झोपड़ी जलकर राख हो गई। हादसे में 45 वर्षीय दुकानदार राजेंद्र पुत्र मैकू मामूली रूप से झुलस गए।

बताया जाता है कि राजेंद्र पिछले 15-16 वर्षों से वोडाफोन टावर के पास दुकान चला रहे थे और वहीं झोपड़ी में रहते थे। खाना बनाते समय अचानक आग भड़क गई, जिसने देखते ही देखते दुकान और झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आग से घरेलू सामान, मोबाइल और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका उपचार किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण गैस चूल्हे से खाना बनाते समय लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार को आर्थिक



सहायता दिलाने की मांग की है।

# मैलानी में 26वें वर्ष निकली बाबा श्याम की शोभा यात्रा, जयकारों से गूंजा नगर

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

फाल्गुन मास के पावन अवसर पर श्रद्धा और आस्था के प्रतीक श्री खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा शनिवार को नगर में धूमधाम और उत्साह के साथ निकाली गई। 26 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभा यात्रा का शुभारंभ प्राचीन शिव मंदिर से हुआ। यात्रा चमन चौराहा, मैलानी तिराहा होते हुए पुनः शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भक्तजन हाथों में निशान लिए, भजन-कीर्तन करते हुए और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों



पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। नगर में जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए थे और शीतल पेय व प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी तथा जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर ने शोभा यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने बाबा श्याम से नगरवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में गोला विधायक अमन गिरी, मैलानी व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा उर्फ राजा भैया सहित गणमान्य नागरिक और श्याम भक्त उपस्थित रहे। शोभा यात्रा शांतिपूर्ण और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुई, जिससे पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

# कथित धर्म परिवर्तन प्रकरण पर सख्त कार्रवाई, मुख्य आरोपी पहुंचा जेल

**मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में कथित धर्म परिवर्तन से जुड़े प्रकरण ने तूल पकड़ते ही पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

जानकारी के अनुसार, कथित धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में स्थानीय कोतवाली में लिखित तहरीर दी गई थी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। घटना की सूचना फैलते ही विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए और कड़ी



कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरती और माहौल को नियंत्रण में रखा।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच में यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है तथा अफवाहों पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें और शांति बनाए रखें।

# प्राथमिक विद्यालय का गिरा गेट, दो बच्चे जख्मी, एक रेफर

- अभिभावको ने खंड शिक्षा अधिकारी पर लापरवाही का लगाया आरोप
- खंड शिक्षा कार्यालय के पास हुआ हादसा

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ददरा का मेंन गेट टूट कर गिरने से गेट के पास खेल रहे बालक तथा एक बालिका जख्मी हो गए। परिजनों द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया गया। विकास खंड के ददरा गांव में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय ददरा तथा आंगनबाड़ी केंद्र एक ही परिसर में स्थित है। परिसर में एक ही गेट लगाया गया है।जिससे होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी अध्यापक तथा बच्चे परिसर में प्रवेश करते हैं। सोमवार की सुबह ददरा गांव निवासी महेंद्र का चार वर्षीय पुत्र शिवांश तथा अजय की 3 वर्षीय पुत्री नैना आंगनबाड़ी केंद्र ददरा में पढ़ने के लिए गई थी। विद्यालय के गेट के पास ही दोनों खेल रहे थे। विद्यालय का गेट अचानक टूट कर गिर गया। जिससे गेट के पास खेल रहे शिवांश तथा नैना गेट के नीचे दबाने से जख्मी हो गए। गेट के नीचे घायल अवस्था में दबे दोनों बच्चों को स्कूल के स्टाफद्वारा बाहर निकाल कर उन्हें घर भेज दिया गया।रोते बिलखते दोनों बच्चे घायल अवस्था में अपने अपने घर पहुंचे। परिजनों द्वारा उन्हें सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया। जहां प्रथमिम उपचार के बाद शिवांश की हालत गंभीर देख चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल सोनभद्र भेज दिया गया तथा नैना की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। घटना से आक्रोशित परिजन विद्यालय पर पहुंच कर अध्यापकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव इसी गेट से आते जाते है, परन्तु महीनों से जर्जर अवस्था मे पड़े गेट पर ध्यान नही दिए। जिससे जाहिर होता है कि खंड शिक्षा अधिकारी बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।कार्यालय के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है,तो अन्य विद्यालयों की क्या स्थिति होगी। लापरवाही की हद तो तब हो गई की खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप बने शौचालय के तीन गड्ढे खुले हुए थे। प्राथमिक विद्यालयों पर फर्स्ट एड बॉक्स रखने के लिए सरकार की ओर से निर्देश दिया गया है। परंतु चोट लगने के बाद बच्चों को प्रथम उवचार के बजाय उसी हाल में घर भेज दिया गया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने बताया कि स्कूल का गेट गिरने से दो बच्चे घायल हो गए हैं। दोनों का उपचार कराया गया है। गेट जर्जर हो चुका था और अचानक गिर गया ।

# आयुक्त विंध्याचल मंडल ने तहसील व ब्लाक का किया वार्षिक निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

तहसील व विकास खंड कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे आयुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश ने लंबित मुकदमों और निर्माण कार्यो की सुस्त रफ्तार में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने तीन से पांच वर्ष से लंबित राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के भी निर्देश दिए।कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी ।

लालगंज तहसील सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त ने कहा कि पुराने मामलों का समयबद्ध निस्तारण नहीं होने से आमजन को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है।



सभी प्रकरणों की सूची तैयार कर नियमित समीक्षा की जाए। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।निरीक्षण में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं और लंबित भुगतानों की भी पड़ताल की गई। आयुक्त ने निर्देश दिया कि जिन कर्मियों का भुगतान लंबित है। उसे शीघ्र निपटाया जाए ताकि कार्यालयी कार्य प्रभावित न हों।इसके बाद उन्होंने विकास खंड परिसर का निरीक्षण किया। परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लगाए गए पौधों की देखरेख सुनिश्चित करने को कहा। नवनिर्मित व निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता जांचते हुए कार्यदायी संस्था को समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।तहसील परिसर में बन रहे आवासीय भवन के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में कार्य पूरा न होने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, आईएएस अंशुल हिंदल, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या आर्यन यादव, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश कुमार,पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, एडीओ पंचायत अजय शंकर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।